

हिन्दी दैनिक

पटना (बिहार) तथा लुधियाना (पंजाब) से एक साथ प्रकाशित

# रोजनामा इन्डो गल्फ



www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना, गुरूवार | 06 मार्च 2025 | वर्ष : 03 अंक : 63 | पृष्ठ - 12 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण


## केदारनाथ और हेमकुंड साहिब रोप-वे प्रोजेक्ट्स को मोदी सरकार की मंजूरी, जानें कितना होगा खर्च

केदारनाथ रोपवे परियोजना के बारे में जानकारी देते हुए वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम – पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना के विकास को मंजूरी दे दी है।

**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 6,800 करोड़ रुपये से अधिक की संयुक्त लागत के साथ केदारनाथ और हेमकुंड साहिब की दो रोपवे परियोजनाओं को मंजूरी दी। कैबिनेट के फैसलों के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए वैष्णव ने कहा कि 12.9 किलोमीटर लंबी केदारनाथ रोपवे परियोजना की लागत 4,081 करोड़ रुपये से अधिक होगी, जबकि 12.4 किलोमीटर लंबी हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजना की लागत 2,730 करोड़ रुपये होगी। दोनों परियोजनाएं पर्वतमाला परियोजना का हिस्सा होंगी।केदारनाथ रोपवे परियोजना के बारे में जानकारी देते हुए वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम- पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना के विकास को मंजूरी दे दी है। परियोजना की कुल लागत



4,081.28 करोड़ रुपये होगी। परियोजनाओं से यात्रा काफी कम होकर 36 मिनट रह जाएगी। अभी केदारनाथ पहुंचने में 8 से 9 घंटे का समय लगता है। परियोजना का विवरण देते हुए वैष्णव ने कहा कि प्रत्येक गंडोला की क्षमता 36 लोगों की होगी। यह प्रोजेक्ट ऑस्ट्रिया और फ्रांस के विशेषज्ञों की मदद से पूरा किया जाएगा। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि 3,583 मीटर की ऊंचाई पर स्थित 12 पवित्र ज्योतिलिंगों में से एक, केदारनाथ मंदिर की यात्रा गौरीकुंड से 16 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और वर्तमान में इसे पैदल या टट्टू, पालकी और हेलीकॉप्टर द्वारा कवर किया जाता है। प्रस्तावित रोपवे की योजना मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों को सुविधा प्रदान करने और सोनप्रयाग और केदारनाथ के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई है। यह मंदिर साल में अक्षय तृतीया (अप्रैल-मई) से दिवाली (अक्टूबर-नवंबर) तक लगभग 6 से 7 महीने तीर्थयात्रियों के लिए खुला रहता है, और सीजन के दौरान सालाना लगभग 20 लाख तीर्थयात्री यहां आते हैं।

केदारनाथ रोपवे परियोजना के बारे में जानकारी देते हुए वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम- पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना के विकास को मंजूरी दे दी है। परियोजना की कुल लागत 4,081.28 करोड़ रुपये होगी।

### ब्रीफ न्यूज

## मशहूर सिंगर कल्पना राघवेंद्र ने की आत्महत्या की कोशिश, खाई नींद की गोलियां; हालत स्थिर



**एजेंसी**

**दिल्ली:** साउथ फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर प्लेबैक सिंगर कल्पना राघवेंद्र ने आत्महत्या करने की कोशिश की है। गायिका ने मंगलवार देर रात नींद की गोलियां खाकर अपनी जान लेने की कोशिश की। फिलहाल हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, हालांकि अब तक इस बात का खुलासा नहीं हुआ है कि कल्पना ने यह कदम क्यों उठाया।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी सिक्योरिटी को तब शक हुआ जब कई दिनों तक उनके घर का दरवाजा नहीं खुला। इसकी जानकारी सिक्योरिटी ने एसोसिएशन के मेंबर्स को दी।इसके बाद रेजिडेंट्स एसोसिएशन ने पुलिस को इस मामले की सूचना दी। जब पुलिस दरवाजा तोड़कर कल्पना के घर पहुंची, तो उन्हें कल्पना बेहोशी की हालत में मिली, जिसके बाद उन्हें हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक, कल्पना की हालत अब स्थिर है,

## युवाओं के लिए रोजगार पैदा कर सकता पर्यटन: पीएम मोदी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** बजट के बाद रोजगार पर वेब गोष्ठी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि लोगों में और नवाचार आधारित विषयों में निवेश करना विकसित भारत की रूपरेखा को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि बजट 2025-26 में विकसित भारत का खाका सामने आया है। इसमें बुनियादी ढांचे और कौशल विकास को समान महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन युवाओं के लिए रोजगार पैदा कर सकता है।इस क्षेत्र को बुनियादी ढांचे का दर्जा मिलने से जीडीपी में इसकी हिस्सेदारी बढ़ेगी। हमें प्रतिभा को बढ़ावा देने, कौशल विकास और नवाचार जैसे क्षेत्रों में अधिक निवेश करने की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एआई शोध के लिए एक राष्ट्रीय लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) स्थापित करेगा और इस क्षेत्र में निवेश के लिए कहा जाएगा। रोजगार सृजन को महत्व देते हुए सरकार ने 2014 से अब तक तीन करोड़ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि हमने इस बजट में 10 हजार अतिरिक्त मेडिकल सीटों की घोषणा की है। हम अगले 5 सालों में मेडिकल लाइन में 75 हजार सीटें जोड़ने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में टेली-मेडिसिन सुविधा का विस्तार हो रहा है। डे-केयर कैंसर सेंटर और डिजिटल स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचा के जरिए हम गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को लास्ट माइल तक पहुंचाना चाहते हैं।मोदी ने कहा कि इस बजट में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। देश भर में पर्यटन के लिए 50 गंतव्य पर फोकस करते हुए विकसित किया जाएगा। इन गंतव्य में होटलों को आधारभूत संरचना का दर्जा दिए जाने से पर्यटन में आसानी बढ़ेगा, स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

## स्लम इलाकों के लोगों से मिलेंगी दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता, बजट को लेकर करेंगी बात



**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** बजट को लेकर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता सरकार लगातार लोगों से राय ले रही है। इसी कड़ी में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि मैं स्लम इलाकों में जाकर बहनों और परिवारों से मिलूंगी, इस सरकार से उनकी क्या उम्मीदें हैं, इस बारे में उनसे बात करूंगी। युवाओं और अलग-अलग सेक्टर के प्रोफेशनल्स से चर्चा की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली का बजट लोगों की उम्मीदों को पूरा करेगा। हमने अपने घोषणा पत्र में जो भी वादे किए हैं, उन्हें पूरा करेंगे, चाहे वह सभी महिलाओं को रुपये देने की योजना हो या सिलेंडर। सीएम ने साफ तौर पर कहा कि किसी को हमें यह याद दिलाने की जरूरत नहीं है कि हमारा एजेंडा चलेगा, उनका (आप) नहीं। दिल्ली सरकार 24 से 26 मार्च के बीच विधानसभा में 2025-26 के लिए ह्यविकसित दिल्लीह्ल बजट पेश करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, ह्यह्यइसे जनता का बजट बनाने के लिए हम पांच मार्च को विधानसभा परिसर में विभिन्न महिला संगठनों के प्रतिनिधियों से मिलेंगे। इसके अलावा, हम छह मार्च को शिक्षा क्षेत्र के हितधारकों और व्यापारियों के साथ चर्चा करेंगे।उन्होंने एक ईमेल आईडी और एक व्हाट्सऐप नंबर भी साझा किया।

## किसानों का 'हल्ला बोल': आज चंडीगढ़ की तरफ करेंगे कूच; पुलिस ने पंजाब बॉर्डर किया सील, 1500 जवान तैनात

**एजेंसी**

पंजाब : पंजाब के किसान मांगों को लेकर 'भगवंत सरकार' के खिलाफ लामबंद हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (रङट) बुधवार (5 मार्च) से चंडीगढ़ में पक्का मोर्चा लगाएगा। किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में सवार होकर चंडीगढ़ की तरफ कूच करेंगे। सेक्टर-34 में मोर्चा लगाने की तैयारी है। किसान नेता जोगिंदर सिंह उगराहां ने वीडियो जारी कर कहा कि कूच के दौरान जहां पुलिस रोके, वहीं सड़क किनारे खाली जगह पर बैठ जाएं। हमारा उद्देश्य टकराना नहीं है। पुलिस ने पंजाब बॉर्डर सील कर दिया है। 1500 जवान तैनात किए हैं। लोगों को 12 सड़कों से न गुजरने की सलाह दी है।दी हैं। मोहाली के बॉर्डर पर नाका लगाया है। यहां से पंजाब की ओर से आने वाले किसानों को




रोकने की तैयारी है। पुलिस ने 1500 कर्मी तैनात किए हैं। साथ ही रिजर्व फोर्स तैनात करने की भी तैयारी है। इससे पहले, चंडीगढ़ पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की थी, जिसमें लोगों को 12 सड़कों से न गुजरने की सलाह दी है।सीएम के साथ हुई बैठक बेनतीजा रङट ने सभी राज्यों की राजधानियों में 5 मार्च को पक्का मोर्चा लगाने का ऐलान किया था। इसी के तहत पंजाब के किसानों ने चंडीगढ़ में मोर्चा लगाने की घोषणा की। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने किसान नेताओं को 3 मार्च को बैठक के लिए आमंत्रित किया था। चंडीगढ़ के पंजाब भवन में किसानों की मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से मीटिंग हुई थी। हालांकि, बैठक बेनतीजा रही। मीटिंग के दौरान हुई बहस के बाद भगवंत मान उठ कर चले गए, जिस पर किसानों ने नाराजगी जताई है। कई किसान नेताओं को किया गिरफ्तारकिसानों ने मंगलवार को इसे लेकर एक मीटिंग रखी थी। मीटिंग से पहले ही किसानों पर पुलिस ने कार्रवाई कर दी। इसके बाद किसानों ने घोषणा की कि वे चंडीगढ़ में मोर्चा लगाएंगे।

## जब कदम रख दे लेने बानी, तब पीछे ना हटब, बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर बोले पवन सिंह

**एजेंसी**

पटना: भोजपुरी फिल्म अभिनेता और गायक पवन सिंह बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। जमशेदपुर में पवन सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के बाद अब वह बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। जब पवन सिंह से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) से चुनाव लड़ने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह तो समय बताएगा, फिलहाल वह कुछ भी स्पष्ट तौर पर नहीं कह सकते। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी जीत से ज्यादा चर्चा उनकी हार की हो रही है। पवन सिंह ने यह बयान मंगलवार को



झारखंड के जमशेदपुर में एक फिल्म के प्रमोशन के दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिया। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने भी रोहतास से चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। सिंह ने भोजपुरी में कहा, लड़ेंगे ना भैया, जब कदम रख दे लेने बानी, तब पीछे ना हटब।ह्लह्ल साल 2024 में संपन्न लोकसभा चुनाव के दौरान पवन सिंह ने बिहार के काराकाट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा था। तब वह भाकपा माले उम्मीदवार राजा राम सिंह से पराजित हो गए थे।पूर्व में सिंह भाजपा में थे। पार्टी ने उन्हें पश्चिम बंगाल के आसनसोल लोकसभा सीट से मैदान में उतारा था, जिसे उन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए अस्वीकार कर दिया था।

## आशा कार्यकर्ता अपना विरोध प्रदर्शन तेज करेंगी, केरल की सभी महिलाओं से साथ आने का आह्वान

**एजेंसी**

**केरल:** मानदेय और सेवानिवृत्ति लाभों में बढ़ोतरी की मांग को लेकर लगातार 24 दिनों से सचिवालय के बाहर प्रदर्शन कर रहीं ह्यआशाह्ल (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) के एक वर्ग ने बुधवार को कहा कि वे राज्य की सभी महिलाओं को अपने साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित कर अपने आंदोलन को तेज करेंगी।उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि वे आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य की सभी महिलाओं को अपने साथ शामिल होने



के लिए आमंत्रित करने का इरादा रखती हैं।उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इस बात से कोई लेना देना नहीं है कि उनकी दुर्दशा के लिए केंद्र या राज्य सरकार में से कौन जिम्मेदार है। उन्होंने कहा, दोनों (केंद्र एवं राज्य सरकार) समान रूप से जिम्मेदार हैं और उन्हें एक साथ बैठकर समाधान निकालना होगा। हमारा मुद्दा यह है कि हम 232 रुपये प्रतिदिन पर काम करके जीवित नहीं रह सकते। अभी हम यह बात केवल राज्य सरकार से ही कह सकते हैं।प्रदर्शनकारी आशा कार्यकताओं में से एक ने संवाददाताओं से कहा, ह्यह्यजब हमें समय मिलेगा, तो हम केंद्र को भी बताएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि वे राज्य सरकार के लिए काम करती हैं, इसलिए उसे उनकी मांगों को पूरा करने की पहल करनी चाहिए।

## यूपी विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटखा पर लगा बैन, स्पीकर ने कहा- अब खाया तो...



**एजेंसी**

**उत्तर प्रदेश:** यूपी विधानसभा में पान-मसाला थूकने की घटना के एक दिन बाद, सदन के अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटखा पर बैन लगा दिया है। साथ ही एक हजार जुमार्ने का भी प्रावधान रखा गया है। सतीश महाना ने कहा कि विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटका का सेवन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाता है। यदि कोई भी व्यक्ति विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटका का सेवन करता है, तो उन पर 1000 रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा और उनके खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।इससे पहले मंगलवार को स्पीकर सतीश महाना उस समय क्रोधित हो गए जब उन्होंने देखा कि विधानसभा के मुख्य द्वार पर किसी ने थूक दिया था। महाना ने जहां विधानसभा कर्मचारियों को दाग साफ कराने का आदेश दिया, वहीं उन्होंने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया। महाना ने कहा कि सुबह मुझे सूचना मिली कि हमारी विधान सभा के इस कक्ष में किसी सदस्य ने पान मसाला खाकर थूक दिया है। इसलिए, मैं यहां आया और इसे बोल रहा। मैंने विधायक को वीडियो में देखा है। लेकिन मैं किसी भी व्यक्ति को अपमानित नहीं करना चाहता। इसलिए मैं उनका नाम नहीं ले रहा हूं।महाना ने साफ तौर पर कहा कि मैं सभी सदस्यों से आग्रह करता हूं कि अगर वे किसी को ऐसा करते हुए देखें तो उन्हें रोकें।

## 2 अप्रैल से 'जैसा को तैसा' टैरिफ: डोनाल्ड ट्रम्प बोले-हर देश ने अमेरिका को लूटा; अब ऐसा नहीं होने देंगे

**एजेंसी**

नई दिल्ली: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार (5 मार्च) को बड़ा ऐलान किया है। अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र में ट्रम्प ने 'जैसा को तैसा' टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। ट्रम्प ने कहा-भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ 2 अप्रैल 2025 से लागू होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- भारत हमसे 100% से ज्यादा टैरिफ वसूलता है। हम भी अगले महीने से ऐसा ही करने जा रहे हैं। हर देश ने अमेरिका को कई दशक से लूटा। अब हमारी बारी। हम अब ऐसा और नहीं होने देंगे। ट्रम्प ने यह भी कहा कि 2 अप्रैल से अमेरिका आने वाले विदेशी कृषि उत्पादों पर नया टैरिफ लागू होगा। टैरिफ से ट्रिलियन डॉलर की आमदनी




होगी और अप्रत्याशित नौकरियां पैदा होंगी। शुरूआत में थोड़ा एडजस्टमेंट पीरियड हो सकता है, लेकिन किसानों के लिए यह जबरदस्त मौका होगा। ट्रम्प ने कहा कि विदेशी एल्युमिनियम, कॉपर, लंबर और स्टील पर 25% टैरिफ लगाया है। ये टैरिफ सिर्फ अमेरिकी नौकरियों की सुरक्षा के लिए नहीं हैं। ये हमारे देश की आत्मा की रक्षा करने के लिए हैं। ट्रम्प ने मेक्सिको और कनाडा पर आरोप लगाया कि उन्होंने अमेरिका में रिकॉर्ड स्तर पर फेंटानाइल आने दिया, जिससे हजारों अमेरिकी मारे गए। हम कनाडा और मेक्सिको को सब्सिडी देते हैं... लेकिन अब और नहीं देंगे। 'मैं किसानों से प्यार करता हूं' अमेरिका राष्ट्रपति ने कहा कि हम नई ट्रेड पॉलिसी लाएंगे जो अमेरिकी किसानों के लिए शानदार होगी। मैं किसानों से प्यार करता हूं। गंदा और घटिया विदेशी सामान अमेरिका में आ रहा है, जो अमेरिकी किसानों को नुकसान पहुंचा रहा है।ट्रम्प ने कहा कि दूसरे देश अमेरिका पर भारी टैक्स और टैरिफ लगाते हैं, जबकि अमेरिका उन पर बहुत कम लगाता है। यह बहुत अन्यायपूर्ण है। दूसरे देश दशकों से हम पर टैरिफ लगाते आ रहे हैं, अब हमारी बारी है। ट्रम्प ने कहा कि 2 अप्रैल से अमेरिका में ह्यरिसिप्रोकल टैरिफह्ल लागू होगा।

# शफी अहमद बने कांग्रेस अल्पसंक सेल के जिला अध्यक्ष



मोहम्मद सदरे आलम नौमानी

**सीतामढ़ी:** शफी अहमद उर्फ फूल बाबू ग्राम गोट हरपुरवा प्रखंड बाजपट्टी को काग्रेस अल्पसंख्यक सेल का जिला अध्यक्ष बनाया गया है वह इस से पूर्व भी इस पद पर रह चुके हैंवह समाज सेवा एवं पार्टी को मजबूत बनाने का काम तभी से करते हुए चले आ रहे हैं फूल बाबू के अध्यक्ष बनाए जाने से जिला के बहुत से लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा की फूल बाबू को अध्यक्ष बनाए जाने से पार्टी और मजबूत होगी , मो0 तनवीर अहमद ने कहा है कि शफी अहमद उर्फ फूल बाबू को कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक विभाग का जिला अध्यक्ष बड़ी खुशी की बात है। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह एवं कांग्रेस अल्पसंख्यक सेल के राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर एवं बिहार के इंचार्ज मोहम्मद शमीम खान को मुबारक बाद देते हुए तहेदिल से उनका आभार व्यक्त करता है, हमें पूर्ण विश्वास है कि वे अपने नए दायित्व को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाते हुए पार्टी को और अधिक मजबूत करेंगे। शाफी अहमद को मुबारक बाद देने वालों में अमित कुमार टुन्ना पूर्व विधायक रीगा, शम्स शाहनवाज, ताराकांत झा, बिपिन कुमार झा, राजीव कुमार काजू, एम आई आदिल समेत दर्जनों लोग शामिल हैं

# बिहार की एनडीए सरकार का यह बजट विकास और जनकल्याण है : अनिकेत



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 संकल्प को साकार करने में बड़ा योगदान देने वाला है यह बजट। इस बजट को भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिकेत कुमार अंशु ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकासशील विचार और प्रधानमंत्री सबका साथ सबका विकास का विजन दिखता है और यह बजट इसका स्पष्ट प्रमाण है। इस बजट से गरीबों, किसान, व्यापारी वर्ग, विद्यार्थी, युवाओं एवं महिलाओं के हितों की रक्षा होगी।

# भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल पहुंचे जेपी आवास, लोकनायक की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल महापुरुषों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि
- महापुरुषों के दिखाए रास्ते पर चलकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा : डॉ. दिलीप जायसवाल
- महापुरुषों के जीवन के आदर्शों से सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है : डॉ. दिलीप जायसवाल
- पीएम नरेंद्र मोदी का 'सबका साथ, सबका विकास' की मूल अवधारणा में महापुरुषों के सपने को पूरा करने का संकल्प है : डॉ. दिलीप जायसवाल
- आज हमसभी को इन महापुरुषों से सीखने की जरूरत : डॉ. दिलीप जायसवाल



पटना, 5 मार्च। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल प्रदेश भाजपा की कमान संभालने के बाद आज विभिन्न महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल आज पटना स्थित जेपी आवास पहुंचे और लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की मूर्ति पर पुष्प अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस क्रम में उनके विचारों और कार्यों को याद किया। भाजपा अध्यक्ष इस दौरान उनकी उपयोग की गई वस्तुओं का अवलोकन किया तथा आवास पर अकेले में कुछ समय गुजारा।उन्होंने कहा कि वे अपने संपूर्ण अध्यक्षकाल में महापुरुषों के दिखाए रास्ते पर चलकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। जेपी ने बिहार की ही नहीं, देश की राजनीति को नया आयाम दिया। उन्होंने जहां लोकतंत्र पर किए गए कुठाराघात आपातकाल को लेकर इस बिहार की धरती से ऐसे आंदोलन का सूत्रपात किया, जिसकी गूंज पूरे देश में गूंजी।इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल हाई कोर्ट गए, जहां डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वे किदवईपुरी पहुंचे, जहां उन्होंने स्वामी सहजानंद सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। वे इको पार्क के सामने भारतरत्न कपूर्री ठाकुर की मूर्ति पर भी श्रद्धासुमन अर्पित किए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि हमें महापुरुषों व संतों के दिखाए मार्ग पर चलते हुए लोगों की भलाई के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें महापुरुषों से जुड़ी जयंती और उनकी पुण्यतिथि भी मनानी चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियां भी उनके विषय और समाज के प्रति उनके योगदान को जान सकें।डॉ. जायसवाल ने आगे कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का 'सबका साथ, सबका विकास' की मूल अवधारणा में महापुरुषों के सपने को पूरा करने का संकल्प है। आज भाजपा उन महापुरुषों और स्वतंत्रता सेनानियों के इतिहास के पन्नों से बाहर ला रही है, जिन्हें पूर्ववर्ती सरकारों ने भुला दिया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सभी समाज, वर्ग और सभी संप्रदाय को साथ लेकर आगे बढ़ रही है, यही इन महापुरुषों की भारत को लेकर कल्पना थी।उन्होंने कहा कि आज बिहार प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्षीय काल की शुरूआत की है। उन्होंने कहा महापुरुषों के जीवन के आदर्शों से सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। जब आप महापुरुषों के पास आकर किसी नए काल की शुरूआत करते हैं तो उनके द्वारा किए गए कार्यों को उतारने का प्रयास कर सकूं, यह भगवान से प्रार्थना की है।ये महापुरुष सामाजिक क्रांति लाने का काम किया है। समाज के वंचित दुखियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। और विशेषकर महिलाओं, युवकों, किसानों के लिए उन्होंने चिंता की है।उन्होंने कहा, "भगवान से प्रार्थना है कि जो इन महापुरुषों से सीखने का अवसर मिला है, उसे मैं धरातल पर उतारने का प्रयास करूं। आज राजनीति आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित हो गई है। हम सभी को आज इन महापुरुषों से सीखने की जरूरत है।इस दौरान पटना जिला संगठन के कार्यकताओं ने भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल का जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने भी सभी कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार किया। इस मौके पर बिहार सरकार के मंत्री मोती लाल प्रसाद विधायक अरुण सिन्हा,विधायक संजीव चौरसिया प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित प्रकाश बबलू ,सूरज पांडेय , पटना महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार, महामंत्री मनोज सिंह,अजीत लाली,पंकज गुड्डू,अशोक विद्यार्थी,सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मदरसा बोर्ड का वर्तमान फरमान शिक्षकों को मानसिक प्रताड़ना देने का एक बड़ा जरिया बन गया है

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**पटना:** मदरसा बोर्ड का वर्तमान फरमान शिक्षकों को मानसिक प्रताड़ना देने का एक बड़ा जरिया बन गया है। इसी संबंध में अंजुमन खुद्दाम-ए-मिल्लत बिहार के निदेशक ने संवाददाता के एक मदरसा बोर्ड के प्रश्न के जवाब में कहा कि यह आदेश शिक्षकों पर मानसिक हमला है और उनके सुकून को छीनने के बराबर है। मौजूदा नाज़िम-ए-इम्तिहानात (परीक्षा नियंत्रक) अच्छी तरह समझते हैं कि रमजान के दौरान शिक्षक तरावीह और इबादत में व्यस्त रहते हैं, साथ ही मदरसों की सेवाएं भी निभाते हैं।अफसोस की बात यह है कि बिहार स्टेट मदरसा एजुकेशन बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक का सेवानिवृत्ति से पहले काम बहुत अच्छा था, लेकिन अब पदोन्नति के बाद यह फैसला उलझन पैदा करने वाला है। इस समय कई लोग सफर में हैं, इसलिए उनका भी ख्याल रखा जाना चाहिए।दूसरी ओर, टीम एम डीओ के महासचिव ने व्हाट्सएप संदेश के माध्यम से बोर्ड के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि मदरसा बोर्ड के "हिटलरी फरमान" हमेशा से शिक्षकों के लिए तकलीफदेह और परेशान करने वाले रहे हैं। इसके लिए स्वयं शिक्षक भी ज़िम्मेदार हैं, क्योंकि वे हर सही-गलत आदेश को मानने के आदी हो चुके हैं। ऐसा लगता है कि गुलामी हमारी रग-रग में बस चुकी है।उन्होंने आगे कहा कि यदि अब भी शिक्षक नहीं जागे, तो हमेशा दूसरों की चापलूसी करते रहना पड़ेगा। हर साल रमजान में अपनी छुट्टियां खराब करिए और रोजा रखकर अधिकारियों को खुश करते रहिए, ताकि कॉपी जांच के दौरान आप भी "साहब" बन जाएं और फिर आगे चलकर "हिटलर" बनें।उन्होंने आह्वान किया है कि ऐसी चापलूसी बंद करें और इस तरह के आदेशों का बहिष्कार करें। तय कार्यक्रम के अनुसार, ईद के बाद ही मार्क्स फोलियो जमा करें। अगर कोई शिक्षक चापलूसी करके इसे पहले जमा करता है, तो यकीन मानिए वह शिक्षकों का दुश्मन है और ऐसे शिक्षकों का भी बहिष्कार किया जाना चाहिए।

# मशरक में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत ,एक घायल

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक थाना क्षेत्र के एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर लखनपुर गोलम्बर के पास अनियंत्रित तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, वहीं एक घायल हो गया। मृतक की पहचान मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के नेहरू टोला गांव निवासी धर्मनाथ साह का 18 वर्षीय पुत्र निहाल कुमार और घायल गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के उसरी गांव निवासी कृष्णा कुमार के रूप में हुई।घटना के बारे में बताया गया कि बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी से वापस आ रहा था कि अनियंत्रित तेज रफ्तार के वाहन ने टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में मातम छा गया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और कागजी कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया।






# चिराग पासवान ने बाबा महाकाल के दिव्य दर्शन कर समस्त देशवासियों के सुख शांति और समृद्धि की मंगलकामना की

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने आज प्रातःकाल सपरिवार मध्यप्रदेश के उज्जैन में द्वादश ज्योतिर्लिंग में से एक बाबा महाकाल के दिव्य दर्शन कर समस्त देशवासियों के सुख शांति और समृद्धि की मंगलकामना की।

पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि श्री चिराग के साथ उनके मां,दीदी, भांजा, भांजी तथा जीजा व जमुई सांसद अरुण भारती भी मौजूद थे



# सोनी सब का वीर हनुमानः एक भव्य महागाथा की प्रस्तुति

- हनुमान के बाल्यकाल का भावपूर्ण चित्रण, एक प्रेरणादायक गाथा जो साहस और निःस्वार्थता का संदेश देती है, 11 मार्च से हर सोमवार से शनिवार, रात 7:30 बजे

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मुंबई, सोनी सब दर्शकों के लिए भगवान हनुमान के जीवन पर आधारित एक अनोखी प्रस्तुति लेकर आ रहा है झ "वीर हनुमान", जिसमें युवा मारुति के कम ज्ञात सफर को दशार्या गया है। यह शो दिखाएगा कि कैसे वे अपने सच्चे उद्देश्य की खोज करते हैं और अपने दिव्य भविष्य के लिए खुद को तैयार करते हैं। स्वस्तिक प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित आस्था और भक्ति से परिपूर्ण यह शो 11 मार्च से शुरू होगा और हर सोमवार से शनिवार रात 7:30 बजे प्रसारित किया जाएगा। यह शो हनुमान जी के बचपन और उनके अटूट समर्पण व शक्ति को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगा। इस अद्भुत कथा और समृद्ध कहानी कहने की शैली के



माध्यम से, यह शो भारत के सबसे पूजनीय देवताओं में से एक, हनुमान, को नई पीढ़ी के दर्शकों तक पहुँचाने के लिए तैयार है।

बाल हनुमान की भूमिका में आन तिवारी नजर आएंगे, जबकि सायली सालुंखे अंजनी की भूमिका निभाएंगी। आरव चौधरी केसरी के रूप में दिखेंगे और माहिर पांधी बाली एवं सुग्रीव के प्रभावशाली दोहरे किरदार में नजर आएंगे। यह शो बाल हनुमान की मासूमियत, उनके दिव्य शक्तियों के प्रति जागरूकता और अपनी नियति को पूरा करने के लिए आने वाली कठिनाइयों को पार करने की यात्रा को उजागर करेगा। भगवान हनुमान की कहानी आज भी लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बनी हुई है। यह शो साहस, निःस्वार्थता और बुराई पर अच्छाई की विजय की शाश्वत गाथा को प्रस्तुत करेगा।

अजय भालवनकर, बिजनेस हेड, सोनी सबः

"सोनी सब में हम उन कहानियों को प्रस्तुत करने में विश्वास रखते हैं जो दर्शकों के दिलों को छूती हैं। भगवान हनुमान की कथा पीढ़ियों से पूजनीय रही है, और हम इसे एक नई और आकर्षक शैली में प्रस्तुत करने के लिए उत्साहित हैं। उनका जीवन अपार शक्ति और आस्था का प्रतीक है, और हमें उम्मीद है कि यह शो पूरे भारत में परिवारों को प्रेरित करेगा और जोड़कर रखेगा। एक ऐसे चैनल के रूप में जो हमेशा पारिवारिक मनोरंजन को बढ़ावा देता आया है, हमें विश्वास है कि यह शो परिवारों को एक साथ बैठकर इस अद्भुत महागाथा का आनंद लेने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा।"

सिद्धार्थ कुमार तिवारी, संस्थापक और चीफ क्रिएटर, स्वस्तिक प्रोडक्शंस

हनुमान केवल एक योद्धा नहीं हैं; वे एक भावना हैं - विश्वास की, साहस की, असीम शक्ति की। वीर हनुमान उनकी आत्मा की यात्रा है, जो हमने सुनी हुई कहानियों से परे है, जो उन्हें शाश्वत बनाती है। यह केवल उनकी कहानी को फिर से बताने तक सीमित नहीं है; यह हनुमान की शक्ति का अनुभव करने के बारे में है जो आपके साथ रहती है, आपको प्रेरित करती है, और आपके भीतर कुछ जागृत करती है। हनुमान केवल एक देवता नहीं हैं - वे हमें याद दिलाते हैं कि जब हम खुद से बड़ी किसी चीज के सामने समर्पण करते हैं तो हम क्या बन सकते हैं।

## बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत

# 3 लाख लोगों को 1200 करोड रुपए की राशि एकमुश्त वितरित किया गया




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

**बिहार** 'मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 3 लाख लोगों को 1200 करोड रुपए की राशि एकमुश्त वितरित किया गया जिसमें सभी जिलों के जिला पदाधिकारी एवं प्रत्येक जिले के पांच स्वीकृति प्राप्त लाभुक वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम सेवा से शामिल हुए। मधुबनी जिले में भी इसको लेकर समाहरणालय सभा कक्ष सहित सभी प्रखंडों में कार्यक्रम आयोजित किया गया,जिसमें मधुबनी जिला अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य में से 20302 लाभुक को प्रथम किशत की राशि वितरित की गई। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा मधुबनी जिले के पांच लाभुक को प्रतीकात्मक रूप से स्वीकृति पत्र का वितरण एवं पांच वैसे लाभुक जिनको वित्तीय वर्ष 24- 25 में प्रथम किस्त,द्वितीय एवं तृतीय किस्त की राशि दी गई थी उनके आवास पूर्ण होने के उपरांत गृह प्रवेश कार्यक्रम में प्रतीकात्मक रूप से चाबी भी वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रभारी उप विकास आयुक्त नीरज कुमार, निदेशक लेखा, लेखा पदाधिकारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी राजनगर उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम संपूर्ण जिले में प्रखंड विकास प्राधिकारी द्वारा भी आयोजित किया गया है।

# स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए महिला चिकित्सक जिले में सम्मानित



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक सीएचसी में कार्यरत महिला चिकित्सक डॉ कविता सिंह को स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए सारण सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिंन्हा ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। मौके पर डीपीएम दिलीप कुमार सिंह मौजूद रहें। परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने में महिला चिकित्सक डॉ कविता सिंह को सम्मानित किया गया। जिनमें परिवार नियोजन कार्यक्रम, प्रसव पूर्व देखभाल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला चिकित्सक डॉ कविता सिंह को डीएम सारण के आदेशानुसार सारण सिविल सर्जन ने प्रमाण पत्र व मेमेंटों देकर सम्मानित किया। सिविल सर्जन डॉ ने संबोधित करते हुए कहा कि आप ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करके जिले का मान बढ़ाया है। वहीं ज़िले में सम्मानित होने पर मशरक सीएचसी प्रभारी डॉ संजय कुमार, डॉ चन्द्रशेखर सिंह, डॉ अनंत नारायण कश्यप, डॉ एस के विधार्थी, स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार, बीसीएम लव कुश कुमार, बीएमसी कुमुद रंजन समेत अन्य ने बधाई दी।

# टीचर पीताम्बर राम का निधन, शिक्षा जगत में शोक की लहर



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के सिंघिया प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय मामुरपुर के प्रधान अध्यापक पीतांबर राम का असामयिक निधन बीते मंगलवार के रात हृदय की गति रुकने से हो गया। शिक्षक के असामयिक निधन से प्रखंड के शिक्षकों में शोक की लहर फैल गई है। मृत शिक्षक की आत्मा की शांति के लिए उच्च मा वि कुंडल संकुल में शोक सभा आयोजित की गई। प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि मृतक शिक्षक सौम्य एवं मृदुल स्वभाव के थे। विद्यालय के प्रभार में होने के कारण दबाव में रहते थे। बीती रात उनका निधन हो गया। मौजूद सभी शिक्षकों ने मृत शिक्षक के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। मौके पर राजेश कुमार राजू, गुलाब सिंह, रंजन कुमार सिंह, सुनील कमती, दिनेश यादव, उमा शंकर सिंह सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

# समस्तीपुर: मात्र 18 धुर जमीन के टुकड़े के लिए दो पक्षों में जमकर मारपीट में एक दर्जन से अधिक घायल, दोनों पक्षों से 4 गिरफ्तार

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

**समस्तीपुर :** समस्तीपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत लगूनियां सूर्यकंठ वार्ड संख्या-45 में मात्र 18 धुर जमीन के टुकड़े को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट की घटना हुई। जिसमें एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार यह विवाद 3 साल पुराना बताया गया है। एक पक्ष के हजारी साह ने कहा कि जमीन मेरे नाम से है और मैं इसी पर खेती करता हूं।

वर्ष 2022 में मेरी मां के निधन के बाद गांव के नंदन शर्मा ने जमीन नहीं जोतने की धमकी देनी शुरू कर दी। कई बार पंचायत की बैठक हुई, लेकिन मामला नहीं सुलझा। इस बीच बुधवार की सुबह नंदन शर्मा के पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की। मारपीट में एक पक्ष से हजारी साह,




राजन कुमार साह, मिठू साह और मुखिया देवी सहित 10 लोग घायल हुए हैं। दूसरे पक्ष के भी 3 लोग घायल हैं, लेकिन वे विवाद का कारण नहीं बता रहे हैं। घायल रमेश कुमार साह ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि डायल-112 को कई बार फोन किया गया, लेकिन पुलिस समय पर नहीं पहुंची। अगर पुलिस मौके पर पहुंच जाती तो यह घटना नहीं होती।इस संबंध में मुफस्सिल थाना अध्यक्ष अजीत प्रसाद सिंह ने बताया कि मारपीट की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेजा गया था। सभी घायलों का इलाज समस्तीपुर सदर अस्पताल में चल रहा है। दोनों पक्षों से प्राप्त आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। दोनों पक्षों से दो-दो आरोपी की गिरफ्तारी भी हुई है। वहीं अन्य फरार आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी कर रही है।

# आग लगने से 08 घर जलकर राख

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर ।जिले के कल्याणपुर अंचल क्षेत्र के नगर निगम वार्ड संख्या सात में खाना बनाने के क्रम में कुल 08 घर जलकर हो गया राख। ग्रामीण के द्वारा आग लगने की सूचना अग्नि शमन दस्ता को दी, जानकारी मिलने पर अग्नि शमन दस्ता मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इधर पैक्स अध्यक्ष भोला राय ने अंचल पदाधिकारी शशि रंजन को आग लगने की सूचना दी है। घटना 1:30 बजे की बताई गई है। आग लगने से घर में रखें सभी सामान अनाज बर्तन कपड़ा आदि जलकर बर्बाद हो गये।

## 10 मार्च से होगी बच्चों की वार्षिक परीक्षा, तैयारी पुरी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के वारिसनगर प्रखंड में 10 मार्च से होने वाली वार्षिक परीक्षा की तैयारी पुरी कर ली गई है। इस परीक्षा में 30667 बच्चे शामिल होंगे। लेखापाल अवनीश कुमार ने बताया की कुल हिंदी भाषा में नामांकित छात्रों संख्या 24391और उर्दू में कुल 6216 है। बुधवार को शिक्षकों के द्वारा परीक्षा के प्रोग्राम के साथ परीक्षा से सबंधित जानकारी दी जा रही थी। प्रश्नपत्र आने पर बीआरसी स्तर पर सभी संकुलों को प्रश्नपत्र उपलब्ध करा दिया जाएगा ताकि समय से विद्यालय को उपलब्ध हो सके। एचएम प्रणव कुमार ने बताया की परीक्षा की सारी तैयारी पुरी कर ली गई है।

# फरारी वारंटी सहित छह गिरफ्तार, भेजे गये जेल



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के वारिसनगर ब्लॉक के तहत मथुरापुर व वारीसनगर पुलिस ने विभिन्न मामले में छह फरारी वारंटी को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना अध्यक्ष निरंजन कुमार ने हत्याकांड के प्रयास के आरोपी रोहूआ निवासी सीताराम महतो व राम खेलावन महतो को गिरफ्तार किया। इसके अलावा छतनेश्वर गांव से फरारी वारंटी प्रमोद महतो व चंदन कुमार को गिरफ्तार किया। वही दुसरी ओर मथुरापुर थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने मन्नीपुर से फरारी वारंटी मंटून शर्मा व कपूरी शर्मा को गिरफ्तार किया गया। सभी को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# जलालपुर थाना क्षेत्र के मकनपुरा चंवर में हुए डबल मर्डर केस का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया

**वरिष्ठ संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**शकील हैदर**

छपरा, यह डबल मर्डर प्रेम प्रसंग में लड़की के मामा ने ही किया था, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है, सारण के एसएसपी डॉ कुमार आशीष एवं ग्रामीण एसपी शिखर चौधरी ने प्रेस वार्ता में बताया कि, विगत 1 मार्च को मसरख थाना क्षेत्र के कमालपुर निवासी अशरफ एवं फारूक का शव जलालपुर थाना क्षेत्र के मकनपुरा चंवर से पुलिस ने बरामद किया था, हत्या के बाद एसआईटी का गठन किया गया और तकनीकी आधार पर अनुसंधान में पता चला कि यह हत्या प्रेम प्रसंग में की गई है, इस घटना में कुल नौ लोग शामिल थे जिसमें तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है जो लड़की के मामा बताए जाते हैं, एसपी ने बताया कि मृतक का घर कमलपुरा मसरख के पास ही लड़की का घर था, काफी समय से प्रेम प्रसंग



भी चल रहा था, घटना के दिन लड़की नानी के घर बनियापुर आई थीं और लड़की से मिलने दोनों मृतक मोटरसाइकिल से जा रहे थे कि मझौलिया खुर्द के पास रास्ता भटकने पर पूछताछ के दौरान अभियुक्त से बहस और मारपीट भी हुई, इसके बाद दोनों को जलालपुर थाना क्षेत्र के मकनपुरा चंवर में लाकर गोली मारकर हत्या कर दी गई, इसके बाद पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर अभियुक्त राजकुमार राउत जितेंद्र राउत राहुल कुमार राउत जो बनियापुर मझौलिया के रहने वाले हैं और लड़की के मामा बताए जाते हैं. उन्हें बंगाल से गिरफ्तार कर लिया गया, पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और पांच मोबाइल भी बरामद किया है. प्रेस वार्ता में एसडीपीओ राजकुमार भी उपस्थित थे.

## टीएलएम मेला का आयोजन



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

प्रखंड संवाददाता,ताजपुर / समस्तीपुर :-- ।प्रखंडस्तरीय टीएलएम ( tlm ) मेला का आयोजन प्रखंड संसाधन केंद्र ताजपुर में सम्पन्न हुआ ।प्रखंडाधीन 16स्कूलों से लगभग 50 शिक्षकों ने स्वयं निर्मित ३ॅ का प्रदर्शन किया ।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी स्तर से गठित निर्णायक मंडल ने भाषा, गणित, पर्यावरण से संबंधित ३ॅ का गहनता पूर्वक अवलोकन पश्चात जिला हेतु चयनित किया ।सक्रिय तराजू, preposition map,, वर्णमाला कॉन्सेप्ट, उपसर्ग प्रत्यय आधारित, जल चक्र, जलसंचय आदि ३ॅ काफी आकर्षक एवं रोचक थे ।मौके पे निर्णायक मंडली ब्रज देव बलि प्रसाद वर्मा, राजीव वर्मा, अबू मो फखरुद्दीन, प्रिय रंजन राजन, लेखापाल अनीश कुमार, प्रधानाध्यापक कुंदन कौर तिवारी,अरुण कुमार थे

## होली को लेकर ट्रेनों में बढ़ी चौकसी; लिफ्टर, स्नैचर, चोर, पॉकेटमार गिरोह को लेकर यात्रियों को किया जा रहा जागरूक

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**




समस्तीपुर : होली पर्व नजदीक आ गया है। इस कारण परदेसियों के घर लौटने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेल प्रशासन सजग दिख रहा है। यात्रियों की संरक्षा व सुरक्षा को लेकर मास्टर प्लान तैयार किया गया है। इसमें मुख्य रूप से असामाजिक तत्वों पर पैनी निगाह रखने पर बल दिया जा रहा है। वहीं, लंबी दूरी की मेल एक्सप्रेस ट्रेनों और बरौनी जंक्शन पर आरपीएफ-जीआरपी अधिकारियों व जवानों की ओर से लिफ्टर, स्नैचर, चोर, पॉकेटमार गिरोह को लेकर यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है।

# समस्तीपुर ।बिहार दिवस को लेकर संकुल संसाधनों केंद्र से चयनित छात्र छात्राओं ने बीआरसी स्तर पर चयन के लिए देते परीक्षा

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सिवान दुरौंधा 5 मार्च बुधवार ।प्रखंड स्तर पर बुधवार को बीआरसी भवन दारौंदा परिसर में बीपीएम शुभेंदु कुमार के निगरानी में प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं गणित ओलिंपि क्विज प्रतियोगिता, चित्रकला आयोजित किया गया ।इस प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले छात्र व छात्रा को जिला स्तर पर आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जायेगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले छात्र राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में रंगोली प्रतियोगिता, फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि का भी आयोजन किया गया ।बिहार दिवस के आयोजन के दौरान विद्यालय में स्थानीय जन



समुदाय की भी सहभागिता सुनिश्चित करायी जिला स्तर पर डीएभी सिवान में प्रतियोगिता 7 एवं 8 मार्च को आयोजित होगी। इस वर्ष बिहार दिवस का थीम उन्नत बिहार विकसित बिहार निर्धारित किया गया है। इस संबंध में डीइओ राघवेंद्र प्रताप सिंह ने सभी बीइओ को निर्देश दिया है। डीइओ ने अपने आदेश में कहा है कि विद्यालय की साफ-सफाई सुनिश्चित करायी जाये। इस क्रम में आवश्यकतानुसार कंपोजिट ग्रांट की राशि से रंग-रोगन काराना सुनिश्चित किया जाये। नीली रोशनी वाले बल्ब से विद्यालय सजाया जाये। इस मौके पर बीआर पी , अमरेश सिंह, अंकित कुमार सिंह, युवराज कुमार, लेखपाल संजय गुप्ता,आदेशपाल राजेश कुमार, शिक्षक, शमसुद्दीन जी, धीरज यादव, कुणाल कश्यप, रविन्द्र कुमार, मोहम्मद आरिफ, सीआरसी समन्वयक कमलेश कुमार सिंह इत्यादि मौजूद थे।

# देशहित में है 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' : डॉ. दिलीप जायसवाल

## भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल की अपील, इस ज्वलंत मुद्दे को लेकर लोगों को जागरूक करना जरूरी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- इस व्यवस्था को कांग्रेस ने पटरी से उतारा : डॉ. दिलीप जायसवाल :
- आज देश में हर साल अलग-अलग समय पर विधानसभा चुनाव होते हैं : डॉ. दिलीप जायसवाल
- एक ही समय पर चुनाव होने पर राजकोष की होगी बचत : डॉ. दिलीप जायसवाल



पटना, 5 मार्च। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज रेड वेलवेट होटल, पटना में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर आयोजित संगोष्ठी का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' को देश की जरूरत बताते हुए कहा कि इससे न केवल विकास को गति मिलेगी बल्कि खर्च पर भी लगाम लग सकेगा।

उन्होंने कहा कि देश में 1951 से लेकर 1967 तक चुनाव एकसाथ होते थे, लेकिन कांग्रेस ने लोकतंत्र का मजाक बनाते हुए इस व्यवस्था को पटरी से उतार दिया। आज हम लोगों को इसके लिए परिचर्चा का आयोजन करना पड़ रहा है। भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि आज जब अलग-अलग चुनाव होते हैं, तो न केवल ज्यादा राशि खर्च हो रही है, बल्कि पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स साल भर चुनाव करवाने में ही व्यस्त रहती है। आचार संहिता लगने के कारण विकास ठप हो जाता है। उन्होंने मोटे तौर पर कहा कि अगर पांच साल लगातार सरकार काम करे, तो विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव के सकारात्मक पहलुओं की संख्या अधिक है। गौर से देखें तो आज देश को इसकी जरूरत है। इसे लेकर सर्वसम्मति बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक साथ सभी चुनाव कराने से देश को काफी लाभ होने वाला है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से यह चक्र चलता रहा था, लेकिन बाद में राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगने के बाद यह चक्र टूट गया। आज देखें तो देश में हर साल अलग-अलग समय पर विधानसभा चुनाव होते हैं। एक ही समय पर चुनाव होने पर राजकोष की बचत होगी। उन्होंने लोगों से इस अहम मुद्दे के लिए जागरूक करने की अपील की। इस कार्यक्रम में प्रदेश संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, कार्यक्रम संयोजक, पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणवीर नंदन, सह संयोजक कुंतल कृष्ण, प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# इंद्रा आवास की राशि 12 करोड़ लाभुको को भेजी गई

**मोहम्मद सदरे आलम नौमानी**




**सीतामढ़ी:** समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में प्रभारी जिला पदाधिकारी मनन राम द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 3 लाख परिवारों को 1200 करोड़ रुपए की प्रथम किस्त माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा हस्तांतरण किए जाने वाले कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया गया साथ ही इस अवसर पर सीतामढ़ी जिला अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध 12053 लाभार्थियों को 48 करोड़ 21 लाख रुपए हस्तांतरित किया गया। वहीं पांच स्वीकृत लाभुकों को स्वीकृति पत्र एवं पांच आवास पूर्ण किए हुए लाभुकों को आवास की चाबी सौंपी गई इस अवसर पर प्रभारी जिला पदाधिकारी ने सभी को लाभार्थियों शुभकामनाएं दी एवं आवास निर्माण कार्य समय सीमा के अंदर पूरा करने का अपील किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभार्थियों को सीधे लाभ पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। जिला पदाधिकारी ने लाभार्थियों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के बिचौलियों के चक्कर में न पड़ें और योजना का लाभ सीधे सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रक्रिया के तहत प्राप्त करें। पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि योजना पूरी तरह से पारदर्शी है और किसी भी दलाल या एजेंट की इसमें कोई भूमिका नहीं है। यदि कोई व्यक्ति आवास योजना में लाभ दिलाने के नाम पर पैसे मांगता है या गुमराह करता है, तो तुरंत संबंधित अधिकारी को सूचित करें। ऐसी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई होगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने ने यह भी बताया कि लाभार्थी सीधे पंचायत या ब्लॉक स्तर के अधिकारियों से संपर्क कर योजना की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त कार्यक्रम में डीआरडीए डायरेक्टर श्री राजेश भूषण, सहायक योजना पदाधिकारी श्री आलोक कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी डुमरा, प्रोग्रामर रौशन ऋतुराज के साथ आवास योजना के लाभार्थी उपस्थित थे।

# गन्ना के दाम में 20 रुपए बढ़ोतरी किसानों के साथ धोखा



**मोहम्मद सदरे आलम नौमानी**

सीतामढ़ी: बिहार राज्य ईख उत्पादक संघ की बैठक दिगम्बर ठाकुर की अध्यक्षता में हुई।बैठक को संबोधित करते हुए बिहार राज्य ईख उत्पादक संघ के महासचिव प्रभुराज नारायण राव ने कहा कि बिहार के गन्ना किसानों के साथ बिहार सरकार की रवैया निश्चित रूप से ही निराशाजनक है ।आज गन्ना किसान घाटे की खेती कर रहे हैं। पिछले एक दशक से किसानों को राज्य सरकार द्वारा राज्य समर्थित मूल्य नहीं दिया गया और काफी उम्मीदें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बिहार के गन्ना किसानों को थी कि राज्य सरकार द्वारा समर्थित मूल्य सम्मानजनक होगा और गन्ना किसानों को लाभ पहुंचाएगा । रीगा चीनी मिल द्वारा किसानों के बकाए पैसे का भुगतान होली तक किया जाय।गन्ना किसानों से के सी सी करा कर चीनी मिल द्वारा किसानों के खाते में भेजने जैसी धोखा धड़ी की जांच करें लेकिन 23 दिसंबर को बिहार के गन्ना उत्पादन का हब पश्चिम चंपारण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा गन्ना के दाम में 20 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ोतरी की घोषणा बिहार के किसानों में आक्रोश पैदा किया है उन्होंने कहा कि बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है और कृषि आधारित उद्योग के रूप में बिहार में 29 चीनी मील थे।लेकिन आज मात्र 10 चीनी मिलें चल रही हैं।19 चीनी मील बंद पड़ी हुई हैं। उसमें से 15 चीनी मील बिहार राज्य गन्ना विकास निगम के अधीन है।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बंद पड़े सभी चीनी मिलों को चालू करके बिहार के विकास को आगे बढ़ाना चाहिए। क्योंकि चीनी मिलों के चालू हो जाने से बिहार में बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा ।बिहार के किसानों को गन्ना जैसे नगदी फसल का लाभ मिलेगा और गन्ना से चीनी निकालने के बाद इसके बायो प्रोडक्ट के रूप में बिजली ,खाद ,इथनॉल जैसे कीमती सामानों के हो रहे उत्पादन के मुनाफे का आधा हिस्सा किसानों को दिया जाए।उन्होंने मांग किया कि पंजाब की सरकार 401 रुपए प्रति क्विंटल गन्ना का दाम दे रही है।

# नेपाली रुपया के साथ 04 अभियुक्त को ललमनियां थाना क्षेत्र से किया गिरफ्तार



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

संध्या में गुप्त सूचना के आधार पर मधुबनी जिला के ललमनियां थाना पुलिस एवं रसइ 18वी0 वाहिनी लौकहा के संयुक्त छापामारी के दौरान एक दुकान से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाई, 04 मोबाईल, 02 मोटरसाईकिल, 1,16,535 भारतीय एवं 25,285 नेपाली रुपया के साथ 04 अभियुक्त को ललमनियां थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पताःझ
1. पप्पु यादव, पे0झअजीत यादव, साकिनझघोर मोहना, थानाझललमनियां, जिलाझमधुबनी।
2. अशोक विराजी, पे0झरामसेवक विराजी, साकिनझकलापट्टी बरही, थानाझफुलपरास, जिलाझमधुबनी।
3. दिवाकर प्रसाद यादव, पे0झनरेंद्र कुमार, साकिनझबौरहा, थानाझलौकहा, जिलाझमधुबनी।
4. ऋषिकेश यादव, पे0झअशेसर यादव, साकिनझसखुवान करकही, सिरहा, नेपाल।बरामदगीःझ
1. प्रतिबंधित दवाईःझ 69 सिरप, 489 टैबलेट, 25 इंजेक्शन।
2. मोटरसाईकिलझ02
3. मोबाईलझ044. भारतीय रुपयाझ1,16,535 रुपया
5. नेपाली रुपया झ25,285 रुपया

# चकमेहसी पंचायत में पंचायत कर्मियो द्वारा जनता के काम के लिए आम जनता से
# रिशवत लेने एवं विशेष के दरवाजे पर बैठकर काम करने एंव अस्थानिय राजनिति मे विशेष अभिरूची रखने एव भेदभाव किया जारहा है

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर प्रखंड चकमेहसी पंचायत में आवास सहायक द्वारा नाम जोड़ने के नाम पर लाभुक से पैसा लेने का मामला सामने आया है इस मामले मे चकमेहसी पंचायत के पूर्व मुखिया खुशबू आफरीन पति आरजेडी प्रखंड सचिव जकी अहमद आरजू ने अनुमंडल पदाधिकारी को एक आवेदन दिया है आवेदन में उन्होंने लिखा है पंचायत क्षेत्र भ्रमण के क्रम में आम जनता द्वारा बताया गया कि पंयातय रोजगार सेवक जॉव कार्ड बनाने के नाम पर पैसा मांगते है तो हमने उन्हें बुलाकर बात किया तो उन्होंने कहा कि सिस्टम के तहत मुखिया जी के यहीं सभी आवेदन भेजवा दीजिए नहीं तो 600 रूपय प्रति कीम लगता है आप कुछ कम दे दीजिए नहीं तो काम नहीं होगा क्योंकि कार्यालय में पैसा देना पड़ता है मैंने इस संबंध में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा से भी बात कि उनके द्वारा कहा गया कि सभी का जाँव कार्ड बनेगा लेकिन अबतक इस दिशा में जनहीत में कोई भी कदम नहीं उठाया गया और रोजगार सेवक अपने सिस्टम के तहत काम करते है।इसी तरह की बात इंदिरा आवास सहायक ने कहा कि आपका अपना व्यक्तिगत है तो आपका नाम जोड़ देंगे तो हमने उनसे कहा कि मेरा व्यक्तिगत नहीं है आम जनता का काम है। इस संबंध में मैंने प्रखंड विकास पदाधिकारी से भी शिकायत की तो प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय द्वारा बताया गया कि सभी का नाम सुची में जुटेगा ठिक उसे विपरित ईंदीरा आवास सहायक के द्वारा अपने बनाये गये सिस्टम तहत डी. काम करते है इसी तरह कार्य राजस्व कर्मचारी भी रिशवत लेकर जमीन का दाखिल खारिज परिर्माजन एवं अन्य जमीन संबधी गलत काम भी करते है।

पंचायत स्तरीय कोई भी पंचायत कर्मी पंचायत कार्यालय में उपस्थित्त न होकर व्यक्ति विशेष के दरवाजे पर काम करते है

परिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि लामुक के खाते में आज तक नही गया जब कि पंचायत चुनाव बिते हुए लगभग 3 वर्ष से अधिक हो गया है।

मैंने इस संबंध में पंचायत सचिव से बात कि तो उन्होने कहा कि अभी तक मेरा और मुखिया जी का हस्ताक्षर बैंक में अटैस्टेड नहीं हुआ है।इससे यह प्रतीत होता है कि पंचायत कर्मी गण एंव जनप्रतिनिधि जनहित के प्रति कितना जागरूक है। यह योजना के सारे खातो का साइन अटैस्टेड बैंक में हो गया लेकिन जिससे गरीब लोगों को सरकार के द्वारा दी जा रही सहायता का खाता अब तक बैंक में अटैस्टेड नही हुआ है ये लोग जनता के प्रति जवाब देय नही है।

मेरे पंचायत की अधिकांश अबादी बहुत ही गरीब है यह पंचायत में अब तक बहुत कम मात्रा मे नाम जुटा है जब कि इसी प्रखंड के अन्य पंचायत मे हजारो कि संख्या लाभुक का नाम जुड़ चुका है। मेरे पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं इनके अधिनियस्त पंचायत कर्मियों द्वारा भेदभाव पूर्णरत्रया अपनाया जा रहा है।मैंने पंचायत स्तरीय कई कर्मियों से बात कि आम जनता का शिकायत मुझे भ्रमण के क्रम में मुझे प्राप्त हुआ है आप लोग पंचायत कार्यालय में ससमय उपस्थित होकर जनता की समस्याओं का समाधान करे यही नियम सरकार का है।

इन लोगों के द्वारा मुझे कहा गया कि हमलोग को नियम से मतलब नहीं है हमको जो मुखियाजी कहेंगे हम लोग वहीं करेंगे आप तो हारे हुए मुखिया है आपका कोई अधिकार हमलोगों से बात करने या पुछने एवं नियमतः काम करने कहने का अधिकार संविधान में नहीं है।आपको मेरे विरूध जहाँ जाना है वहाँ जाये हम लोग मुखियाजी के आदेश का पालन करेंगे और अपने मनमाने तरिके से काम करेंगे।

जब कि देश के हर नागरिक को यह अधिकार संविधान में प्राप्त है की वह अपनी बात किसी से कर सके जब कि मेरे जानकरी में है की निकटतम प्रतिध्वंदी एंव पूर्व मुखिया पंचायत स्तरीय समिति के सदस्य होते है। आज तक इन लोगों के द्वारा कोई भी बैठक की सुचना मुझे नहीं दी गई।यह सुनकर हमको ऐसा प्रतीत होता है कि क्या मैं अल्पसंख्यक समुदाय से आती हूँ इसलिए यह बात कहा गया कि संबिधान में आपका अधिकार प्राप्त नहीं है।सभी पंचायत कर्मी का मोबाईल कॉल डिटेल की जाँच करवाई जाये एवं चल-अचल संपत्ति की भी जाँच करवाई जाय तो सच्चाई सामने आ जायेगी कि ये लोग कितने भ्रष्टाचार में लिपित है। अतः श्रीमान से निवेदन है कि जनहीत में इन सभी विन्दुओं की गुप्त जाँच करायी जाय ताकि इसकी सच्चाई आम जनता के समाने आ सके।

आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि श्रीमान की गई कार्यवाई से मुझे भी जनहीत में अवगत कराने का कष्ट करेंगे इस कार्य के लिए श्रीमान की सदा अभारी रहूँगी। खुशबू आफरीन ने समाज के लिए हमेशा जागरूक रही है समाज के दबे कुछ ले लोगों को इंसाफ दिलाने के लिए ऐसे बहते रे कम करते हुए देखे गए हैं हाल के अनुमंडल पदाधिकारी समस्तीपुर ने दिलासा दिया है के आवेदन के जांच निष्पक्ष कराई जाएगी दोषी पाए गए लोगों पर कार्रवाई भी की जाएगी

# सैनिक कल्याण कार्यालय स्थापना का निर्देश

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिला में सैनिक कल्याण कार्यालय स्थापना के निर्देश बिहार सरकार ने जिलाधिकारी को दिया है। साथ ही सैनिकों के लिए ईसीएचएस, कैंटीन, स्पर्श सेंटर एवं सैनिक सभागार बनाने के लिए एक एकड़ या कम से कम 50 डिसमिल जमीन आवंटित करने का निर्देश जारी किया है। इस पुनीत कार्य को सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है। ये सब तब संभव हुआ है जब इस कार्य के लिए पहली बार वर्ष 2014 के विजय दिवस समारोह में सम्मानित पूर्व सैनिक सेवा परिषद बिहार के महासचिव लेफ्टिनेंट कर्नल लाल साहब ने इसकी अलख जगाई थी। इतने वर्षों तक संघर्ष जारी रहा हमारे पूर्व सैनिकों ने इस आवाज को बुलंद रखा और अनेक स्तरों पर प्रयास जारी रखा। इस पुनीत कार्य के लिए प्रमुख रुप से प्रयास करने वाले अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष कमोडोर विनय कुमार विशिष्ट सेवा मेडल सेवानिवृत्त, लेफ्टिनेंट कर्नल कृष्ण कुमार झा सेवानिवृत्त एवं सचिव पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अथक प्रयासों से हुआ है। हम सभी पूर्व सैनिक इस कार्य के लिए बिहार सरकार गृह विभाग, जिलाधिकारी समस्तीपुर को धन्यवाद देते हैं।

# राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड मुख्यालय पर पंचायत क्षेत्र में कार्यरत 20 राजस्व कर्मचारी अपनी 17 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये। हड़ताली कर्मचारियों ने जमकर सरकार विरोधी नारे लगाये। हड़ताल का आज तीसरा दिन है। इसको लेकर अंचल कार्यालय में जाति, आवासीय, आय, दाखिल खारिज, परिमार्जन एवं आपदा तथा अन्य अति आवश्यक कार्य ठप्प होने से दुर दराज क्षेत्र से आने वाले ग्रामीण विद्यार्थियों महिलाओं को काफी कष्ट का सामना करना पड़ रहा है। सभी निराश होकर लौट रहे हैं। प्रमुख मांगों में गृह जिला में बदली, ग्रेड पे में सुधार कर 2800 करने की मांग, स्थल जांच हेतु यात्रा भत्ता आदि प्रमुख है। राजस्व कर्मचारियों का कहना है कि जबतक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तबतक वह हड़ताल से वापस नहीं लौटेंगे। प्रमुख हड़ताली कर्मचारियों में कंचन कुमार, विष्णु देव, इम्तियाज सहित 20 लोग शामिल थे।

# मुकेश कुमार के अथक प्रयास से स्कूल में गेट लगा, मुकेश ने डीपीओ को कहा थैंक्स



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के विभूतिपुर प्रखंड के नरहन स्टेट स्थित जेपीएनएस हाई स्कूल स्टेडियम के दोनो प्रवेश द्वार पर जर्जर पर चुके गेट को पिछले दिनों मुकेश कुमार पूर्वे के द्वारा स्कूल में कंप्यूटर की पढ़ाई नहीं होने के लिए शिकायत किया था। शिकायत पर शिक्षा विभाग समस्तीपुर के डीपीओ सुमित के द्वारा स्कूल में निरीक्षण के लिए पहुंचने पर राजद नेता मुकेश कुमार पूर्वे, स्थानीय जिला परिषद सदस्य जितेंद्र राम के द्वारा कंप्यूटर के साथ स्टेडियम के मेन गेट बदलने का मांग किया। मौके पर उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापक को अविलंब गेट बदलने का आदेश दिया। किसी कारणवश विलंब होने पर प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विभूतिपुर मनोज कुमार मिश्र को भी बोला गया जिसके बाद आज फाइनल नया गेट बनाकर दोनों तरफ लगाने का काम चल रहा है। इस कार्य के लिए मुकेश कुमार ने डीपीओ सुमित और बी ई ओ मनोज कुमार मिश्र को कहा थैंक्स।

# भूमि विवाद में हुई मारपीट में दो जख्मी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दो लोग जख्मी हुए जिसे परिजनों के सहयोग से जख्मियों को सामुदायिक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान पुरुषोत्तमपुर पंचायत के भगवानपुर गांव के 38 वर्षीय सिकंदर कुमार राय व शेढी गांव के 42 वर्षीय जयशंकर चौधरी के रूप में की गई है। इसकी जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर हैदर ने दी।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस धन संग्रह को लेकर बैठक

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के दलसिंहसराय अनुमंडल कार्यालय के सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी प्रियंका कुमारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में घन संग्रह एवं विभागीय निदेर्शानुसार आगामी 18 मार्च को होटल भव्य में धन संग्रह हेतु आयोजित किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु किया गया। बैठक में झंडा दिवस के कोष में अधिक से अधिक सहयोग राशि जमा करने के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर उपस्थित पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा, अवर निर्वाचन पदाधिकारी रवि रंजन कुमार, डीसीएलआर, सभी बीडीओ, सीओ, सीडीपीओ, आपूर्ति सभी थाना के थानाध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी थे। उक्त बैठक के उपरांत आगामी होली के अवसर पर अनुमंडल क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के साथ साथ संवेदनशील/अति संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी बनाये रखने, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों लगातार गश्ती करते हुए उपद्रवी तत्वो पर विशेष निगरानी बनाए रखने, शराबबन्दी को ध्यान में रखते हुए मद्य निषेध पर पूर्णतः चौकसी बरतने सहित अन्य बिंदुओं पर विचार करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

# दिनदहाड़े आभूषण दुकान में लूट की कोशिश

**जिला संवाददाता**
**साहिल अंसारी**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**बेगूसराय :** रतनपुर थाना क्षेत्र में एक बार फिर बेखौफ बदमाशों का कहर देखने को मिला। जहां दिन के उजाले में अपराधी सरेआम सोने चांदी की दुकान में घुसकर हथियार के बल पर लूटने की कोशिश की कहीं ना कहीं पुलिस के इकबाल पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कहां गई रतनपुर थाने की जीपीएस सिस्टम से लगी हुई गस्ती की गाड़ी। अपराधी आभूषण की दुकान खोलते ही बाइक पर सवार चार अपराधी पहुंचे और आभूषण दुकान में लूटपाट की कोशिश की। बदमाश दुकान में रखा दो बक्सा लेकर भागे, लेकिन संयोग से बक्सा खाली था। जिसके कारण बदमाशों को कुछ हाथ नहीं लगा है। इस दौरान गोली भी चलाई गई है। घटना जिला मुख्यालय में रतनपुर थाना क्षेत्र स्थित अग्रसेन भवन वाली गली के देव ज्वैलर्स की है। बताया जा रहा है कि 10:45 बजे जब



स्टाफ दुकान खोलकर साफ-सफाई कर रहा था। तभी गमछा और नकाब लगाए दो बाइक पर सवार चार बदमाश आए और स्टाफ को हथियार दिखाकर कब्जे में ले लिया। दुकानदार के नहीं आने के कारण तिजोरी बंद था तो बदमाश दुकान में रखा

आभूषण रखने वाला दो बक्सा लेकर भागने लगे। बदमाशों के दुकान से निकलते ही स्टाफ ने हल्ला मचाया तो बगल में गली-गली के चाय दुकान पर बैठे लोगों ने बदमाशों को रोकने का प्रयास किया। इसके बाद बदमाश गोली चलाते हुए भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही एसपी मनीष सहित आसपास के थाना के पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। देव ज्वेलर्स और आसपास के दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल जा रहा है। मौके पर से पुलिस को दो खोखा भी मिला है। सूचना मिलते ही मेयर पिंकी कुमारी भी तुरंत मौके पर पहुंची। घटना के बाद दुकानदारों में काफी आक्रोश है। फिलहाल सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है। दुकानदार अनिल पोद्दार ने बताया कि 11:45 के आसपास चार अपराधी आए, लूट की कोशिश की। मैं दुकान पर नहीं था, स्टाफ आकर साफ सफाईकर रहा था। इसी दौरान दो बाइक से मास्क लगाए, हेलमेट पहने हुए चार लड़के आए और स्टाफ से कहा कि कुछ सामान लेना है, दुकानदार कहां है। स्टाफ ने कहा कि अभी नहीं है, थोड़ी देर में आइए, तभी बदमाश उसे धकेलते हुए पीछे चले गए। अंदर सेफ के पास पहुंचा, लेकिन सेफ लॉक था, जिसके कारण कुछ नहीं कर सका। वहां पर दो-तीन बक्सा था जिसे लेकर भागा। बदमाश के भागते ही मेरे स्टाफ ने हल्ला किया। बगल के चाय दुकान पर कुछ लड़के बैठे हुए थे। स्टाफ ने बदमाश के साथ हाथापाई भी किया। चाय दुश्मन पर बैठे लोगों ने जब पकड़ने की कोशिश की तो बदमाशों ने गोली चल दिया। मेरे स्टाफ के बगल से गोली निकल गई और दोनों बदमाश बाइक पर बैठकर गली की ओर भाग निकले। एसपी मनीष ने बताया कि लगभग 10:45 बजे चार लड़का दुकानदार पर पहुंचा, मास्क और हेलमेट पहने हुए था। मालिक नहीं, दुकान पर स्टाफ था। लूटपाट करने की कोशिश की, लेकिन कोई सामान नहीं ले जा सका। दो बक्सा लेकर भागा जो टूटा हुआ मिला है। भगाने के दौरान फायरिंग की है। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ सभी पहलुओं पर अनुसंधान कर रहे हैं।

## बोली अमिता भूषण घटना अत्यंत निंदनीय और नैतिक समाज को कलंकित करने वाला !

**जिला संवाददाता**
**साहिल अंसारी**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बलिया / बेगुसरायःबलिया अनुमंडल के कसबा गांव में नाबालिग बच्ची से हुए दुष्कर्म की घटना के सन्दर्भ में सदर बेगूसराय की पूर्व विधायक और महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमिता भूषण पीड़ित बच्ची और उसके परिजनों से मिलकर घटना के प्रति गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए घटना को अत्यंत निंदनीय और नैतिक समाज को कलंकित करने बाला बताया है। भूषण ने सवालिया लहजे में सरकार और उसके तंत्र से पूछा है कि क्या सरकार और उसके नुमाइंदो में इतनी शर्म भी नहीं रही कि ऐसे जघन्य घटना पर अपनी संवेदना भी व्यक्त कर सके। घटना के इतने दिनों बाद भी पीड़िता व उसके परिजनों से सरकार, मानवाधिकार टीम, और महिला आयोग की टीम को इस घटना के संज्ञान लेने की फुरसत नहीं मिली। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं पर

दिखावे को चल रही है, उसे न तो राज्य में बढ़ते अपराध की चिंता है न मानवीय संवेदनाओं की। गिरफ्तार अपराधियों को पोस्को एक्ट के तहत स्पीडी ट्रायल करके कड़ी सजा मिले इसके लिए हम सब को मुखर होना पड़ेगा। सरकारी उदासीनता से स्थानीय लोगों में गहरी नाराजगी है। बाबजूद इनलोगों को प्रशासन और न्यायालय से उम्मीद है। स्थानीय लोगों का संयम काफी सराहनीय है। सरकार मामले को गंभीरता से ले नहीं तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन और सड़कों पर उतरने को वाध्य होगी। साथ में बलिया पुर्व प्रखंड अध्यक्ष हारून रशीद, बलिया नगर अध्यक्ष तारिक उर्फ पप्पु, छोटे, ताहिर, अख्तर हुसैन, कुमार रत्नेश टुल्लू आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# भूमि विवाद में हुए गोलाबारी मामले में पांच अभियुक्त गिरफ्तार

## घटनास्थल पर से तीन खोखा हुआ बरामद

**जिला संवाददाता**
**साहिल अंसारी**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

तेघड़ा / बेगुसरायःफुलवड़िया थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलवड़िया तीन मुसहरी नवकाटोल में सोमवार को दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट एवं फायरिंग मामले में पुलिस टीम के द्वारा कुल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से गोली का तीन खोखा भी जप्त किया है। घटना के संबंध फुलवड़िया थाना को सोमवार की संध्या में एक सूचना मिली की ग्राम फुलवड़िया तीन मुसहरी नवकाटोल में दो पक्षों के बीच हुई जमीनी विवाद को लेकर मारपीट करते हुए फायरिंग किया गया है। घटना की सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तेघड़ा डॉ. रविंद्र मोहन प्रसाद एवं फुलवड़िया थाने की पुलिस पदाधिकारी व सशस्त्र बल फुलवड़िया थाना के द्वारा सूचना सूचनानुसार मुसहरी नवकाटोल स्थित स्थल के पास पहुंचकर मामलें की जांच पड़ताल की गई। आस-पास उपस्थित स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पर बताया गया की ग्राम आलापुर के महेश पासवान एवं धर्मेन्द्र कुमार चौधरी के बीच जमीनी विवाद को लेकर झगड़ा झंझट चल रहा था। जिसमें सोमवार को एक पक्ष के सदस्यों के द्वारा मुसहरी नवकाटोल स्थित जमीन पर सरसों की फसल कटाई करने लगे उसी दौरान दूसरे पक्ष के लोग भी जमीन पर पहुंच गए तथा दोनों पक्षों के द्वारा अपना अपना दावा करने लगे। जिससे झगड़ा झंझट होने लगा तथा मारपीट करते हुए उसी दौरान फायरिंग भी किया गया है। डीएसपी तेघड़ा डॉ. प्रसाद के नेतृत्व में फुलवड़िया थाने की पुलिस टीम के द्वारा घटनास्थाल से तीन खोखा को जप्त किया गया, एवं पुलिस टीम के द्वारा पूछताछ करते हुए घटना में संलिप्त दोनों पक्षों से कुल पांच आरोपियों राहुल चौधरी पिता अशोक चौधरी ग्राम आलापुर थाना-तेघड़ा, मन्नु कुमार उर्फ मुकुंद पाठक पिता-स्वर्गीय राम प्रसाद सिंह ग्राम-आलापुर थाना-तेघड़ा, सोनू चौधरी पिता अशोक चौधरी ग्राम- आलापुर थाना-तेघड़ा, कृष्णा कुमार उर्फ सोनू चौधरी पिता स्वर्गीय बलराम चौधरी ग्राम-मालती थाना-फुलवड़िया, उगनदेव पासवान पिता स्वर्गीय जंग बहादुर पासवान ग्राम-आलापुर थाना-तेघड़ा सभी जिला-बेगूसराय को विधिवत गिरफ्तार करते हुए विधिसम्मत आवश्यक अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त सोनू कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है।

## संक्षिप्त डायरी

### सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी द्वारा सीमा पर नेपाल की महिला को 5किलोग्राम गांजे सहित किया गिरफ्तार

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

सशस्त्र सीमा बल की 48वीं वाहिनी द्वारा सीमा पर एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई, जिसमें एक नेपाली महिला को 5 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। यह कार्यवाही श्री विवेक ओझा, उप कमांडेंट, प्रचालन 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बळ जयनगर की गुप्त सूचना के आधार पर की गई।

सूचना की गंभीरता को देखते हुए समवाय प्रभारी सीमांत चौकी पीपरोंन ने अन्य जवानों के साथ एक विशेष गश्ती दल का गठन किया और स्वयं इसकी अगुवाई की। विशेष गश्ती के दौरान, भारत-नेपाल सीमा पर स्थित स्तंभ संख्या 284/17 से 150 मीटर भारतीय क्षेत्र में नेपाली महिला रानी खातून, गांव महेंद्रनगर, जिला धनुषा (नेपाल) की निवासी को 5 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह महिला नेपाल से गांजा लेकर भारत में तस्करी करने की योजना बना रही थी। गिरफ्तार महिला और जब्त किए गए गांजे को आगामी कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस थाना हरलाखी को सौंपने की प्रक्रिया जारी है।

श्री हरेन्द्र सिंह ( द्वितीय कमान अधिकारी) कार्यवाहक कमांडेंट, 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल,जयनगर ने कहा, यह अभियान भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी और अन्य अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। तस्करी गतिविधियों पर लगाम लगाना और राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता है।

### समस्तीपुर में एक देशी पिस्टल एवं एक गोली के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबेर**

मुसरीघरारी थाना अंतर्गत बिसंभरपुर अलाउथ से बिट्टू कुमार उम्र 20 वर्ष पिता बैजनाथ राय ग्राम विक्रमपुर बंदे वार्ड 21 थाना कपूरींगराम जिला समस्तीपुर की एक देशी पिस्टल एवं एक गोली के साथ गिरफ्तार किया गया है जिस संबंध में मुसरीघरारी थाना कांड संख्या 28/25 दर्ज किया गया है

# कोचिंग सेंटर के बाहर छात्र की हत्या

**बेतिया।** में आरडी कोचिंग सेंटर के बाहर एक छात्र की चाकू से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान पूर्वी करगहिया गांव निवासी दिव्यांशु कुमार (17) के रूप में हुई है। वह इंटरमीडिएट का छात्र था। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पूर्वी करगहिया स्थित आरडी लाइब्रेरी के पास की है। मृतक के भाई प्रियांशु ने कहा कि दिव्यांशु मंगलवार की देर शाम घर जा रहा था। इस बीच कुछ युवकों ने उसे घेर लिया। दिव्यांशु ने फोन करके भाई से मदद मांगी। जब तक प्रियांशु मौके पर पहुंचा तब तक युवक की पिटाई जारी थी। इस दौरान एक आरोपी ने दिव्यांशु की पीठ में चाकू घोंप दिया। चाकू सीने को पार होने से



उसकी मौत हो गई।सदर एसडीपीओ विवेक दीप ने कहा कि कोचिंग के मौजूदा छात्रों और एक पूर्व छात्र के बीच झड़प हुई थी। घटना के बाद पूर्वी करगहिया के कुछ युवकों ने पेट्रोल छिड़ककर आरडी कोचिंग में आग लगा दिया। मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी डॉ शौर्य सुमन ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है। मौके पर अग्निशमन की गाड़ी, फोरेंसिक की टीम और डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया। मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम जीएमसीएच में कराया जा रहा है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

सदर एसडीपीओ विवेक दीप ने आगे कहा कि आरोपियों ने दिव्यांशु को चाकू मार घायल कर दिया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

चाकूबाजी की घटना के बाद पूर्वी करगहिया के ही कुछ युवकों ने पेट्रोल छिड़क कर आर डी कोचिंग में आग लगा दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई थी।

## भोजपुर में पेड़ से लटकी मिली युवक की लाश

**भोजपुर।** जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के मलथर गांव के पूरब साइड गेहूं के खेत के पास पेड़ से लटकी एक लाश मिली। मृतक की उम्र करीब 28 साल होगी। गले में गमछा बंधा और काले रंग का निशान पाया गया। पुलिस ने आत्महत्या की आशंका जताई है। मैरून रंग की शर्ट, ग्रीन जैकेट और सिल्वर ट्रॉउजर पहने हुए था। पहचान अभी नहीं हो सकी है। स्थानीय ग्रामीणों ने सूचना उदवंतनगर थाना को दी। उदवंतनगर थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। एफएसएल की टीम को बुलाया गया। टीम ने साक्ष्य को संकलन किया और लाश



को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस की रिपोर्ट में गमछे से फंदा लगाने के कारण दम घुसने से मौत है। हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चलेगा। चौकीदार माधव सिंह ने बताया कि खेत की ओर घास गढ़ने जा रही महिलाओं को नजर युवक की लाश पर पड़ी। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। युवक कौन है, कहां रहता है

## व्यक्ति को अपराधियों ने मारी गोली

**भोजपुर।** में मंगलवार को अपराधियों ने एक राहगीर को गोली मार दी। घायल की पहचान पटना के रानीतलाब थाना के निसरपुरा गांव निवासी एतवार पासवान के बेटे केशो पासवान (55) के रूप में की गई है। बुलेट दाएं जांघ के लगी है। उन्हें इलाज के लिए रेफरल अस्पताल ले जाया गया।



वहां से सदर अस्पताल आरा रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा कि अपराधी एक बाइक पर 3 की संख्या में थे। एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल पर जांच की। इधर, थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि मामला शुरूआती जांच में संदिग्ध लग रहा है। हर एंगल पर जांच चल रही है। केशो पासवान अपने गांव से अखगांव बाजार पर सब्जी की खरीदने गए थे।घटना संदेश थाना क्षेत्र के अखगांव-सारीपुर तटबंध मार्ग की है।अखगांव सोन नदी के बांध के रास्ते वापस जा रहे थे। करीब 200 मीटर पूरब सारीपुर गांव से पश्चिम एक बाइक पर बाइक सवार 3 बदमाशों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया। इसके बाद बाइक सवार अपराधी पश्चिम की तरफ भाग निकले।

## 31 मार्च तक राशन कार्डधारी को आधार सीडिंग करना अनिवार्य




**दरभंगा।** में राशन कार्डधारियों के लिए आधार सीडिंग की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 तय की गई है। डीएम राजीव रौशन ने जिले के सभी राशन कार्डधारियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आधार सीडिंग कराने की अपील की है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत भारत सरकार ने राशन कार्ड में अंकित सभी सदस्यों की आधार सीडिंग अनिवार्य की है। पहले इसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024 थी, जिसे अब बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दिया गया है। आधार सीडिंग कराने के लिए नजदीकी राशन दुकानों पर जाकर ी-POS मशीन से निःशुल्क ी-ङ उ कराया जा सकता है। लाभ लेने के लिए कराना होगा सिडिंग Mera e-KYC ऐप और Aadhar FaceRD ऐप के जरिए मोबाइल से घर बैठे Facial e-KYC करा सकते हैं। यदि 31 मार्च 2025 तक किसी सदस्य का आधार सीडिंग नहीं होता, तो उसका नाम 01 अप्रैल 2025 से राशन कार्ड से विलोपित कर दिया जाएगा। ऐसे सदस्य सरकारी राशन (खाद्यान्न) के लाभ से वंचित हो जाएंगे। डीएम ने कहा कि सभी राशन कार्डधारी जल्द से जल्द आधार सीडिंग कराएं, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिलता रहे। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार के निर्देश से17 सितम्बर 2024 से राशन कार्ड में अंकित प्रत्येक सदस्य के लिए 31 दिसंबर 2024 तक आधार संख्या की सीडिंग कराना अनिवार्य था।

पर एकबार फिर भारत सरकार के निर्देशानुसार राशन कार्ड में अंकित प्रत्येक सदस्य के लिए 31 मार्च 2025 तक आधार संख्या की अनिवार्य सीडिंग के लिए तिथी तय की गई है।

# सदन में तेजस्वी यादव पर भड़के CM नीतीश कुमार, कहा- तुम्हारे पिता को मैंने ही बनाया

**पटना।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और सीएम नीतीश कुमार के बीच तीखी बहस हुई। तेजस्वी ने सीएम नीतीश से 20 सालों का हिसाब मांगा। वहीं सीएम नीतीश उन्हें बच्चा कहते हुए पूछा कि 2005 से पहले क्या स्थिति थी। सीएम नीतीश बोल ही रहे थे कि विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। आइए जानते हैं बजट सत्र के तीसरे दिन सदन में क्या क्या हुआ?सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि पंचायती राज और नगर निकाय में 50 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिया। 2013 में महिला पुलिस को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया। बिहार में महिला पुलिस की कितनी संख्या है पूरे देश में किसी राज्य में इतनी संख्या नहीं है। स्वयं सहायता समूह का गठन किया जिसका नाम जीविका रखा। स्वयं सहायता समूह का गठन किया जिसका नाम जीविका रखा। दस लाख नौकरी में 935000 नौकरी दी जा चुकी है। अब इसे 12 लाख कर दिया गया है। 38 लाख रोजगार करने का लक्ष्य रखा है। दोनों मिलकर 50 लाख कर दिया गया है। प्रगति यात्रा के दौरान जहां जो कमी है उसको पूरा करने की घोषणा की। उसने कैबिनेट से भी पास किया गया। सरकार सभी जातियों धर्म के कार्यों के पूरा करने के लिए कृत संकल्पत है। प्रधानमंत्री को उन्होंने धन्यवाद कहा। सरकार की कामना है कि समाज में सद्भाव और बिहार विकास के पद पर अग्रसर रहे। विपक्ष के लोग भाग गए हैं इन्हें भी हम इसको धन्यवाद देते हैं। यह लोग अंड-बंड बोलता रहा है। इसके बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। जल नल के बारे में जब मुख्यमंत्री कहने लगे तो विपक्ष ने कहा कि नल का टोंटी टूट गया है। तेज प्रताप यादव ने इशारा किया सब विरोध करो तब पूरा विपक्ष खड़ा हो गया। और, विरोध करने लगा। विपक्षी मुख्यमंत्री गद्दी छोड़ों का नारा लगाने लगे। इसके बाद विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोग तो भाग गया क्यों कि इन लोगों को समझ में कुछ आ रहा है?सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि पहले स्वास्थ्य व्यवस्था की कैसी




हालत थी? पहले स्वास्थ केंद्र में एक दिन में एक या दो मरीज आते थे। अस्पताल में दवाई की व्यवस्था करवाई। अब देखिए अस्पतालों में औसतन 11 हजार लोग आए। पहले छह मेडिकल कॉलेज था। हमने आया तो नए नए मेडिकल कॉलेज बनवाएं। इस पर तेजस्वी यादव ने सवाल उठाया तो सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि तुम्हारे पिता को भी हमने ही मुख्यमंत्री बनाया था। उन्होंने क्या काम किया यह सब जानते हैं। चार साल के बाद 1994 हम अलग हो गए।विधानसभा में सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि जब हम लोग आए थे उसे समय स्थिति क्या थी? शाम में कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। कुछ पता है? इंप्रेस वाले सब पूछ लो। मुख्यमंत्री के बोलने पर विपक्ष ने हल्ला किया? समाज में कितना विवाद होता था। हिंदू मुस्लिम का झगड़ा कितना होता था। मुसलमान को कुछ होता था उसको बचाने का कोई उपाय करते थे? पढ़ाई का क्या हाल था? अध्यक्ष ने विपक्ष को कहा कि आपका नेता ने एक लकीर खींची है आप उसको क्यों छोटा करना चाहते हैं। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि कब्रिस्तान की घेराबंदी करवाई गई। पहले क्या स्थिति थी कोई घर से नहीं निकलता था। अब देखिए 10 बजे, 11 बजे रात में सब घूमता है। हमलोगों ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी काम किया। दो लाख 74 हजार शिक्षकों की बहाली की। नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया। तेजस्वी यादव ने परिवारवाद के मुद्दे पर एनडीए विधायाकों को घेरा। कहा कि चारा घोटाला की बात करते वालों ने पूर्व सीएम जगन्नाथ मिश्रा के बेटे को मंत्री बना दिया। मंत्री सम्राट चौधरी, संतोष सुमन, नितिन नवीन, अशोक चौधरी समेत कई नेता परिवारवाद का उदाहरण हैं। इन पर क्यों नहीं बोलते। इस पर मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष यह क्यों नहीं बोल रहे हैं कि पूर्व सीएम जगन्नाथ मिश्रा को अदालत ने बरी कर दिया था। अंत में तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मेरे पत्र का जवाब नहीं दिया इस बात का मुझे दुःख है। नया बिहार बनाने के लिए हमें आप सब का आशीर्वाद चाहिए। इसके बाद विजय सिन्हा ने कहा कि आपके बिहार को गाली देने में आपके पिताजी का काफी योगदान है।बजट पर बोलते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि बजट में महिलाओं को 2500 रुपया नहीं दिया गया। न वृद्धा पेंशन में बढ़ोतरी की गई। न बिजली के दर कम किए गए। तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार पर भी हमला बोला। कहा कि केंद्र ने चंद्रबाबू नायडू के लिए पिटारा खोल दिया। 16 एमपी उनके पास हैं। केंद्र उन्हें सबकुछ दे रही है और हमारे मुख्यमंत्री उनके पैरों में गिर जाते हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा आरक्षण चोर है। एनडीए सरकार ने बिहार को विशेष पैकेज नहीं दिया। वहां चंद्रबाबू नायडू की सरकार को एनडीए सरकार ने दो लाख करोड़ का पैकेज दिया। बजट पर बोलते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि बजट में महिलाओं को 2500 रुपया नहीं दिया गया। न वृद्धा पेंशन में बढ़ोतरी की गई। न बिजली के दर कम किए गए। तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार पर भी हमला बोला। कहा कि केंद्र ने चंद्रबाबू नायडू के लिए पिटारा खोल दिया। 16 एमपी उनके पास हैं। केंद्र उन्हें सबकुछ दे रही है और हमारे मुख्यमंत्री उनके पैरों में गिर जाते हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा आरक्षण चोर है। एनडीए सरकार ने बिहार को विशेष पैकेज नहीं दिया। वहां चंद्रबाबू नायडू की सरकार को एनडीए

## बादाम का दूध पीने से हो सकते हैं कुछ नुकसान

**बादाम का दूध कुछ लोगों में पेट से जुड़ी समस्या का कारण भी बन सकता है। दरअसल, बादाम के दूध में कैरेजीनन होता है, जो एक गाढ़ा करने वाला एजेंट है। इसे पचाना कुछ लोगों के लिए मुश्किल हो सकता है।**

आज के समय में लोग दूध में लैक्टोज फ्री ऑप्शन चुनना पसंद करते हैं और ऐसे में वे बादाम के दूध का सेवन करते हैं। यह काफी लाइट होता है और इसका नटी टेस्ट होता है। शायद यही वजह है कि बादाम के दूध को ऐसे ही पीने के साथ-साथ कॉफी व स्मूदी में भी इस्तेमाल करते हैं। चूंकि, इसमें अक्सर रेग्युलर दूध की तुलना में कैलोरी कम होती है, इसलिए वजन कम करने की जद्दोजहद करने वाले लोगों के लिए यह एक अच्छा ऑप्शन है। लेकिन हर किसी के लिए बादाम का दूध पीना उतना सेहतमंद ऑप्शन नहीं है।

जबकि बादाम के दूध के अपने फ़ायदे हैं, इसके कुछ साइड इफ़ेक्ट भी हैं, जिन्हें बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बादाम का दूध पीने से होने वाले कुछ नुकसान के बारे में बता रहे हैं-

### थायराइड से जुड़ी समस्याएं

जिन लोगों को थायराइड की शिकायत होती है, उनके लिए बादाम का दूध पीना शायद उतना अच्छा ऑप्शन नहीं है। दरअसल, बादाम में गोइट्रोजन होते है, जिन्हें अगर बहुत अधिक मात्रा में लिया जाता है, तो यह थायराइड फ़ंक्शन को बाधित कर सकते हैं। इसलिए, थायराइड से पीड़ित व्यक्ति को हर दिन बादाम का दूध पीने या फिर इसे बहुत अधिक मात्रा में पीने से बचना चाहिए।

### किडनी स्टोन का बढ़ सकता है रिस्क

बादाम का दूध किडनी स्टोन की समस्या के रिस्क को भी बढ़ा सकता है। दरअसल, बादाम में ऑक्सालेट होते हैं, जो कुछ लोगों में किडनी स्टोन के गठन में योगदान कर सकते हैं। इसलिए, जिन लोगों को पहले से ही किडनी स्टोन होने का खतरा है, उन्हें बादाम के दूध सहित बादाम से बने बहुत सारे प्रोडक्ट्स का सेवन करने से बचना चाहिए।

### पेट से जुड़ी समस्या

बादाम का दूध कुछ लोगों में पेट से जुड़ी समस्या का कारण भी बन सकता है। दरअसल, बादाम के दूध में कैरेजीनन होता है, जो एक गाढ़ा करने वाला एजेंट है। इसे पचाना कुछ लोगों के लिए मुश्किल हो सकता है। ऐसे में कुछ लोगों को ब्लोटिंग, गैस या पेट में हल्की ऐंठन की शिकायत भी हो सकती है।




# चेन्नई पर्यटन स्थलः दक्षिण भारत का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक हब

"महाबलीपुरम, चेन्नई से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित एक ऐतिहासिक स्थल है, जो यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां के रॉक कट मंदिर, समुद्र तट और अद्भुत वास्तुकला पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।"

चेन्नई, जिसे पहले मद्रास के नाम से जाना जाता था, भारत के तमिलनाडु राज्य की राजधानी है और यह दक्षिण भारत का सबसे महत्वपूर्ण शहर है। चेन्नई की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक स्थल, सुंदर समुद्र तट, और आधुनिक जीवनशैली इसे एक आकर्षक पर्यटन स्थल बनाते हैं। यह शहर न केवल अपने व्यापारिक महत्व के लिए जाना जाता है, बल्कि यहां के ऐतिहासिक मंदिरों, संगीत, नृत्य और काव्य कला के लिए भी प्रसिद्ध है। आइए जानते हैं चेन्नई के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

### 1. महाबलीपुरम

महाबलीपुरम, चेन्नई से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित एक ऐतिहासिक स्थल है, जो यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां के रॉक कट मंदिर, समुद्र तट और अद्भुत वास्तुकला पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। विशेष रूप से फ़पंच रथफ़ और फ़अरजुन की तपस्याफ़ जैसे स्थल यहाँ की ऐतिहासिक धरोहर को उजागर करते हैं।

### 2. कापालेश्वर मंदिर

चेन्नई में स्थित कापालेश्वर मंदिर एक प्रमुख हिंदू मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर अपनी वास्तुकला और शिल्प कला के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर के आसपास का वातावरण भक्तों को शांति और ध्यान की अनुभूति कराता है। यह मंदिर चेन्नई के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है।

### 3. सेंट थॉमस चर्च

सेंट थॉमस चर्च, जो चेन्नई के सेंट थॉमस माउंट पर स्थित है, एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है। यह चर्च ईसाई धर्म के एक प्रमुख स्थल के रूप में पहचाना जाता है, क्योंकि कहा जाता है कि यहां सेंट थॉमस की ममी दफनाई गई थी। यहां का शांत वातावरण और ऐतिहासिक महत्व पर्यटकों को आकर्षित करता है।

### 4. विवेकानंद हाउस

विवेकानंद हाउस, जो चेन्नई के समुद्र तट के पास स्थित है, स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके योगदान को समर्पित एक संग्रहालय है। यहां आप स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं और उनके कार्यों के बारे में जान सकते हैं। यह स्थान उन लोगों के लिए आदर्श है जो भारतीय संतों और उनके विचारों के बारे में अधिक जानना चाहते हैं।

### 5. अन्ना सलाई

अन्ना सलाई, जिसे मार्सल रोड भी कहा जाता है, चेन्नई का एक प्रमुख वाणिज्यिक क्षेत्र है। यहां पर विभिन्न व्यापारिक केंद्र, शॉपिंग मॉल्स, रेस्टोरेंट्स और कैफे हैं, जो इसे शॉपिंग और खाने-पीने के शौकिनों के लिए आदर्श स्थान बनाते हैं। यह क्षेत्र चेन्नई की आधुनिक जीवनशैली को दर्शाता है।

### 6. ईक्विनॉक्स बीच

चेन्नई के समुद्र तटों में एक प्रमुख नाम ईक्विनॉक्स बीच का है। यह बीच पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है क्योंकि यहाँ पर शांति और सुकून का अनुभव होता है। सुबह और शाम के समय समुद्र के पास घूमना या बैठना एक अद्भुत अनुभव होता है। यहां का वातावरण स्वच्छ और शांतिपूर्ण होता है, जो पर्यटकों को बहुत आकर्षित करता है।

7. वेलाचेरी झील

यदि आप प्रकृति से जुड़ना चाहते हैं, तो वेलाचेरी झील एक बेहतरीन स्थल है। यह एक शांत और सुंदर झील है, जहाँ आप पैदल चलने, बोटिंग करने या सिर्फ दृश्य का आनंद लेने के लिए आ सकते हैं। यह स्थल शहर के शोर-शराबे से दूर आराम और सुकून का अनुभव प्रदान करता है।

8. मरीना बीच

मरीना बीच, चेन्नई का सबसे प्रसिद्ध समुद्र तट है और यह भारत का दूसरा सबसे लंबा समुद्र तट है। यहां पर घूमने का अनुभव बहुत ही अद्भुत होता है। खासकर सुबह और शाम के समय यहाँ की हवा और समुद्र का दृश्य बहुत ही आकर्षक होता है। यहाँ के किनारे पर चलना, सूर्योदय और सूर्यास्त का नजारा देखना एक अविस्मरणीय अनुभव होता है।

9. चितारन मंदिर

चितारन मंदिर चेन्नई के पास स्थित एक प्रसिद्ध शिव मंदिर है। यह मंदिर अपनी अद्वितीय वास्तुकला और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यहां भगवान शिव के नटराज रूप की पूजा की जाती है और यह स्थान भारतीय हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्रों में से एक है।


10. कांची काचीयमंगलम

कांची काचीयमंगलम, जो चेन्नई से लगभग 70 किलोमीटर दूर है, तमिलनाडु का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है। यहाँ के प्राचीन मंदिर और हस्तशिल्प उत्पादों के लिए कांची काचीयमंगलम प्रसिद्ध है। यह स्थल इतिहास और संस्कृति में रुचि रखने वाले पर्यटकों के लिए आदर्श है।

चेन्नई एक विविधताओं से भरा हुआ शहर है, जहां पर सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों का एक बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलता है। यहां का प्रत्येक स्थल अपनी अलग पहचान और आकर्षण से भरपूर है। चाहे आप धार्मिक स्थलों के दर्शनों के लिए जाएं या समुद्र के किनारे शांति का अनुभव करना चाहें, चेन्नई हर प्रकार के पर्यटकों के लिए आदर्श गंतव्य है।

# उम्र के हिसाब से हीमोग्लोबिन का लेवल कितना होना चाहिए?

## 2-5 वर्ष के बच्चे में खून की मात्रा कितनी होनी चाहिए?



डॉक्टर और विशेषज्ञ हमेशा जरूरी मात्रा में स्वस्थ और पौष्टिक भोजन खाने की सलाह देते हैं. दरअसल, आहार से प्राप्त पोषण इम्यून सिस्टम और हमारे शरीर की सभी प्रणालियों के सुचारू रूप से कार्य करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है. आहार से मिलने वाले न्यूट्रिएंट्स और मिनरल्स जैसे कि आयरन, प्रोटीन, विटामिन और कैल्शियम आदि शरीर की सभी इंटरनल सिस्टम को सही और स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. साथ ही, इन न्यूट्रिएंट्स और कई आंतरिक शारीरिक गतिविधियों के कारण हमारे शरीर में कुछ खास तरह के तत्व और तरल पदार्थ भी बनते हैं, जो शरीर को अलग-अलग तरह से पूरी तरह स्वस्थ रखने में अपनी भूमिका निभाते हैं.

हीमोग्लोबिन भी एक तरह का प्रोटीन है जो रेड ब्लड सेल्स में पाया जाता है. खून में हीमोग्लोबिन की कमी एनीमिया यानी खून की कमी का संकेत माना जाता है. वहीं, अगर खून में हीमोग्लोबिन जरूरत से ज्यादा कम होने लगे तो इससे न सिर्फ हमारी शारीरिक और मानसिक गतिविधियां प्रभावित होती है बल्कि कई बार कम या ज्यादा गंभीर समस्याएं भी हो सकती हैं.

### खून में हीमोग्लोबिन का आदर्श स्तर होना महत्वपूर्ण है

दिल्ली की पोषण विशेषज्ञ डॉ दिव्या शर्मा बताती हैं कि हीमोग्लोबिन हमारी रेड ब्लड सेल्स यानी (आरबीसी) में पाया जाने वाला महत्वपूर्ण प्रोटीन है, जो खून के माध्यम से हमारे पूरे शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने का कार्य करता है. शरीर में जब हीमोग्लोबिन की मात्रा ज्यादा कम हो जाती है, तो शरीर के सभी अंगों, उतकों और कोशिकाओं में आवश्यक ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित होने लगती है. यह स्थिति कई रोगों तथा समस्याओं का कारण बन सकती है.

### उम्र के हिसाब से हीमोग्लोबिन कितना होना चाहिए

डॉ. दिव्या बताती हैं कि पुरुष, महिला और बच्चों में इसकी आदर्श मात्रा अलग-अलग होती है, उदाहरण के लिए सामान्य स्थिति में नवजात शिशु में हीमोग्लोबिन का सामान्य स्तर 17.22 ग्राम/डीएल माना जाता है, जबकि बच्चों में यह 11.13 ग्राम/डीएल होता है. वहीं, एक वयस्क पुरुष के रक्त में हीमोग्लोबिन का आदर्श स्तर 14 से 18 ग्राम/डीएल और एक वयस्क महिला में 12 से 16 ग्राम/डीएल माना जाता है. वयस्कों में इस संख्या में एक या दो अंकों की कमी आमतौर पर बहुत गंभीर नहीं मानी जाती है, लेकिन अगर रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर 8 ग्राम या उससे नीचे चला जाए तो इसे चिंताजनक स्थिति माना जाता है. इस स्थिति में डॉक्टर से संपर्क करना बहुत जरूरी हो जाता है.

### 2 से 5 वर्ष के बच्चे में खून की मात्रा कितनी होनी चाहिए?

2 से 5 साल की उम्र के बच्चे में हीमोग्लोबिन का स्तर 11.5 से 13.5 ग्राम प्रति डेसीलिटर होना चाहिए. यह स्तर बच्चे के विकास और अच्छे स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है.

शरीर में एनीमिया के लक्षण

रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी या एनीमिया की समस्या होने पर पीड़ित लोगों में कई बार कम या ज्यादा तीव्रता में कुछ शारीरिक व मानसिक समस्याएं नजर आने लगती हैं. जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं.


### लगातार या जल्दी जल्दी सिर दर्द होना

- सांस फूलना तथा चक्कर आना
- थकान और कमजोरी
- शरीर में अकड़न महसूस होना
- लो ब्लड प्रेशर या लो बीपी
- शरीर में एनर्जी में कमी
- चिड़चिड़ापन तथा घबराहट होना
- सीने में दर्द
- तेज या अनियमित दिल की धड़कन
- खून की कमी
- ज्यादा ठंड लगना और हाथ और पैर ठंडे होना
- एकाग्रता में कमी
- हड्डियों में कमजोरी
- कमजोर इम्यूनिटी या इम्यूनिटी से संबधित रोग

### महिलाओं में मासिक धर्म के दौरान ज्यादा दर्द होना , आदि.

### ये हैं खून की कमी के कारण

डॉ. दिव्या बताती हैं कि हमेशा शरीर में पोषण की कमी ही ब्लड में हीमोग्लोबिन कम होने का कारण नहीं होती. कई बार आनुवंशिक कारणों, सिकल सेल एनीमिया जैसी आनुवंशिक समस्याओं, कैंसर, थैलेसीमिया, किडनी की समस्याओं, लिवर की बीमारी जैसी कुछ बीमारियों या शारीरिक समस्याओं, ऑटोइम्यून बीमारी, बोन मैरो डिसऑर्डर और थायरॉयड रोग जैसी कुछ पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों के कारण भी हीमोग्लोबिन का स्तर कम हो सकता है. इसके अलावा, जिन लोगों के ब्लड में हीमोग्लोबिन की मात्रा अपेक्षित संख्या से कम होती है, उन्हें कभी-कभी अवसाद, उदासीनता, उनींदापन और चिड़चिड़ापन और संज्ञानात्मक और तार्किक क्षमता में कमी जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है.



# भारत को निवेश-अनुकूल माहौल बनाने नियामकीय ढांचे की जरूरतः शीर्ष आर्थिक सलाहकार

**- अधिक पूंजी और प्रतिस्पर्धा के लिए सरकार से उपाय अपनाने की अपील**



नई दिल्ली ।

भारतीय आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने देश के लिए निवेश-अनुकूल माहौल बनाने के लिए एक आधुनिक और प्रभावी नियामकीय ढांचे की आवश्यकता पर जोर दिया है। वैश्विक आर्थिक दबावों के कारण विदेशी निवेश पर हुई गिरावट को देखते हुए उन्होंने सरकार से नीतिगत सुधारों की मांग की है। नागेश्वरन ने बजट के बाद आयोजित वेबिनार में बताया कि भारत अब एक आकर्षक निवेश गंतव्य बन रहा है, लेकिन इसके लिए नियामकीय स्पष्टता और व्यापार संचालन को सरल बनाने की जरूरत है। उन्होंने अधिक पूंजी और प्रतिस्पर्धा के लिए सरकार से उपाय अपनाने की अपील की है। इससे पहले भी सरकार ने एफडीआई नीति में सुधार की घोषणा की थी, जिसमें बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा को 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी करने की प्रस्तावना शामिल है। यह कदम नवाचार और पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देगा। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2024 में देश की आउटवर्ड एफडीआई प्रतिबद्धताएं करीब 2.28 बिलियन कम हो गईं हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में हैरान करने वाली है।

यह स्थिति दिखाती है कि नवीन और स्पष्ट नीतिगत सुधारों की आवश्यकता है। नागेश्वरन ने कहा कि भारत को आपसी निवेश बढ़ाने और नए व्यापारिक अवसरों को उद्घाटन करने के लिए रचनात्मक आशावाद को बनाए रखना होगा।

यह न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाएगा बल्कि आर्थिक विकास में भी मदद करेगा।

# ओला ने अपने कर्मचारियों के लिए नई साप्ताहिक रिपोर्टिंग प्रणाली शुरू की

**- हर हफ्ते अपने द्वारा गए कामों के 3-5 बुलेट पॉइंट के साथ एक ईमेल भेजना अनिवार्य होगा**

नई दिल्ली ।

ओला के संस्थापक और सीईओ भाविश अग्रवाल ने अपनी कंपनियों के कर्मचारियों के लिए एक नई साप्ताहिक रिपोर्टिंग प्रणाली लागू की है। क्या चल रहा है? नामक इस पहल के तहत, कर्मचारियों को हर हफ्ते अपने द्वारा पूरे किए गए कामों के 3-5 बुलेट पॉइंट के साथ एक ईमेल भेजना अनिवार्य होगा। यह रिपोर्ट कंपनी के ईमेल पते और उनके प्रबंधकों को भेजी जाएगी। इंटरनल ईमेल में कहा गया कि आज से हम 'क्या चल रहा है?' शुरू कर रहे हैं, ताकि कर्मचारी सीधे मुझे और अपने प्रबंधकों को अपने साप्ताहिक अपडेट साझा कर सकें। इसमें आगे बताया गया कि सभी को क्या चल रहा है... वेबसाइट पर अपने अपडेट भेजने होंगे। रिपोर्ट की समयसीमा अगले दिन तय की गई, जबकि भविष्य में इसे हर रविवार को जमा करना अनिवार्य होगा। यह पहल ऐसे समय में आई है जब ओला अपने खर्चों में कटौती और मुनाफा बढ़ाने की दिशा में कदम उठा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओला इलेक्ट्रिक 1,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही है, जो पांच महीनों में दूसरा बड़ा कटौती अभियान होगा। इससे खरीद, ग्राहक संबंध और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे विभाग प्रभावित होंगे। इस नई रिपोर्टिंग प्रणाली को एलन मस्क की हाल ही में पेश की गई नीति से जोड़ा जा रहा है, जिसमें उन्होंने यूएस फेडरल कर्मचारियों को साप्ताहिक उपलब्धि रिपोर्ट देने का निर्देश दिया था। मस्क की इस नीति का उद्देश्य सरकारी कार्यों में जवाबदेही बढ़ाना था, हालांकि इसे कर्मचारियों के मनोबल पर नकारात्मक प्रभाव डालने के लिए आलोचना भी झेलनी पड़ी। भाविश अग्रवाल इससे पहले भी कर्मचारियों की परफॉर्मेंस को लेकर सख्त रुख अपना चुके हैं। पिछले साल दिसंबर में उन्होंने एक इंटरनल ईमेल के जरिए खराब उपस्थिति पर कर्मचारियों को चेतावनी दी थी।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए बीमा प्रीमियम में 10 फीसदी की वृद्धि पर रोक

**- प्री मियम बढाने से पहले आईआरडीएआई से अनुमति लेनी होगी**



नई दिल्ली ।

भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने जारी किया एक परिपत्र, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में वृद्धि पर रोक लगाई गई है। 30 जनवरी, 2025 को जारी इस निर्देश के अनुसार कोई भी बीमा कंपनी 10 फीसदी से अधिक प्रीमियम वृद्धि नहीं कर सकेगी, और अगर वृद्धि करनी हो तो पहले आईआरडीएआई से अनुमति लेनी होगी। स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम की वृद्धि को लेकर चिंता करने वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह निर्देश एक सकारात्मक कदम है। नियामक द्वारा निर्धारित सीमा का पालन करने से उन्हें सुरक्षित महसूस होगा कि उनका प्रीमियम विचारशीलता से निर्धारित है। बीमा कंपनियों को भी इस नए निर्देश का पालन करना होगा और वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए उन्हें स्थिरता और विश्वसनीयता के साथ काम करना होगा। इस निर्देश की मान्यता से बीमा कंपनियों को ग्राहकों का भरोसा भी मिलेगा और इससे वरिष्ठ नागरिकों को अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस निर्देश से स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के तैराकी और उन्हें खरीदने की ऊर्जा बढ़ेगी। वरिष्ठ नागरिकों को अपने इस खर्च के लिए टेंशन नहीं लेनी पड़ेगी और भविष्य की योजनाएं बनाना और अनुकूलित करने में उन्हें आसानी होगी।

# चीन ने 3000 साल पुरानी बुनाई तकनीक से स्टील्थ विमानों की कमजोरी दूर की

बीजिंग ।

चीन ने 3,000 साल पुरानी रेशम बुनाई तकनीक का उपयोग करके स्टील्थ लड़ाकू विमानों की रडार-शोषक कोटिंग को मजबूत करने में सफलता हासिल की है। इस तकनीक से विमान की स्टील्थ कोटिंग में आने वाली दरारों को ठीक किया जा सकता है, जिससे उसकी रडार से बचने की क्षमता बनी रहती है। वहीं अमेरिका अपने एफ-22 रैप्टर जैसे स्टील्थ विमानों की कोटिंग के क्षरण की समस्या से जूझ रहा है, जिससे विमान की स्टील्थ क्षमता प्रभावित होती है। स्टील्थ विमानों में इस्तेमाल होने वाली कोटिंग की सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह तेज गति, उच्च वायुगतिकीय दबाव, रेगिस्तानी तूफानों और नमी के कारण जल्दी खराब हो जाती है। अमेरिका के लड़ाकू विमानों में हर तीन सप्ताह में इस कोटिंग को दोबारा लगाना पड़ता है, जिससे प्रति उड़ान घंटे 60,000 डॉलर तक की लागत आती है। वहीं चीन का दावा है कि उसने इस समस्या का समाधान प्राचीन बुनाई तकनीक के माध्यम से खोज लिया है। चीनी एयरोस्पेस साइंस एंड इंडस्ट्री कॉरपोरेशन और तियांगोंग यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने हान राजवंश (206 ईसा पूर्व-220 ईस्वी) की जैक्वार्ड बुनाई तकनीक से प्रेरित एक दोहरे परत वाले मिश्रित कपड़े का विकास किया है। इस कपड़े में ताना-बुनी गई प्रवाहकीय धागों की संरचना है, जो 8-26 जीएसजेड स्पेक्ट्रम की 90.6 फीसदी रडार तरंगों को अवशोषित कर सकती है। यह पारंपरिक कोटिंग की तुलना में अधिक प्रभावी है।

# टाटा मोटर्स ने शुरू किया हाइड्रोजन ट्रकों का ट्रायल

**- 24 महीने तक परखी जाएगी क्षमता**

नई दिल्ली ।

वर्ष 2070 तक शून्य उत्सर्जन के भारत के दृष्टिकोण की दिशा में सहायक भारत की प्रमुख वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी टाटा मोटर्स ने हाइड्रोजन से चलने ट्रकों का पहली बार परीक्षण शुरू किया है। परीक्षण का यह दौर 24 महीने तक चलेगा और इसमें विभिन्न कॉन्फिगुरेशन और पेलोड क्षमताओं वाले 16 एडवांस्ड हाइड्रोजन-संचालित वाहनों का निर्माण शामिल है।

ये वाहन नए जमाने के हाइड्रोजन पेट्रोल-डीजल इंजन (एच2-आईसीई) और फ्यूल सेल (एच2-एफसीईवी) प्रौद्योगिकियों से संपन्न होंगे और इनका भारत के बेहद प्रमुख ढुलाई मार्गों पर परीक्षण किया जाएगा जिनमें मुंबई, पुणे, दिल्ली-एनसीआर, सूरत, वड़ोदरा, जमशेदपुर और कलिंगनगर शामिल हैं।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस ट्रायल को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है जिसमें उत्सर्जन को कम करते हुए और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ाते हुए भारत के परिवहन क्षेत्र को बदलने की अपार क्षमता है। इस तरह की पहल से बड़े ट्रकों की गतिविधियों में बदलाव आएगा और हम एक कुशल, कम कार्बन वाले भविष्य की ओर तेजी से बढ़ने में सक्षम होंगे। मैं हाइड्रोजन-संचालित हरित और स्मार्ट परिवहन को सक्षम करने की दिशा में इस महत्वपूर्ण कदम में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए टाटा मोटर्स को बधाई देता हूं।

## भारत के सेवा क्षेत्र में तेज वृद्धि, उत्पादन और रोजगार में बढ़ोत्तरीः पीएमआई

नई दिल्ली । देश के सेवा क्षेत्र में फरवरी महीने में तेज वृद्धि के चरम पर पहुंचा है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग में सुधार के कारण, जिसे 26 महीनों की निकटता में पाया गया है। एक प्रमुख अर्थशास्त्री ने बताया कि नवीनतम सर्वेक्षण के अनुसार इस माह में सेवा क्षेत्र में उत्पादन में वृद्धि हो रही है और इससे रोजगार में भी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। इस अच्छे समाचार का संकेत एचएसबीसी की सूचकांक ने दिया है। पहले 26 महीने में 56.5 से बढ़कर इस महीने में 59.0 तक पहुंच गया है, जिससे साफ होता है कि देश के सेवा क्षेत्र में तेजी सतह पर है। भारतीय अर्थव्यवस्था के इस उल्लेखनीय उतार-चढ़ाव के बीच, वैश्विक मांग की वृद्धि ने सेवा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे उत्पादन वृद्धि और रोजगार की स्थिरता को प्रोत्साहित किया जा सकता है। इस सुधार के बड़े असर को देखते हुए, सेवा क्षेत्र में नई ऊर्जा के साथ और भी अच्छी गति की उम्मीदें जताई जा रही है, जो देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत है।



## 10,000 रुपए की एसआईपी से निवेशकों को मिला 28 लाख का फंड

मुंबई ।

सबीआई बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज फंड ने अपने 10 साल कर लिए हैं इस दौरान इसने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विसेज पर केंद्रित इस फंड ने लंबी अवधि में स्थिर प्रदर्शन किया है। यदि किसी निवेशक ने फरवरी 2015 में इस स्कीम में सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए 10,000 रुपए का मासिक निवेश शुरू किया होता, तो अब तक उसकी निवेशित राशि की वैल्यू करीब 28 लाख रुपए हो गई होती। इस स्कीम की शुरुआत 26 फरवरी, 2015 में हुई थी। सबीआई बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज स्कीम की शुरुआत 26 फरवरी, 2015 में हुई थी। शुरुआत से अब तक एसबीआइ बैंकिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज फंड का प्रदर्शन शानदार रहा है। इस दौरान इस स्कीम के डायरेक्ट प्लान ने 14.94 फीसदी और रेगुलेर प्लान ने 13.73 फीसदी रिटर्न दिया है। बीते 5 साल में इसका रिटर्न 14.26 फीसदी सीएजीआर रहा।अगर आपने इस स्कीम में इसके लॉन्च के समय 1 लाख रुपए का एकमुश्त निवेश किया होता तो डायरेक्ट प्लान में आपका पैसा बढ़कर 4.03 लाख रुपए और रेगुलर प्लान में 3.62 लाख रुपए हो गया होता। इस फंड का एसेट अंडर मैनेजमेंट 31 जनवरी, 2025 को 6,481 करोड़ रुपए था।

## जियो ने एएमडी, सिस्को और नोकिया के साथ मिलकर एआई प्लेटफॉर्म बनाया

**- नेटवर्क सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाने की उम्मीद**

नई दिल्ली । जियो प्लेटफॉर्म्स ने स्वामित्व वाली प्रौद्योगिकी कंपनियों एएमडी, सिस्को और नोकिया के साथ मिलकर एक ओपन टेलीकॉम एआई प्लेटफॉर्म बनाया है, जिससे प्रौद्योगिकी लागत को कम करने के साथ-साथ नेटवर्क सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाने की उम्मीद है। एक संयुक्त बयान में कहा गया कि मल्टी-डोमेन इंटेलिजेंस फ्रेमवर्क नेटवर्क संचालन की हर परत में कृत्रिम मेधा (एआई) और स्वचालन को एकीकृत करेगा। रिलायंस जियो के समूह एक मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बयान में कहा कि एएमडी, सिस्को और नोकिया के सहयोग से जियो ओपन टेलीकॉम एआई प्लेटफॉर्म को आगे बढ़ा रहा है ताकि नेटवर्क को स्व-अनुकूलित, ग्राहक-जागरूक पारिस्थितिकी तंत्र में बदल दिया जा सके। उन्होंने कहा कि यह पहल स्वचालन से कहीं आगे एआई-संचालित, स्वायत्त नेटवर्क को सक्षम करने के बारे में है जो वास्तविक समय में अनुकूलन करते हैं, उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाते हैं, और डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में नई सेवा और राजस्व के अवसर पैदा करते हैं। बयान में कहा गया है कि एआई प्लेटफॉर्म एक बड़े भाषा मॉडलसे स्वतंत्र होगा और अपनी कार्यक्षमता और क्षमताओं को अनुकूलित करने के लिए एक खुले एप्लिकेशन इंटरफेस का उपयोग करेगा।

# शेयर बाजार बढ़त पर बंद

**सेंसेक्स 740 अंक , निफ्टी 254 अंक उछला**

मुम्बई ।

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। इससे पिछले दिनों से जारी गिरावट पर अंकुश लग गया। बाजार में ये तेजी एशियाई सहित दुनिया भर के बाजारों से मिल अच्छे संकेतों के साथ ही आईटी शेयरों में खरीददारी हावी रहने से आई है। इससे बाजार में सकारात्मक माहौल बना। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 740.30 अंक करीब 1.01 फीसदी बढ़कर 73,730.23 पर जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 254.65 अंक तकरीबन 1.15 फीसदी ऊपर आकर 22,337.30 पर बंद हुआ

वहीं निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 2.96 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप100 इंडेक्स भी 2.42 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ।

बाजार जानकारों के अनुसार आज निचले स्तरों पर खरीदार से बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में तेजी से भी घरेलू बाजारों पर अच्छा प्रभाव पड़ा। इसके अलावा आईटी शेयरों में उछाल ने भी बाजार को बल मिला। आज कारोबार के दौरान निफ्टी 50 के 50 शेयरों में से 46 आज बढ़त में बंद हुए। अदानी पोर्ट्स के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे। इसमें 5 फीसदी की तेजी आई। टाटा स्टील, अदानी एंटरप्राइजेज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन 5.15 फीसदी तक बढ़े। वहीं दूसरी ओर बजाज फाइनेंस, इंडियन बैंक, एचडीएफसी बैंक और श्रीराम फाइनेंस 3.37 के शेयरों में गिरावट रही। वहीं गत दिवस बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। अमेरिका के व्यापारिक साझेदारों पर टैरिफ लगाने के फैसले से वहां गिरावट आई है। एसएंडपी 500 में 0.7 फीसदी की गिरावट आई, नैस्डैक में 0.6 फीसदी की गिरावट आई और डॉव में 423 अंक या 1 फीसदी की गिरावट आई।

इससे पहले आज सुबह बाजार हल्की तेजी के साथ खुला। सेंसेक्स मामूली बढ़त लेकर 73,005.37 पर खुला। इसी तरह निफ्टी50 भी बढ़त में खुला। सुबह की शुरुआत में यह 135.40 अंक की बढ़त लेकर 22,218.05 के स्तर पर ट्रेड कर रहा था।





## रुपया बढ़त पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपया 15 पैसे की बढ़त के साथ ही 87.04 रुपये पर बंद हुआ। वहीं आज सुबह शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे बढ़कर 87.10 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क बढ़ाने से वैश्विक बाजारों में एक जवाबी प्रतिक्रया शुरू हो गई है। इसके चलते डॉलर में गिरावट का दौर शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक व्यापार युद्ध की आशंका वित्तीय दुनिया को जकड़े हुए है, इसलिए रुपये में थोड़ी नकारात्मक प्रवृत्ति के साथ कारोबार का अनुमान है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 87.18 पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह बढ़त के साथ 87.10 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से नौ पैसे ऊपर है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 13 पैसे की बढ़त के साथ 87.19 पर बंद हुआ था।

## चीन ने इस वर्ष के लिए अपना आर्थिक वृद्धि लक्ष्य तय किया

बीजिंग ।

चीन ने अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध और अन्य प्रतिकूलताओं के बावजूद 2025 के लिए अपना आर्थिक वृद्धि लक्ष्य लगभग पांच प्रतिशत तय किया है। चीन की विधायिका की वार्षिक बैठक नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के उद्घाटन सत्र में प्रीमियर ली कियांग ने बुधवार को एक रिपोर्ट पेश की, जिसमें जीडीपी वृद्धि के लक्ष्य की घोषणा की गई। यह इस बात का संकेत देता है कि चुनौतीपूर्ण आर्थिक समय में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सरकार कितनी महत्वाकांक्षी है। चीन सरकार के आंकड़ों के अनुसार आईएमएफ ने अनुमान लगाया है कि इस साल उसकी अर्थव्यवस्था 4.6 प्रतिशत बढ़ेगी। यह आंकड़ा 2024 में पांच प्रतिशत था।रिपोर्ट में कहा गया कि लगभग पांच प्रतिशत का लक्ष्य हमारे मध्यम और दीर्घकालिक वृद्धि लक्ष्यों के साथ अच्छी तरह से मेल खाता है और कठिनाइयों का सामना करने तथा उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करने के हमारे संकल्प को दर्शाता है।

# मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एफडीआई इक्विटी प्रवाह में 69 फीसदी बढ़ा

**-औद्योगिक विकास को गति देने सरकार ने प्रमुख क्षेत्रों के लिए बजट बढ़ाया**

नई दिल्ली।

केंद्र सरकार ने कहा है कि उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के कारण मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एफडीआई इक्विटी प्रवाह में 69 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जो 98 बिलियन डॉलर (2004-2014) से बढ़कर 165 बिलियन डॉलर (2014-2024) हो गया है। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए सरकार ने 2025-26 में पीएलआई योजना के तहत प्रमुख क्षेत्रों के लिए बजट आवंटन बढ़ाया है, जिससे घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है।

अगस्त 2024 तक, कुल 1.46 लाख करोड़ रुपए का वास्तविक निवेश मिला है, अनुमान है कि यह आंकड़ा अगले साल के भीतर 2 लाख करोड़ रुपए को पार कर जाएगा। इन निवेशों से उत्पादन और बिक्री में वृद्धि हुई है, जो 12.50 लाख करोड़ रुपए है, जबकि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से करीब 9.5 लाख नौकरियां पैदा हुई हैं, निकट भविष्य में यह संख्या बढ़कर 12 लाख होने की उम्मीद है। कई क्षेत्रों में शानदार वृद्धि हुई है, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी हार्डवेयर के लिए आवंटन 5,777 करोड़ रुपए से बढ़कर 9,000 करोड़ रुपए हो गया है और ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट में 346.87 करोड़ रुपए से 2,818.85 करोड़ रुपए तक की वृद्धि हुई है।

सरकार के मुताबिक कपड़ा क्षेत्र को भी बढ़ावा मिला है, जिसका आवंटन 45 करोड़ रुपए से बढ़कर 1,148 करोड़ रुपए हो गया है। भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पीएलआई योजना के तहत फल-फूल रहा है, जो मोबाइल फोन के शुद्ध आयातक से शुद्ध निर्यातक में बदल गया है। घरेलू उत्पादन 2014-15 में 5.8 करोड़ यूनिट से बढ़कर 2023-24 में 33 करोड़ यूनिट हो गया है, जबकि आयात में गिरावट आई है। निर्यात 5 करोड़ यूनिट तक पहुंच गया और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 254 फीसदी की बढ़ोरती हुई है, जो मैन्युफैक्चरिंग और निवेश को बढ़ावा देने में योजना की भूमिका को दर्शाता है।

## जोमेटो- स्विगी के निवेशक होंगे मालालाल

मुंबई । शेयर बाजार में अगर आप स्विगी और जोमैटो के निवेशक मालामाल हो सकते हैं। दोनों शेयरों में अगले एक साल में 127 फीसदी तक के रिटर्न का अनुमान जताया गया है। एक ब्रोकरेज फर्म ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि स्विगी का टारगेट प्राइस 740 रुपये प्रति शेयर और जोमैटो का टारगेट प्राइस 310 रुपये प्रति शेयर रखा है। अगर ये दोनों टारगेट प्राइस हासिल होते हैं तो स्विगी के शेयरों मौजूदा स्तर से 127 फीसदी तक की तेजी देखने को मिल सकती है, जबकि जोमैटो के शेयरों में 40 फीसदी का रिटर्न मिल सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इन कंपनियों में डिस्काउंट देने का ट्रेंड अब अपने पीक लेवल से नीचे आ चुका है, जो नवंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच सबसे ऊंचे स्तर पर था। इसके अलावा कंपनियां अब छोटे ऑर्डर्स पर डिस्काउंट देने की बजाय, बड़े ऑर्डर वॉल्यूम को बढ़ावा दे रही हैं। दोनों कंपनियों के परफॉर्मेंस मार्केटिंग खर्चों में भी कटौती हुई है, जिससे संकेत मिलता है कि कंपनियां अब टिकाऊ ग्रोथ की ओर बढ़ रही हैं। अगर ये दोनों टारगेट प्राइस हासिल होते हैं तो स्विगी के शेयरों मौजूदा स्तर से 127 फीसदी तक की तेजी देखने को मिल सकती है, जबकि जोमैटो के शेयरों में 40 फीसदी का रिटर्न मिल सकता है।

## संदेह की डगर- संचार मंत्रालय और संसदीय समिति के बीच टकराव

नई दिल्ली । संचार मंत्रालय और संसदीय समिति के बीच एक नया विवाद उभरा है, जिसकी शुरुआत हुई है दूरसंचार कंपनियों द्वारा हासिल किए गए स्पेक्ट्रम के मुद्दे पर। एक संसदीय समिति ने संचार मंत्रालय से चिंता व्यक्त की है कि 2022 से पहले यह स्थिति संशोधित होनी चाहिए। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली समिति ने मंत्रालय को पत्र भेजकर इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त की है। समिति का कहना है कि स्पेक्ट्रम नीलामी की प्रक्रिया में कमी की उचित जांच की जानी चाहिए, और उन्होंने पूर्व में भी इस मुद्दे पर प्रकाश डाला है। सूत्रों के मुताबिक, समिति ने इस मामले में संचार और आईटी क्षेत्र की संतुलित विकास की चिंता व्यक्त की है। उनके अनुसार, 2015 की कैग रिपोर्ट में भी उसी बात का उल्लेख है। इस विवाद में, संचार मंत्रालय को समिति के आवाज को सुनने और उसकी सिफारिशों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। दूरसंचार सेवाओं के विस्तार और उनके उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए सही स्पेक्ट्रम का उपयोग महत्वपूर्ण है, और इसलिए इस मुद्दे पर स्पष्टता और समझौता जरूरी है। संचार मंत्रालय और संसदीय समिति के बीच इस विवाद का समाधान होगा, और उम्मीद है कि सही निर्णय लिया जाएगा जो देश के संचार सेवाओं के उत्कृष्टिकरण में मददगार साबित होगा।

# कांशी राम की विरासत और मायावती की तर्ज-ए-सियासत


निर्मल रानी

**सच तो यह है कि मायावती के नेतृत्व में बसपा का न केवल समाज में प्रभाव कम होता जा रहा है बल्कि संगठन भी बिखराव के दौर से गुजर रहा है। पिछले दिनों जिसतरह उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक समेत सभी मुख्य पदों से हटा दिया और दो दिन बाद ही उन्हें पार्टी से निष्कासित भी कर दिया उससे भी यही सन्देश गया कि मायावती को अपने परिवार के बाहर भी कोई उत्तराधिकारी नजर नहीं आया और जिस भतीजे को अपना राजनैतिक उत्तराधिकारी बनाया भी उससे भी जल्द ही पीछा छुड़ा लिया? इस तरह के ढुलमुल फैसलों का प्रभाव निश्चित रूप से पार्टी पर जरूर पड़ेगा। सच तो यही है कि कांशी राम की विरासत के रूप में मिले व्यापक जनाधार वाले राजनैतिक दल को मायावती की तर्ज-ए-सियासत के चलते काफी नुकसान हुआ है।**

दशक 1980 में बसपा प्रमुख कांशी राम पूरे देश में घूम घूम कर भारतीय समाज को 85 : 15 का जनसँख्या अनुपात समझाते थे और यह बताते थे कि 15 प्रतिशत कथित उच्च जाति के लोग शेष 85 प्रतिशत जातियों व समुदायों के लोगों पर राज कर रहे हैं। और तभी यह नारा प्रचलित हुआ था - वोट हमारा, राज तुम्हारा - नहीं चलेगा, नहीं चलेगा। जैसे जैसे कांशी राम के नेतृत्व में यह बहुजन आंदोलन आगे बढ़ता गया वैसे वैसे मनुवाद तथा सनातन व्यवस्था में उल्लिखित वर्ण व्यवस्था पर इनका आक्रमण और तेज होता गया। यहाँ तक कि 'तिलक, तराजू और तलवार जैसा 'अभद्र नारा भी उन्हीं दिनों में खूब प्रचलित हुआ। यही वह आंदोलन था जिसमें दलित पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्ग के लोग जुड़ते चले गये। यानी कांग्रेस का परम्परागत वोट बैंक धीरे धीरे खिसकना शुरू हो गया। इसी बीच कांशीराम ने 1984 में बहुजन समाज पार्टी नामक एक नये राजनैतिक दल की स्थापना कर दी। उसी दौरान कांशी राम की भेंट मायावती से हुई जोकि उस समय वकालत व बी एड करने के बाद दिल्ली इंद्रपुरी स्थित जेजे कॉलोनी में एक अध्यापिका के रूप में कार्यरत थीं और साथ ही सिविल सर्विसेज परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही थीं। तभी कांशी राम ने मायावती के तेज तर्रार व्यक्तित्व से प्रभावित होकर कहा था कि - 'मैं तुम्हें एक दिन इतना बड़ा नेता बना सकता हूं कि एक नहीं बल्कि आईएएस अधिकारियों की पूरी कतार तुम्हारे आदेशों का पालन करने के लिए लाइन में खड़ी हो जाएगी।' तभी से वे कांशी राम के सहयोगी के रूप में उनके साथ प्रायः देखी जाने लगीं तथा उनके 'क्रन्तिकारी ' व उत्तेजक भाषण भी लोगों को प्रभावित करने लगे।

कांशीराम का 9 अक्टूबर 2006 को 72 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कांशीराम के जीवन के अंतिम दौर में उनकी विरासत को लेकर बसपा के भीतर तथा कांशीराम के परिजनों के द्वारा काफी विवाद भी खड़ा किया गया। परन्तु तेज तर्रार मायावती तब तक कांशी राम पर व उनकी विरासत रुपी बसपा पर पूरा नियंत्रण कर चुकी थीं। यही वजह थी कि बौद्ध धर्म के अनुसार हुये कांशीराम के अंतिम संस्कार में उनके परिजनों ने नहीं बल्कि स्वयं मायावती ने ही उनकी



चिता को अग्नि दी। अब पार्टी में उन्हें 'बहन जी ' के नाम से बुलाया जाने लगा। कांशीराम के नेतृत्व में ही बीएसपी ने 1999 के संसदीय चुनावों में 14 संसदीय सीटें जीतीं थीं। मायावती को चार बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर बैठने का भी सौभाग्य हासिल है। परन्तु यह कहना गलत नहीं होगा कि जिस बसपा को कांशीराम ने एक मिशन के रूप में स्थापित किया था और कांशी राम के जिस मिशन से बड़े सामाजिक परिवर्तन की आहट महसूस हो रही थी, पार्टी पर मायावती का वर्चस्व होने के बाद वही मिशन, वही पार्टी अब सत्ता, वैभव, आत्ममुग्धता और परिवारवाद का शिकार होती नजर आने लगी। यहाँ तक कि केवल सत्ता हासिल करने के लिये बुनियादी विचारों से भी समझौता करने लगीं। जिस 'मनुवादी ' व्यवस्था के विरुद्ध बसपा का जन्म हुआ था, 2007 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में उसी ब्रह्मण समुदाय के समर्थन की जरुरत महसूस हुई तो तिलक, तराजू और तलवार जैसा नारा भी बदल गया। 2007 में बहुजन समाज पार्टी, सर्वजन समाज की बातें करने लगी। और यह नया नारा लगा - हाथी नहीं, गणेश है, ब्रह्मा, विष्णु, महेश है। उस समय उत्तर प्रदेश में 37 प्रतिशत ब्राह्मणों ने पार्टी को वोट दिया था।

परन्तु चार बार देश के सबसे बड़े राज्य का मुख्यमंत्री बनने के बाद अन्य सत्ताधीशों की ही तरह मायावती भी अहंकार के साथ साथ परिवारवाद का भी शिकार होती चली गयीं। कभी अपने को जिंदा देवी बतातीं तो कभी अपने भाई व भतीजे के मोह में डूबती नजर आतीं। कभी अपनी हार का ठीकरा मुसलमानों पर फोड़तीं तो कभी उनपर पार्टी का टिकट बांटने में लोगों से करोड़ों रुपए वसूलने का आरोप लगा। हद तो यह कि अपने जीवनकाल में ही मायावती ने बाबा साहब आंबेडकर व कांशी राम के साथ ही अपनी भी प्रतिमायें लगवा डालीं। जिसतरह कांशी राम को अपने परिवार से अलग उत्तराधिकारी के रूप में मायावती नजर आयी थीं उस तरह मायावती को परिवार से बाहर अपनी पार्टी का कोई योग्य नेता नजर ही नहीं आया। और आखिरकार मायावती के इन्हीं स्वार्थपूर्ण फैसलों के चलते उनकी पार्टी का जनाधार घटता चला गया। पिछले लोकसभा चुनावों से पूर्व जब इण्डिया गठबंधन वजूद में आया तो मायावती उस विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनीं। उसी समय यह अंदाजा लगाया जाने लगा था कि मायावती भाजपा के प्रति नरम रुख अपना रही हैं। इसके पीछे के कारणों से भी अनेक राजनैतिक विश्लेषक बखूबी वाकिफ हैं। पिछले दिनों दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान राहुल गांधी ने मायावती पर बीजेपी को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए स्पष्ट रूप से यह कह दिया था कि यदि बीएसपी 'इंडिया' गठबंधन में होती तो पिछले वर्ष हुये लोकसभा चुनावों में एनडीए की जीत नहीं होती। इस आरोप से तिलमिला कर मायावती ने कांग्रेस को ही बीजेपी की 'बी' टीम बता डाला। जबकि देश देख रहा है कि इस समय देश में सत्ता, भाजपा व संघ के विरुद्ध जितना राहुल गाँधी मुखर हैं उतना कोई नहीं जबकि मायावती के रवैये से तो पता ही नहीं चलता की वे विपक्ष में हैं या सत्ता के साथ?

सच तो यह है कि मायावती के नेतृत्व में बसपा का न केवल समाज में प्रभाव कम होता जा रहा है बल्कि संगठन भी बिखराव के दौर से गुजर रहा है। पिछले दिनों जिसतरह उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक समेत सभी मुख्य पदों से हटा दिया और दो दिन बाद ही उन्हें पार्टी से निष्कासित भी कर दिया उससे भी यही सन्देश गया कि मायावती को अपने परिवार के बाहर भी कोई उत्तराधिकारी नजर नहीं आया और जिस भतीजे को अपना राजनैतिक उत्तराधिकारी बनाया भी उससे भी जल्द ही पीछा छुड़ा लिया? इस तरह के ढुलमुल फैसलों का प्रभाव निश्चित रूप से पार्टी पर जरूर पड़ेगा। सच तो यही है कि कांशी राम की विरासत के रूप में मिले व्यापक जनाधार वाले राजनैतिक दल को मायावती की तर्ज-ए-सियासत के चलते काफी नुकसान हुआ है।

## संपादकीय

### जिक्र न था फसाने में

जरात पुलिस की खिंचाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि संविधान के अस्तित्व के 75 साल बाद भाषण और अभिव्यक्ति की आजादी को कम से कम अब पुलिस को समझना चाहिए। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने इस साल की शुरूआत में जामनगर में शादी समारोह में भाग लेने के बाद इंस्टाग्राम पर वीड़ियो पोस्ट किया। इसमें बैकग्राउंड़ में कविता है-ए, खून के प्यासे बात सुनो। कविता के इन शब्दों को आपत्तिजनक माना गया। पीठ ने इमरान द्वारा दायर अपील पर फैसला सुरक्षित रख लिया जिसमें गुजरात उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसने उनके खिलाफ प्राथमिकी रद्द करने से इंकार कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि पुलिस को संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। गुजरात की तरफ से पेश सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता के यह कहने पर कि लोगों ने इसका अर्थ अलग-अलग तरीकों से समझा होगा। इसे सड़क छाप टाइप की कविता ठहराने पर अदालत ने कहा कि अब किसी को रचनात्मकता का सम्मान नहीं है। कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढक्षी पर धारा 196 (धर्म, जाति, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और सद्भावना के लिए हानिकारक काम करना) 197 (राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक दावे, 299 (जानबूझकर दुर्भावनापूर्ण कार्य, किसी धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान), 302 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से कुछ बोलना), 57 (आम जनता या दस से ज्यादा लोगों को अपराध के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया गया जिससे पहली नजर में स्पष्ट है कि विपक्षी दल के नेता के खिलाफ निजी वैमनस्यता और पूर्वाग्रहीत कारणों से जबरन मामले को गंभीर बनाने की कोशिशें की गई हैं। धर्म के आधार पर देशवासियों के दरम्यान गहरी खाई पैदा करने वाली विचारधारा ने समाज में संकीर्णता को प्रोत्साहित करने का काम किया है, जो बाल की खाल निकाल कर असहिष्णुता और नकारात्मकता फैलाने का काम करने में मशगूल है। उक्त मिसरा के शायर फैज का शेर यहां सटीक बैठता है-सारे फसाने में जिसका जिक्र न था/वो बात उनको बहुत नागवार गुजरी। रही बात पुलिस की तो उसकी खाकी को खौफ का पर्याय बनाने में राजनेताओं का बड़ा हाथ है। ऐसे में उनसे संवेदनशीलता और समझदारी की उम्मीद बमुश्किल ही की जा सकती है।

### सूक्ति

जैसे उल्लू को सूर्य नहीं दिखाई देता वैसे ही दुष्ट को सौजन्य दिखाई नहीं देता।
- स्वामी भजनानंद

सबसे उत्तम विजय प्रेम की है जो सदैव के लिए विजेताओं का हृदय बाँध लेती है।
-सम्राट अशोक

### चिंतन-मनन


### शिष्य बना प्रशंसा का पात्र

गंगा किनारे गुरु अभेंद्र का आश्रम था। एक बार देश में भीषण अकाल पड़ा। गुरु अभेंद्र ने संकटग्रस्तों की मदद के उद्देश्य से अपने तीन शिष्यों को बुलाकर कहा - ऐसे संकट के समय में हमें अकाल पीड़ितों की सेवा करनी चाहिए। तुम लोग अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर भूखों को भोजन कराओ।

उनकी बात सुनकर शिष्य बोले - गुरुजी, हम इतने सारे लोगों को भोजन कैसे कराएंगे? हमारे पास न तो अन्न भंडार है और न अनाज खरीदने के लिए धन। तब गुरु अभेंद्र ने उन्हें एक थाली देते हुए कहा - यह थाली दिव्य है। तुम जितना भोजन मांगोगे, यह उतना भोजन उपलब्ध कराएगी। तीनों शिष्य थाली लेकर निकल पड़े। दो शिष्य एक स्थान पर बैठ गए। उधर से जो भी गुजरता, उसे वे भोजन कराते। किंतु तीसरा शिष्य मोहन बैठा नहीं, बल्कि घूम-घूमकर भूखों को खोजता रहा और उन्हें खाना बांटता रहा। कुछ दिनों बाद जब तीनों आश्रम लौटे, तो गुरु ने मोहन की खूब प्रशंसा की। दोनों शिष्यों को यह अजीब लगा।

उन्होंने पूछा - गुरुदेव, हमने भी तो अकाल पीड़ितों की सेवा की है। फिर मोहन की ही प्रशंसा क्यों गुरु ने उत्तार दिया - तुमने एक ही स्थान पर बैठकर पीड़ितों की सहायता की। ऐसा करने से वे लोग तुम्हारी मदद से वंचित रह गए, जो चलकर तुम्हारे पास आने में असमर्थ थे। जबकि मोहन ने लोगों के पास जा-जाकर उन्हें भोजन कराया। उसकी सहायता अधिकतम लोगों तक पहुंची, इसलिए उसकी सेवा अधिक प्रशंसा के योग्य है। कथा का सार यह है कि वही सेवा अधिक सराहनीय होती है, जो आगे बढ़कर की जाए।

## शेयर बाजार की गिरावट रोकने सेबी पर भरोसा जगाना होगा



सनत कुमार जैन




पांच महीने से ज्यादा हो गए, शेयर बाजार में निरंतर गिरावट देखने को मिल रही है। पिछले कुछ सालों में जिस तरह से शेयर बाजार का फुग्गा फुलाया गया था, पिछले 5 महीने में तेजी के साथ उसकी हवा निकल रही है। शेयर बाजार में अभी तक निवेशकों को 95 लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो चुका है। विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार से बाहर निकलना शुरू किया। अब देसी निवेशक भी बड़ी संख्या में शेयर बाजार से शेयर बेचकर बाहर निकल रहे हैं। छोटे-छोटे देसी निवेशकों का मोह भी बुरी तरह से भंग हुआ है। शेयर बाजार को लेकर पहली बार निवेशकों में यह धारणा बनी है। संगठित रूप से उनके साथ लूट की जा रही है। जब हिंडनवर्ग की रिपोर्ट आई थी। उस समय भारतीय शेयर बाजार की गड़बड़ियों को उजागर किया गया था। सेबी ने उसको संज्ञान में नहीं लिया। शार्ट सेलिंग के जरिए कैसे शेयर के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। बड़ी-बड़ी कंपनियों द्वारा जिस तरह की धोखाधड़ी शेयर बाजार में की जा रही थी। इसका खुलासा हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में हुआ था। शॉर्ट सेलिंग के लिए अवैध रूप से विदेशी कंपनियों का धन शेयर बाजार में अवैधानिक रूप से लगाया गया था। इसका खुलासा होने के बाद सेबी ने कोई जांच नहीं की। सुप्रीम कोर्ट ने भी जांच में लीपापोती करके मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। जिसके कारण विदेशी निवेशकों का रुझान भारतीय शेयर बाजार से उठने लगा। केंद्र सरकार द्वारा भारतीय शेयर बाजार में निवेश के लाभ पर जिस तरीके से लॉन्ग टर्म और शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन की वसूली की जा रही है, उसने भी निवेशकों का आकर्षण भारतीय शेयर बाजार से कम कर दिया है। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो के निवेशकों पर टैक्स लगता है। कई देशों में इस तरह का टैक्स नहीं है। जिसके कारण कैपिटल गैन के कारण विदेशी निवेशकों का पलायन भारतीय शेयर बाजार से अन्य देशों के शेयर बाजार में निवेश होना शुरू हो गया है। पिछले 5 महीने में विदेशी निवेशकों ने 3 लाख करोड रुपए की बिकवाली की है, जिसके कारण नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में 15 फीसदी से अधिक की गिरावट आई है। कंसल्टेंसी और एकाउंटिंग से जुड़े अर्थशास्त्रियों का मानना है कि टैक्सेशन के कारण विदेशी निवेशकों का मोह भारतीय शेयर बाजार से भंग हो गया है। देसी निवेशक भी कैपिटल गेन टैक्स की वसूली से नाराज हैं। भारतीय निवेशक शेयर बाजार से निवेश निकालकर सोने और चांदी में निवेश कर रहे हैं। जिसके कारण बाजार में लगातार बिकवाली और गिरावट देखने को मिल रही है। अर्थ विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार को विदेशी निवेशकों से कैपिटल गेन टैक्स की वसूली का प्रावधान तुरंत समाप्त करना चाहिए। 2024 के बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा कैपिटल गेन टैक्स की दर ढाई फीसदी से लेकर 5 फीसदी तक बढ़ा दिया गया था। बाजार नियामक संस्था सेबी की कार्यप्रणाली पर निवेशकों का भरोसा खत्म हो गया है। सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच के ऊपर बड़े गंभीर आरोप हैं। वह जेपीसी के सामने प्रस्तुत नहीं हुई। केंद्र सरकार के संरक्षण और आरोपों की जांच नहीं होने से निवेशकों का विश्वास शेयर बाजार मे नही रहा। हाल ही में वित्तीय संस्थाओं द्वारा शेयर बाजार की गिरावट रोकने के लिए निवेश किया गया। वह बाजार में कुछ ही घंटे के अंदर बाहर निकल गया। निवेशकों के बीच बाजार से निकलने की होड़ लगी हुई है। शेयर बाजार से जुड़े निष्पक्ष अर्थशास्त्रियों का कहना है, सरकार को सेबी की कार्य प्रणाली को पारदर्शी बनाना होगा। सेबी के अधिकारियों को सजग और जिम्मेदार बनाने की जरूरत है। शेयर बाजार को हवा भरकर फुलाया जा रहा था। सेबी को निर्यंत्रित करने की जिम्मेदारी थी। सेबी ने आम निवेशकों के हित में काम नहीं किया। सरकार जिम्मेदार भ्रष्ट अधिकारियों को बचा रही है, जिसके कारण निवेशकों को शेयर बाजार में भरोसा नहीं रहा।

## मुद्दाः जलवायु कार्ययोजना की अनदेखी


सुरेश भाई




जलवायु परिवर्तन पर देश-विदेश में सम्मेलन और संवाद हो रहे हैं। इसके बावजूद ऐसी कोई ह्यजलवायु कार्ययोजना' नहीं है, जहां लोगों को जलवायु संकट से बचाया जा सके। देश के पूर्व, पश्चिम और मध्य हिमालय में जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न हो रही समस्याओं के विषय पर वैज्ञानिकों की सलाह को गंभीरता से समझना जरूरी है। मौसम विभाग भी सही जानकारी दे रहा है।

फरवरी के अंत से मार्च के प्रथम सप्ताह तक मौसम विभाग के अलर्ट में उत्तराखंडड्ड हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर के 3000 मीटर की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी के संकेत दिए गए थे। लेकिन इसके बाद जो सावधानी बरती जानी चाहिए थी उसमें गैर-जिम्मेदारी सामने आई है। उदाहरण है कि उत्तराखंड में सीमा क्षेत्र के पहले गांव माणा में सड़क चौड़ीकरण में लगे 55 मजदूरों का हिमस्खलन की चपेट में आना। वे बर्फ के नीचे दब गए। हेली सेवाओं, आईटीबीपी और सेना के 200 जवानों द्वारा 44 लोगों को बड़ी मुश्किल से रेस्क्यू किया जा सका। यदि मौसम विभाग द्वारा बताई गई सावधानियों के प्रति गंभीरता दिखाते तो इतने लोगों को बचाने में जो ऊर्जा खर्च हुई है और आठ लोगों की जिंदगी समाप्त हो गई, उन्हें भी बचाया जा सकता था। बद्रीनाथ के पास स्थित माणा बाईपास के निर्माण में लगे मजदूरों को इस दौरान छुट्टी दे देनी चाहिए थी क्योंकि इस दौरान 10 हजार फीट की ऊंचाई पर मजदूरों के रहने लायक स्थितियां नहीं हैं, और उनसे काम भी नहीं करवाया जा सकता। समझना जरूरी है कि 2021-24 के बीच यहां आसपास हिमस्खलन की घटनाएं हो चुकी हैं। केदारनाथ में 2013 की आपदा के बाद से चोराबाड़ी ग्लेशियर से हिमस्खलन की घटनाएं थम नहीं रही हैं। माणा में जहां मजदूरों को रात में रहने की व्यवस्था थी वहां पर पहले भी हिमस्खलन हुआ है। ध्यान देना जरूरी है कि वर्षा और बर्फबारी का समय बिल्कुल बदल चुका है जिससे ग्लेशियरों की सतह कमजोर पड़ रही है। शीतकाल के समय तापमान बढ़ रहा है। दिसम्बर-जनवरी में दोपहर के समय केदारनाथ जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्र में तापमान 12-16 डिग्री तक दर्ज किया गया है। पिछले वर्षो में भी जनवरी में दोपहर का तापमान 20 डिग्री तक पहुंचा है। यही स्थिति केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्रीनाथ के ग्लेशियरों की है जिसके कारण बेमौसमी बर्फ पिघलने की गति बढ़ती जा रही है।

वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी के वैज्ञानिक डॉ. मनीष मेहता के अनुसार पहले दिसम्बर-जनवरी में गिरने वाली बर्फ शुष्क होती थी जिससे हिमस्खलन कम होता था और यह बर्फ ग्लेशियर पिघलाने की गति को भी कम करता था। लेकिन कुछ वर्षों से मौसम में बदलाव होने से नवम्बर-जनवरी तक बर्फबारी बहुत कम हो गई है। फरवरी-मार्च में पड़ने वाली बर्फ बढ़ते तापमान के कारण जम नहीं पाती है। माणा में हिमस्खलन का कारण भी यही बताया जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों से बद्रीनाथ के ग्लेशियरों से लगातार एवलांच की घटनाएं हो रही हैं। भू-वैज्ञानिक एसपी सती ने 2021 में चिपको नेत्री गौरा देवी के गांव रैणी के निकट हिमस्खलन की घटना के बाद इस घाटी के संवेदनशील बर्फ वाले इलाके चिन्हित किए थे जहां हिमस्खलन की आशंका है। माणा के पास मजदूरों का कैंप भी इसी तरह के क्षेत्र में स्थित था। लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। पुराने समय में यहां मानवीय आवाजाही कम थी। कहा जाता है कि बद्रीनाथ धाम में बर्फ की चोटियों में कंपन न हो, इसलिए मंदिर में शंख नहीं बजता था। लेकिन अब इसी क्षेत्र में मानवीय गतिविधियां इतनी बढ़ गई हैं कि बद्रीनाथ मास्टर प्लान के तहत सड़क निर्माण में तेज ध्वनि करने वाली जेसीबी मशीनों का प्रयोग हो रहा है। अंधाधुंध हेली सेवाएं जारी हैं। जलवायु नियंत्रित करने वाले वनों का तेजी से क्षरण हो रहा है, जिसका ग्लेशियरों पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है। बद्रीनाथ में नीलकंठ, नरनारायण, कंचन गंगा, सतोपंथ, माणा और कुबेर पर्वत स्थित है। अन्य चोटियां भी हैं, जो बर्फ से ढकी रहती हैं।

यहां जो निर्माण हो रहा है उसका प्रभाव बढ़ते तापमान से साफ नजर आ रहा है। लोग कहते हैं कि सदियों पूर्व बद्रीनाथ मंदिर का जब निर्माण हुआ तो स्थानीय और लोक विज्ञान के पहलू को ध्यान में रखते हुए मंदिर बनाया गया था। इसी दौरान गंगोत्री के पास हर्षिल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शीतकाल यात्रा का संदेश देने के लिए पहुंचना था जिसे मौसम के कारण 6 मार्च के लिए बदला गया। हिमाचल में भी भारी भूस्खलन के चलते 480 सड़क बंद रहीं। जगह-जगह पर आठ लोगों की मौत हुई। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित होने के कारण हजारों लोग फंसे रहे। जलवायु परिवर्तन की ऐसी घटनाएं भविष्य में और बढ़ सकती हैं। इसलिए साल भर में जलवायु का कैलेंडर बनना चाहिए। पेड़-पौधे, जीव-जंतु, जल संरक्षण की दिशा में प्रयास करने होंगे। शीतकालीन सैलानी, पर्वतारोही मौसम की अनदेखी न करें। मनुष्य को अपने लालच की योजनाओं पर नियंत्रण करके प्रकृति को बचाने की दिशा में एकजुट प्रयासों को महत्त्व देना होगा।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादक: श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटर: डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादक: डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादक: तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।




# आर माधवन ने इंस्टाग्राम पर चैट करने की खबरों पर तोड़ी चुप्पी

आर माधवन फिल्मों में अपनी दमदार भूमिकाओं के लिए मशहूर हैं। अब उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर फैली गलतफहमियों को दूर किया, जिसमें कुछ लोगों का मानना था कि वह युवा लड़कियों के साथ छेड़खानी करते हैं। अभिनेता इन अफवाहों का खंडन करने और स्थिति को साफ करने के लिए आगे आए और इस मामले में अपनी बात सामने रखी। चेन्नई में एक एप के लॉन्च के दौरान आर माधवन ने सोशल मीडिया पर अपने साथ होने वाली बेवजह जांच के बारे में बात की। वह इस एप में निवेशक के तौर पर शामिल हुए हैं। उनके भाषण का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। सोशल मीडिया पर आने वाली चुनौतियों के बारे में बताते हुए माधवन ने एक उदाहरण साझा किया और कहा, एक युवा लड़की ने मुझे संदेश भेजा, मैंने यह फिल्म देखी। मुझे यह बहुत पसंद आई। मुझे लगा कि आप एक शानदार अभिनेता हैं, बहुत बढ़िया। आपने मुझे प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने दिल, किस और लव इमोजी भेजे।

### अभिनेता ने क्यों किया फैन को रिप्लाई?

आर माधवन ने आगे कहा कि अब, जब कोई प्रशंसक मुझसे इतने विस्तार और प्यार से बात करता है तो मैं जवाब देने के लिए मजबूर महसूस करता हूं। मैं आमतौर पर जवाब देता हूं और मैंने ऐसा ही किया। मैंने उन्हें जवाब दिया और लिखा, बहुत-बहुत धन्यवाद, आप बहुत दयालु हैं। भगवान आपका भला करे। हालांकि, लड़की ने तब मेरे रिप्लाई का स्क्रीनशॉट लिया और इसे इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया।

माधवन को करना पड़ा समस्या का सामना अब लोग क्या देखते हैं? दिल, चुंबन और प्यार भरी बातें और मैडी ने इसका जवाब दिया है। मेरा इरादा उस पर जवाब देने का नहीं था। मेरा इरादा उसके संदेश का जवाब देने का था, लेकिन यह एक छोटी सी बात है, आप केवल उस प्रतीक को देखते हैं और कहते हैं ओह मैडी छोटी लड़कियों से बात कर रहा है। अगर मुझे यही डर है और मुझे हर बार सोशल मीडिया पर संदेश डालते समय इधर-उधर भागना पड़ता है तो क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि अगर मुझे मेरे अनुभव के साथ इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो किसी दूसरे व्यक्ति को कितनी समस्या होगी?



# इन अभिनेत्रियों के किरदार निभाना चाहती हैं अनन्या पांडे

अनन्या पांडे ने अपनी कई फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। हाल ही में अनन्या ने खुलासा किया कि वह करीना कपूर खान के किरदार पू और गीत को निभाना पसंद करेंगी। उन्होंने कहा कि वह करीना द्वारा निभाए गए किरदारों में से कुछ भी नहीं कर पाएंगी। अनन्या ने ये जवानी है दीवानी में दीपिका पादुकोण की भूमिका का भी नाम लिया। हाल ही में वोग इंडिया को दिए गए इंटरव्यू में अनन्या की फिल्म कॉल मी बे के डायरेक्टर कॉलिन डीकुन्हा ने जब उनसे पूछा कि वह कौन से किरदार निभाना चाहेंगी। जवाब में अनन्या ने करीना कपूर खान की फिल्म कभी खुशी कभी गम की पू और जब वी मेट की गीत का नाम लिया, जो उनके दिल के सबसे करीब हैं।

अनन्या ने कहा, मैं शायद करीना द्वारा किए गए काम का 0.1 प्रतिशत भी नहीं दे पाऊंगी, लेकिन वे बहुत मजेदार होंगे। अनन्या ने आगे कहा की वह चमेली में करीना की भूमिका, लक बाय चांस में कोंकणा सेन शर्मा और ये जवानी है दीवानी में दीपिका पादुकोण के किरदार को निभाने की चाहत रखती हैं। इसी इंटरव्यू के दौरान अनन्या पांडे की फिल्म गहराइयां के निर्देशक शकुन बत्रा ने उनसे उनके ड्रीम रोल के बारे में पूछा। उन्होंने बताया कि वह बायोपिक करना पसंद करेंगी। उन्होंने बताया कि उन्हें द क्राउन और स्पेंसर में प्रिंसेस डायना के किरदार देखने में मजा आया। अनन्या ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं कभी ऐसा कर पाऊंगी, लेकिन मुझे मधुबाला, मीना कुमारी और वहीदा रहमान जैसी 50 और 60 के दशक की मशहूर अभिनेत्रियों का किरदार निभाना की इच्छा है। काम की बात करें तो अनन्या पांडे कथित तौर पर केसरी चैप्टर 2- द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म में अनन्या के अलावा अक्षय कुमार और आर माधवन भी नजर आएं।

आलिया भट्ट वाईआरएफ की स्पाईवर्स की पहली महिला प्रधान फिल्म अल्फा में नजर आएंगी। आलिया के साथ अभिनेत्री शरवरी वाघ भी नजर आएंगी। दोनों कलाकार अपनी भूमिकाओं में पूरी तरह से फिट होने के लिए अपने वर्कआउट सेशन में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। घोषणा के बाद से निर्माताओं ने फिल्म के बारे में बहुत कम अपडेट ही प्रशंसकों के साथ साझा किए हैं।



# आलिया भट्ट ने फिल्म अल्फा के बारे में साझा किया अपडेट

आलिया ने हाल ही में अपने प्रशंसकों के लिए एक मीट-एंड-ग्रीट सेशन आयोजित किया, जहां उन्होंने उन्हें अल्फा के बारे में बताया। एक इंटरैक्टिव सेशन के दौरान एक प्रशंसक ने आलिया से पूछा कि वह किस किरदार को एक दिन के लिए जीना पसंद करेंगी। बिना ज्यादा सोचे-समझे उन्होंने तुरंत जवाब दिया, सबसे अच्छा हमेशा अगला होता है। इस जवाब के साथ आलिया ने अपनी अगली फिल्म अल्फा में उनकी बहुप्रतीक्षित भूमिका की ओर इशारा किया। रिपोर्ट के अनुसार, आलिया ने अपने किरदार के लिए कड़ी ट्रेनिंग ली है। आलिया ने बीते साल 5 जुलाई को अल्फा की शूटिंग शुरू कर दी थी। फिल्म में उन्हें पहले कभी नहीं देखे गए अवतार में दिखाया जाएगा। सुपर एजेंट की भूमिका निभाने के लिए उन्होंने खुद को तैयार करने के लिए लगभग चार महीने तक ट्रेनिंग ली है। फिल्म में उनके पांच से छह एक्शन सीक्वेंस हैं और उन्हें सबसे फिट रहने की जरूरत है।

### अल्फा की घोषणा

आलिया और शरवरी ने एक पोस्ट के साथ 2024 में अल्फा की घोषणा की थी। बैकग्राउंड ऑडियो में आलिया कह रही थीं, ग्रीक वर्णमाला का सबसे पहला अक्षर और हमारे प्रोग्राम का आदर्श वाक्य.. सबसे पहले, सबसे तेज, सबसे वीर। ध्यान से देखो तो हर शहर में एक जंगल है और जंगल में हमेशा राज करेगा..अल्फा। फिल्म का निर्देशन शिव रवैल ने किया है। फिल्म की ज्यादातर शूटिंग कश्मीर में हुई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ऋतिक रोशन और बॉबी देओल फिल्म में अहम भूमिका निभाएंगे।



# सामंथा ने फिल्म इंडस्ट्री में पूरे किए 15 साल

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने फिल्मी दुनिया में 15 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर एक खास कार्यक्रम में सामंथा रुथ प्रभ को सम्मानित किया गया। यह लम्हा प्यार, पुरानी यादों और प्रशंसकों के उत्साह से भरा हुआ था। जब उन्होंने अवॉर्ड हासिल किया तब वह उत्साहित लग रही थीं।

### सामंथा को अवॉर्ड

सामंथा के फिल्मी दुनिया में 15 साल पूरे होने पर उन्हें एमसीआर ग्रुप ऑफ कंपनीज की तरफ से सम्मानित किया गया। सामंथा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की, इसमें उन्होंने लिखा कि 15 साल। महान। सौभाग्यपूर्ण। प्यारे। बहुत कुछ आना बाकी है। धन्यवाद चेन्नई। सम्मान के लिए शुक्रिया।

### वरुण धवन के साथ किया काम

सामंथा ने अवॉर्ड की जगह से साड़ी में अपनी कई फोचो शेयर की हैं। सामंथा ने अपने लुक को गोल्डन साड़ी और गहनों से पूरा किया था। सामंथा के काम की बात करें तो वह आखिरी बार सिटाडेल हनी बनी में नजर आई थीं। उनके साथ वरुण धवन ने काम किया है। सामंथा ने साल 2010 में तेलुगू फिल्म ये माया चेसावे से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इस फिल्म में सर्वश्रेठ डेब्यू अभिनेत्री के लिए उन्हें फिल्म फेयर अवॉर्ड मिला।

### तमिल तेलुगू में मिल चुका है अवॉर्ड

उन्हें साल 2012 में नीथाने एन पोनवसंथम तमिल फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला। इसके साथ इसी साल में उन्हें तेलुगू फिल्म ईगा में काम करने के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड दिया गया। इसके बाद उन्होंने इंडस्ट्री को कई बेहतरीन फिल्में दीं। उन्होंने अत्तरीनतिकी दरेदी (2013), कत्थी (2024), थेरी (2016), 24 (2016), मेरसल (2017) साल 2012 में सामंथा हिंदी फिल्म एक दीवाना था में नजर आईं।

# अंजलि आनंद ने फिल्म इंडस्ट्री के भेदभाव पर बात की, 'डब्बा कार्टेल' में शबाना आजमी संग की एक्टिंग



अंजलि आनंद ने टीवी सीरियल, फिल्म और वेब सीरीज जैसे सभी मीडियम में काम किया है। अलग-अलग किरदार और जॉनर के प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रही हैं। लेकिन उनकी एक्टिंग को सराहने की बजाय उनको बस एक प्लस साइज एक्ट्रेस के तौर पर ही पहचाना जा रहा है। ऐसे में अंजलि का कहना है कि ऐसा सिर्फ फीमेल एक्ट्रेस के साथ होता है, हीरो या मेल एक्टर्स के साथ ऐसी सिचुएशन क्रिएट नहीं होती है।

### एक्टर्स को कोई प्लस साइज नहीं बोलता

हाल ही में फीवर एफएम को दिए गए हालिया इंटरव्यू में अंजलि आनंद बताती हैं कि कभी किसी ने गोविंदा को, ऋषि कपूर जी को नहीं कहा कि वे प्लस साइज एक्टर हैं। लेकिन एक महिला कलाकार को आसानी से प्लस साइज एक्ट्रेस कहा जाता है। मुझे भी अंजलि आनंद प्लस साइज एक्ट्रेस के तौर पर भी जाना जाता है।' इस बात के जरिए अंजलि ने इंडस्ट्री के भेदभाव वाले व्यवहार से परदा उठाया है। अंजलि आनंद एक उम्दा एक्ट्रेस हैं, उन्हें वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में शबाना आजमी, ज्योतिका, शालिनी पांडे और निमिषा सजयन जैसी एक्ट्रेस के साथ काम करने का मौका मिला है।

### डब्बा कार्टेल में अंजलि का रोल

डब्बा कार्टेल की स्टोरी ऐसी महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है जो एक ड्रग माफिया चला रही होती हैं, लेकिन आम लोग उन्हें सिर्फ टिफिन सर्विस देने वाली महिलाएं समझते हैं। शो का हल्का-फुल्का अंदाज तो दिखाई देता है, लेकिन इसमें दिखाया गए अपराध और माफिया की दुनिया रोचक है। इस वेब सीरीज में अंजलि ने भी एक आम सी दिखने वाली महिला का रोल किया है, लेकिन वह भी ड्रग माफिया का हिस्सा हैं।



# इसलिए शाहिद को नहीं मिली थी एनिमल, निर्देशक संदीप ने की तारीफ

फिल्म निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने अपनी फिल्म एनिमल के बारे में बताया है कि उन्होंने इस फिल्म में शाहिद कपूर के बजाए रणबीर कपूर को क्यों लिया था। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा है कि शाहिद ने कबीर सिंह में बेहतरीन प्रदर्शन किया था लेकिन वह एनिमल के लिए रणबीर के साथ अलग काम करना चाहते थे।

### इसलिए संदीप ने शाहिद के बजाए रणबीर को चुना

गेम चेंजर्स के साथ बातचीत में संदीप रेड्डी वांगा ने बताया कि शाहिद का नाम उनके पास नहीं आया। क्योंकि एनिमल एक भावनात्म कहानी थी इसलिए उनके दिमाग में रणबीर कपूर का नाम आया। इसी इंटरव्यू में संदीप रेड्डी ने कबीर सिंह में बेहतरीन काम करने के लिए उनकी तारीफ की। उन्होंने बताया कि उनके साथ काम करने पर उन्हें तजुर्बा मिला। उन्होंने कहा कि शाहिद रीमेक में काम करने के लिए बहुत इच्छुक थे। चूंकि कबीर सिंह एक रीमेक फिल्म थी, इसलिए इस पर कम चर्चा हुई।

### मौलिक अभिनेता हैं शाहिद कपूर

संदीप ने शाहिद के बारे में बताया कि वह एक मौलिक अभिनेता हैं इसलिए उन्हें रीमेक फिल्मों में काम नहीं करना चाहिए। शाहिद के साथ काम करने को लेकर संदीप ने कहा, हमने एक सीन को 90 मिनट में पूरा कर लिया जो स्क्रिप्ट में नहीं था और हमने इसे शूट करने की योजना नहीं बनाई थी, लेकिन जब लाइट शिफ्ट हुई, तो शाहिद से मैंने पूछा कि इसमें कितना वक्त लगेगा। उन्होंने कहा कि एक घंटा, तो मैंने कहा, शाहिद, एक घंटा क्यों बर्बाद कर रहे हो? चलो इसे शूट करते हैं। इसके बाद शाहिद ने इसे बिना वक्त गंवाए शूट कर दिया। तभी मुझे एहसास हुआ कि शाहिद जैसे अभिनेता को रीमेक नहीं करना चाहिए- वह मौलिक अभिनेता हैं। मैंने उन्हें कई बार यह बात बताई।

कबीर सिंह विजय देवरकोंडा और शालिनी पांडे की तेलुगु ब्लॉकबस्टर अर्जुन रेड्डी की हिंदी रीमेक थी। 2019 की कबीर सिंह में शाहिद कपूर ने कियारा आडवाणी के साथ सह-अभिनय किया। संदीप रेड्डी वांगा ने फिल्म एनिमल का भी निर्देशन किया है।



# दीपिका कक्कड़ ने बीच में छोड़ा 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ', सोशल मीडिया पर हो रही हैं ट्रोल?

एक लंबे गैप के बाद टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ ने छोटे पर्दे पर वापसी की। वह कुकिंग रियालिटी शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में नजर आई, अपने कुकिंग का टैलेंट भी दर्शकों को दिखाया। लेकिन अचानक कुछ दिन पहले ही दीपिका कक्कड़ ने कुकिंग रियालिटी शो छोड़ दिया। शो छोड़ने का जो कारण दीपिका ने बताया है, उस पर कुछ सोशल मीडिया यूजर्स को भरोसा नहीं है। वह दीपिका को झूठ बोलकर शो छोड़ने के लिए ट्रोल कर रहे हैं। पिछले दिनों टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ ने यह कहकर 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' शो बीच में छोड़ दिया कि उनके हाथों में काफी दर्द है और वह शो में आगे हिस्सा नहीं ले सकती हैं। शो से बाहर आने के बाद दीपिका अपने पति शोएब इब्राहिम के साथ वैकेशन पर भी निकल गईं। साथ ही वह अपने बच्चे की भी अच्छी केयर करती दिखीं। ये सभी वीडियो सोशल मीडिया पर भी पोस्ट हुए। ऐसे में सोशल मीडिया यूजर्स ने दीपिका को ट्रोल किया कि वह झूठ बोलकर शो से बाहर आई हैं। वह आसानी से हाथों में कैमरा उठा रही हैं और व्लॉगिंग कर रही हैं।



# आईसीसी रैंकिंग: विराट कोहली ने रोहित शर्मा को पछाड़ा, अफगानिस्तान के उमरजई बने नंबर-1 ऑलराउंडर, अक्षर पटेल ने लगाई लंबी छलांग



**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने बुधवार को वनडे प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है। अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई नंबर-1 वनडे ऑलराउंडर बन गए हैं। उन्होंने हमवतन मोहम्मद नबी को दूसरे नंबर पर खिसका दिया है। उमरजई के खाते में फिलहाल 296 रेटिंग अंक हैं। ये उनके करियर के सर्वोच्च रेटिंग अंक हैं। उमरजई ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पांच विकेट हॉल लेने के अलावा 41 रनों की पारी खेली थी। अफगानिस्तान से हारने के कारण इंग्लैंड का टूर्नामेंट से बोरिया बिस्तर बंध गया। उमरजई ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 67 रन बनाए थे लेकिन मैच बारिश में धुल गया।

वहीं भारत के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल को बड़ा फायदा हुआ है। वह 17 स्थान की छलांग लगाकर 13वें पर पहुंच गए हैं। उन्होंने करियर के सर्वोच्च 194 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ 42 और ऑस्ट्रेलिया के सामने 27 रन बनाए थे। उन्होंने एक-एक विकेट भी निकाला था। बल्लेबाजों की रैंकिंग में विराट कोहली को एक स्थान का फायदा हुआ है। वह 747 अंकों के साथ चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं कप्तान रोहित शर्मा को दो स्थान का नुकसान हुआ है। रोहित टूर्नामेंट में अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं। ओपनर शुभमन गिल (791) टॉप पर बरकरार हैं। पाकिस्तान के बाहर आजम (770) दूसरे स्थान पर हैं। टॉप-10 में तीन भारतीय बल्लेबाज हैं।

वहीं गेंदबाजी की रैंकिंग में भारत के अनुभवी पेसर मोहम्मद शमी (609) को तीन स्थान का लाभ मिला है। वह अब 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं। शमी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 48 रन देकर तीन विकेट चटकाए। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराने के बाद फाइनल में एंट्री की है। न्यूजीलैंड के मैट हेनरी (649) तीन स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ आखिरी लीग मैच में पांच विकेट हॉल लिया था। श्रीलंकाई स्पिनर महेश तीक्षणा (680) नंबर वन गेंदबाज हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज (660) दूसरे पायदान पर हैं। स्पिन कुलदीप यादव (637) टॉप-10 में एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं। वह छठे स्थान पर काबिज हैं।

# लेब्रोन जेम्स ने रचा इतिहास, 50,000 करियर पॉइंट बनाने वाले पहले एनबीए खिलाड़ी बने




**लॉस एंजिल्स (एजेंसी)।** तीन बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता लेब्रोन जेम्स 50,000 करियर पॉइंट बनाने वाले इतिहास के पहले एनबीए खिलाड़ी बन गए हैं। 40 वर्षीय लॉस एंजिल्स लेकर्स स्टार ने मंगलवार को न्यू ऑरलियन्स पेलिकन्स के खिलाफ घर पर एनबीए रेगुलर सीजन गेम के दौरान तीन-पॉइंटर स्कोर करने के बाद यह उपलब्धि हासिल की।


न्यू ऑरलियन्स पेलिकन्स के खिलाफ लेकर्स के मैचअप में जेम्स को सिर्फ एक पॉइंट की जरूरत थी। उन्होंने पहले क्वार्टर में 8-34 मिनट शेष रहते लुका डोनसिक फीड से लेफ्ट विंग से तीन-पॉइंटर लगाया। उन्होंने 34 पॉइंट, 8 रिबाउंड और 6 असिस्ट किए, जिससे लेकर्स ने पेलिकन्स पर 136-115 से जीत हासिल की।

अमेरिकी खिलाड़ी के संयुक्त स्कोर में अब 41,871 नियमित-सीजन अंक और 8,162 पोस्टसीजन अंक शामिल हैं। वह एनबीए के इतिहास में एक किशोर के रूप में और 40 वर्ष की आयु के बाद खेलने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। पिछले महीने जेम्स एनबीए के इतिहास में 40 या उससे अधिक उम्र में एक खेल में कई 40 से अधिक अंक हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बने।

दिग्गज माइकल जॉर्डन एकमात्र अन्य 40 वर्षीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने 40 से अधिक अंक हासिल किए हैं। पिछले साल दिसंबर में जेम्स ने लॉस एंजिल्स लेकर्स की सैक्रामेंटो किंग्स पर जीत के दौरान लीग के इतिहास में सबसे अधिक मिनट खेलते हुए छह बार के एनबीए एमवीपी करीम अब्दुल-जब्बार को पीछे छोड़ दिया। वह 7 फरवरी, 2023 को अब्दुल-जब्बार के नियमित-सीज़न स्कोरिंग रिकॉर्ड को पार करने के बाद पहले से ही लीग के शीर्ष स्कोरर थे और 25 मई, 2017 को माइकल जॉर्डन के प्लेऑफ स्कोरिंग रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

# चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाएगी टीम : गंभीर

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर लगता है अब तक भारतीय टीम के प्रदर्शन से पूरी तरह से संतुष्ट नहीं हुए हैं। गंभीर का मानना है कि टीम रविवार को होने वाले चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। भारतीय टीम ने पहले सेमीफाइनल में विराट कोहली के 84 रनों की सहायता से ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनायी है। इससे पहले टीम ने तीनो लीग मुकाबले भी जीते थे।




गंभीर ने मैच के बाद कहा, 'अंतरराष्ट्रीय खेल में आप लगातार बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप यह नहीं कह सकते कि पूरी तरह से सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाया। अभी तक हमने ऐसा नहीं किया है। मैं कभी भी प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं होऊंगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय टीम 9 मार्च को चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में शीर्ष स्तर का प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, 'अभी हमें एक मैच और खेलना है। उम्मीद है कि वह सर्वश्रेष्ठ खेल होगा। हम लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और क्रिकेट के मैदान पर बेरहम लेकिन मैदान से बाहर विनम्र रहना चाहते हैं।

भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में अबतक चार स्पिनरों को उतारा है। वहीं अक्षर पटेल को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजने और केएल राहुल को छठे नंबर पर उतारने जैसे कई साहसिक फैसले भी लिए हैं। इसी को लेकर गंभीर ने कहा कि ये बदलाव इसलिए किया गया है ताकि खिलाड़ी कम्फर्ट जोन से बाहर निकलकर अपना सर्वश्रेष्ठ करने प्रेरित हों। गंभीर ने कहा, 'क्रिकेट का मतलब अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलना ही है। आप इसी तरह से निखरते हैं। अगर सभी कम्फर्ट जोन में रहेंगे तो जड़ता आ जाएगी। हमारे ड्रेसिंग रूम में सब कम्फर्ट जोन से बाहर रहते हैं, चाहे कोचिंग स्टाफ हो या खिलाड़ी और आगे भी वही करेंगे जो भारतीय क्रिकेट के लिये जरुरी है।

# आईपीएल में इस बार आईसीसी नियमों के अनुसार मिलेगी सजा

**मुम्बई (एजेंसी)।** अगले माह होने वाले आईपीएल 2025 में अनुशासन तोड़ना अब खिलाड़ियों को भारी पड़ेगा। इस बार टीमों में काफी बदलाव भी देखने को मिलेगा। कई टीमों ने कप्तान तक बदले हैं। पिछली बार की विजेता कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब किंग्स की कप्तानी जबकि पिछली बार दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करने वाले ऋषभ पंत इस बार लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलेंगे आईपीएल प्रबंधन ने मैदान पर खिलाड़ियों के अनुशासन से जुड़े कई नियम अब पहले से अधिक सख्त कर दिए गए हैं। अब आईपीएल में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की आचार संहिता का पालन किया जाएगा। गवर्निंग काउंसिल की बैठक में ये अहम फैसला लिया गया। इसके तहत लेवल 1,2 और 3 के उल्लंघन पर खिलाड़ियों को आईसीसी के नियमों के मुताबिक सजा दी जाएगी। पहले लीग के अपने नियम होते थे, लेकिन अब आईसीसी द्वारा निर्धारित कोड ऑफ कंडक्ट लागू किया जाएगा। आईपीएल 2025 सीजन का आगाज 21 मार्च से होगा। यानी इस दिन टूर्नामेंट का ओपनिंग मुकाबला खेला जाएगा जबकि फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। वहीं दूसरी ओर आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर का रूल जारी रहेगा। हालांकि इम्पैक्ट प्लेयर रूल को लेकर पिछले साल काफी बवाल भी हुआ था। रोहित शर्मा, विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों ने इस रूल की आलोचना की थी। बावजूद इसके आगामी सीजन में इम्पैक्ट खिलाड़ियों का रूल जारी रहेगा।




# फियाटपे ने मुंबई इंडियंस के साथ करार किया

**मुम्बई (एजेंसी)।** 22 मार्च से शुरु होने वाले आईपीएल 2025 के लिए तैयारियों जोरों पर हैं। आईपीएल अब खेल के साथ ही बड़ा करोबार भी बना गया है। इसमें क्रिकेट के रोमांच के साथ ही तकनीक भी जुड़ गयी है। टीम के साथ ही मैदान में आने वाले दर्शकों को भी तेजी से भुगतान के लिए अच्छी सेवाएं मिलेंगी क्योंकि डिजिटल भुगतान की नामी कंपनी फियाटपे ने मुंबई इंडियंस के साथ करार किया है। यह साझेदारी सिर्फ ब्रांडिंग तक ही नहीं रहेगी। इसमें गति, सटीकता और उत्कृष्ट सेवा से पूरा ध्यान रहेगा। फियाटपे को डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में तेज़ और सुरक्षित ट्रांजैक्शन्स के लिए जाना जाता है। अब मुंबई इंडियंस के साथ मैदान के भीतर और बाहर भुगतान के मामले वह देखेगी। फियाटपे ने पूरे देश में डिजिटल भुगतान को सरल और सहज बना दिया है। कंपनी का मानना है कि कि हर लेन-देन आसान अनुभव बने, ठीक वैसे ही जैसे क्रिकेट में एक बेहतरीन स्ट्रोक बिना किसी परेशानी के बल्ले से निकलता है।

मुंबई इंडियंस की गिनती आईपीएल की सबसे सफल टीमों में होती है। उनकी पहचान सिर्फ जीत से नहीं, बल्कि खेल की बारीकियों को समझने, रणनीतिक फैसले लेने और हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने से है। यही मूल्य फियाटपे भी अपने ग्राहकों को डिजिटल भुगतान के माध्यम से प्रदान करता है। कंपनी का मानना है किजब मैदान पर मुंबई इंडियंस का कोई बल्लेबाज़ चौका या छक्का लगाता है, तो वह जितनी तेज़ी और सहजता से गेंद को बाउंड्री के पार भेजता है, फियाटपे उतनी ही गति और सटीकता से आपके पैसे के लेन-देन को पूरा करता है। फियाटपे को उम्मीद है कि इस करार से उसे काफी लाभ होगा क्योंकि पांच बार की विजेता मुम्बई इंडिया के प्रशंसकों की तादाद काफी बड़ी है।

# खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरु होगा

गुलमर्ग । जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग में खेलो इंडिया शीतकालीन खेल (केआईडटल्यूजी) 2025 के दूसरे चरण का आयोजन अब नये कार्यक्रम के अनुसार इसी माह नौ से 12 मार्च तक होगा। पहले ये खेल फरवरी में रखे गये थे पर कम बर्फबारी के कारण तब इनका आयोजन टाल दिया गया था। जम्मू-कश्मीर खेल परिषद की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उसने नौ से 12 मार्च तक खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 की मेजबानी की पूरी तैयारी कर ली है। इस टूर्नामेंट में देशभर के शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे। यह शीतकालीन खेलों का दूसरा चरण है जहां स्कीइंग और स्नोबोर्डिंग की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। वहीं इससे पहले खेलों का पहला चरण इसी साल जनवरी में लद्दाख के लेह जिले में आयोजित किया गया था जहां आइस-स्केटिंग और आइस-हॉकी स्पर्धाओं का आयोजन हुआ था।

# स्मिथ ने एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लिया




दुबई । ऑस्ट्रेलिया के स्टार क्रिकेटर स्टीव स्मिथ ने भारतीय टीम के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मिली हार के बाद एकदिवसीय प्रारुप को अलविदा कह दिया। स्मिथ की कप्तानी में ही ऑस्ट्रेलियाई टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में उतरी थी। स्मिथ ने सेमीफाइनल में 73 रनों की अहम पारी खेली पर उनकी टीम के गेंदबाज लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाये। एकदिवसीय प्रारुप में स्मिथ के करियर को देखते तो उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 170 मैचों में 5800 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 164 रन का रहा। स्मिथ ने अपने करियर में कई ऐतिहासिक पारियां खेलीं और दो बार एकदिवसीय विश्वप कप विजेता टीम का वह हिस्सा रहे हैं। स्मिथ ने कहा, यह मेरे लिए एक अविश्वसनीय सफर रहा। मैंने एकदिवसीय क्रिकेट में कई बेहतरीन यादें बनाई हैं, लेकिन अब समय आ गया है कि अगली पीढ़ी 2027 एकदिवसीय विश्वकप की तैयारी करे। स्मिथ ने भारतीय टीम के खिलाफ 30 एकदिवसीस मैचों में 1383 रन बनाए, जिसमें 5 शतक और 7 अर्धशतक शामिल हैं। भारत के खिलाफ उनका प्रदर्शन हमेशा शानदार रहा। वहीं उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 40 मैचों में 1245 रन बनाए, जिसमें 1 शतक और 6 अर्धशतक शामिल हैं।

# आईपीएल के पहले मैच में कप्तानी करते दिखेंगे सूर्या !

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस का पहला मुकाबला 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। मुम्बई के कप्तान हार्दिक पांड्या हालांकि इस मैच में नहीं खेल पायेंगे। इसका कारण उनपर पिछले सत्र में लगा एक मैच का निलंबन है। ऐसे में सूर्यकुमार यादव पहले मैच में मुम्बई की कप्तानी करते दिख सकते हैं। मुंबई इंडियंस का पिछले सत्र में प्रदर्शन काफी खराब रहा था। तब हार्दिक पांड्या पर लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ हुए अंतिम ग्रुप स्टेज मैच के बाद धीमी ओवर गति के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था और इसी कारण आईपीएल 2025 में फ्रेंचाइजी के पहले मैच से भी निर्लंबित कर दिए गए थे।




सीजन में तीसरी बार मुम्बई ओवर गति से पीछे रहा, जिसके कारण उनके कप्तान पांड्या पर एक मैच का प्रतिबंध भी लगाया गया। यही वजह है कि वह इस बार पहले मैच में हार्दिक खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। हालांकि उनकी जगह टीम की कमान किसे मिलेगी, इसके बारे में फ्रेंचाइजी ने अभी घोषणा नहीं की है पर माना जा रहा है कि सूर्यकुमार यादव हार्दिक की जगह टीम की कमान संभाल सकते हैं। सूर्यकुमार यादव भारतीय टी20 टीम के कप्तान भी हैं।

सीसीआई ने रविवार आईपीएल के 18वें सीजन का शेड्यूल जारी किया। बीसीसीआई के अनुसार आईपीएल के इस सत्र में 13 स्थानों पर कुल 74 मैच खेले जायेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का आगाज ईडन गार्डंस में 22 मार्च को गतविजेता कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बीच मुकाबले से होगा।

# दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने संन्यास का फैसला लिया, जानें कब खेलेंगे आखिरी मैच



चेन्नई । भारत के महान टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने बुधवार को घोषणा की कि चेन्नई में इस महीने के आखिर में डब्ल्यूटीटी कंटेंडर टूर्नामेंट पेशेवर खिलाड़ी के रूप में उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) टूर्नामेंट 25 से 30 मार्च तक खेला जाएगा। 42 वर्ष के शरत कमल ने कहा, 'मैने अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट चेन्नई में खेला था और आखिरी भी चेन्नई में ही खेलूंगा। यह पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर मेरा आखिरी टूर्नामेंट होगा।' शरत ने राष्ट्रमंडल खेलों में छह स्वर्ण पदक जीते हैं जबकि एशियाई खेलों में दो कांस्य अपने नाम किए। पिछले साल पेरिस में पांचवां और आखिरी ओलंपिक खेलने वाले इस दिग्गज ने कहा, 'मैने राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों में पदक जीते हैं। ओलंपिक पदक मैं नहीं जीत सका।' उन्होंने कहा, 'उम्मीद है कि मैं आने वाली युवा प्रतिभाओं के जरिए अपना सपना पूरा कर सकूंगा।'

# धोनी ने भरोसा किया इतना ही बहुत है... सीएसके के कप्तान बनने पर बोले रुतुराज गायकवाड़

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने उस पल को याद किया जब महेंद्र सिंह धोनी ने खुलासा किया था कि वह अब टीम का नेतृत्व नहीं करेंगे और अपनी जिम्मेदारियां सलामी बल्लेबाज को सौंप दी। धोनी ने आईपीएल 2024 सीजन से पहले कप्तानी छोड़ दी थी। सीएसके ने गायकवाड़ को कप्तान बनाया जो 2019 से फ्रेंचाइजी के साथ हैं। 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद से धोनी ने 212 मैचों में सीएसके का नेतृत्व किया, जिसमें 128 मैच जीते जबकि 82 मैच हारे। 2022 सीजन की शुरुआत में धोनी ने रवींद्र जडेजा को कप्तानी सौंपी, लेकिन 8 मैचों के बाद वह कप्तान के रूप में लौट आए।

गायकवाड़ ने कहा कि वह भरोसा मेरे लिए बहुत मायने रखता है। पिछले साल टूर्नामेंट से ठीक एक हफ्ते पहले एमएस धोनी मेरे पास आए और कहा कि मैं इस साल कप्तानी नहीं कर रहा हूं - आप कर रहे हैं। मैं आश्चर्यचकित रह गया और पूछा- पहले गेम से? क्या आपको यकीन है? तैयारी के लिए बस कुछ ही दिन बचे थे, यह जबरदस्त था। लेकिन उन्होंने मुझे आश्वासन दिया कि यह आपकी टीम है। आप अपने निर्णय स्वयं लें। मैं हस्तक्षेप नहीं करूंगा - सिवाय इसके कि जब फील्ड प्लेसमेंट 50-50 कॉल हो। फिर भी मेरी सलाह मानना कोई मजबूरी नहीं है। सीएसके की कप्तान करते हुए धोनी ने पांच आईपीएल जीते। उन्होंने 2016 और 2017 सीजन को छोड़कर अपना पूरा करियर सुपर किंग्स के साथ बिताया है। भारत के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने कहा कि जब एक अत्यधिक अनुभवी कप्तान अभी भी मैदान पर है, तो उसकी उपस्थिति या तो फायदेमंद हो सकती है या जबरदस्त हो सकती है। कुछ खिलाड़ी आश्चर्यचकित हो सकते हैं। लेकिन धोनी का व्यक्तित्व असाधारण है - वह सुनिश्चित करते हैं कि बदलाव नए नेता पर हावी हुए बिना निर्बाध हो। कप्तान के रूप में गायकवाड़ के पहले सीजन में सीएसके 2024 आईपीएल प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने से चूक गई। चेन्नई की टीम को अपने 14 मैचों के अभियान में सात जीत और हार मिली, जिससे वह नेट रन रेट के आधार पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से पांचवें स्थान पर रही। धोनी 2025 में टूर्नामेंट में अपना 18वां सीजन खेलेंगे और



उन्होंने अब तक 264 मैच खेले हैं और 24 अर्धशतकों के साथ 5234 रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका के महान खिलाड़ी एबी डिविलियर्स ने भी उनकी लंबी उम्र का श्रेय धोनी को दिया और उम्मीद जताई कि यह सिलसिला आने वाले कई वर्षों तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि लाखों प्रशंसकों को क्रिकेट देखने और प्रेरित होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें श्रेय देना होगा।

# वाणी कपूर ने महिला पेशेवर गोल्फ टूर के 5वें चरण में बनाई बढ़त



गुरुग्राम। वाणी कपूर अंतिम लम्हों में दो बोगी करने के बावजूद बुधवार को यहां महिला पेशेवर गोल्फ टूर के पांचवें चरण में पहले दौर के बाद शीर्ष पर हैं। पिछले महीने चौथा चरण जीतने वाली वाणी दो अंडर 70 के स्कोर से शीर्ष पर हैं। उन्होंने अमनदीप द्राल पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है जिन्होंने पहले दौर मं एक अंडर 71 का स्कोर बनाया। बेहद तेज हवा के बीच सिर्फ वाणी और अमनदीप ही अंडर पार का स्कोर बना पाईं। रिया झा दो ओवर 74 के स्कोर से तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने एक ईगल और एक बर्डी की लेकिन पांच बोगी कर गईं जिससे उनका स्कोर दो ओवर रहा। एमेच्योर कीरत कांग, अनाहिता सिंह, ओविया रेड्डी, नेहा त्रिपाठी और रिद्धिमा दिलावरी चार ओवर 76 के स्कोर से संयुक्त रूप से चौथे पायदान पर हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी : ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद बोले एश्टन एगर, आप कोहली पर दबाव नहीं बना सकते

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गेंदबाज अक्सर एकदिवसीय क्रिकेट में विराट कोहली को बांधने के लिए संघर्ष करते हैं और ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एश्टन एगर के अनुसार, इसका एक प्रमुख कारण स्ट्राइक रोटेट करने की उनकी बेजोड़ क्षमता है। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की सेमीफाइनल जीत के बाद एगर ने कोहली की 84 रन की पारी को खेल प्रबंधन में 'मास्टरक्लास' बताया, और इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे अंतराल ढूंढने और स्कोरबोर्ड को चालू रखने की उनकी क्षमता दबाव बनाना लगभग असंभव बना देती है।

एगर ने कहा, 'उन्हें गेंदबाजी करने का यह निराशाजनक हिस्सा है। बात यह नहीं है कि वह बाउंड्री से कितना नुकसान करता है - बात यह है कि आप उस पर दबाव नहीं बना सकते। जब तक गेंद वास्तव में घूम नहीं रही हो तब तक आपको ऐसा कभी महसूस नहीं होता कि आप उसके ऊपर हैं। और आपको एकदिवसीय क्रिकेट में इस तरह की बहुत सारी पिचें नहीं मिलती हैं।'

कोहली की 98 गेंदों में 84 रन की पारी भारत के लक्ष्य का पीछा करने में अहम भूमिका रही क्योंकि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के 264 रन को 4 विकेट शेष रहते ही पार कर लिया। स्ट्रोकप्ले से अधिक, स्कोरबोर्ड को चालू रखने की उनकी क्षमता ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को निराश किया। कोहली की पारी विकेटों के बीच दौड़ में मास्टरक्लास थी। उनके 84 रनों में से 64 रन एकल और दो रनों से आए, जो अनावश्यक जोखिम उठाए बिना पारी को आगे बढ़ाने की उनकी क्षमता का प्रमाण है।

एगर ने बताया कि स्पिन के खिलाफ कोहली की तकनीक, विशेष रूप से गेंद को पूरी तरह से रखने की उनकी क्षमता, उन्हें गेंदबाजी करने के लिए सबसे कठिन बल्लेबाजों में से एक बनाती है। उन्होंने कहा, 'उसके पास आपकी सर्वश्रेष्ठ गेंद को हिट करने की शानदार क्षमता है - मध्य स्टंप के शीर्ष पर, थोड़ा दूर घूमती हुई - बल्ले का चेहरा दूसरों की तुलना में थोड़ा अधिक समय तक पकड़कर। वह इसे आखिरी सेकंड में खोलता है और इसे कवर-पॉइंट गैप में मारता है। ऐसा करने में वह शायद दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है, और उस पर दबाव बनाना बहुत मुश्किल है।'



## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में महिला के आत्मघाती हमले में 1 की मौत, 3 घायल



**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक महिला के आत्मघाती हमले में पाकिस्तानी सेना के ड्राइवर की मौत हो गई, जबकि तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। महिला ने यह हमला अर्धसैनिक गश्ती दल की गाड़ी को निशाना बनाकर किया था। सोमवार को हमला बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा से लगभग 170 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम में कलात में हुआ। अभी तक किसी संगठन में बम विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन पुलिस को शक है किय यह काम बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी का है।

### फ्रांस का रूस और यूक्रेन के बीच 1 महीने युद्धविराम का प्रस्ताव

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और उनके विदेश मंत्री ने रूस और यूक्रेन के बीच एक महीने के युद्धविराम का प्रस्ताव दिया है। इस दौरान यह देखा जाएगा कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन का शांति वार्ता के लिए क्या नजरिया है। फ्रांसीसी विदेश मंत्री ने कहा- यूरोपीय संघ पर आज जितना युद्ध का खतरा है उतना कभी नहीं रहा। खतरा लगातार हमारे करीब आता जा रहा है। कल ही यूक्रेन के समर्थन में यूरोपीय नेताओं ने लंदन में बैठक की थी। इस बैठक में ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर यूक्रेन को 14 हजार करोड़ रुपए देने की बात कही थी। इस बैठक में 15 देशों के राष्ट्र प्रमुख, तुर्की के विदेश मंत्री, नाटो के महासचिव, यूरोपीय संघ और यूरोपीय काउंसिल के प्रेसिडेंट शामिल हुए थे।



### एम23 विद्रोहियों ने 130 मरीजों का किया अपहरण

**किंसाशा, एजेंसी।** लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो में चल रही हिंसा के बीच एम23 विद्रोही लगातार कब्जा कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि एम23 विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो के एक प्रमुख शहर के दो अस्पतालों से कम से कम 130 बीमार और घायल लोगों का अपहरण कर लिया। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की प्रवक्ता रवीना शमदासानी ने बताया कि 28 फरवरी को एम23 विद्रोहियों ने गोमा स्थित सीबीसीए एनडोशो अस्पताल और हील अफ्रीका अस्पताल पर हमला किया। विद्रोहियों ने सीबीसीए से 116 रोगियों और हील अफ्रीका से 15 अन्य लोगों को अगवा कर लिया। विद्रोहियों को शक था कि अस्पताल में भर्ती मरीज कांगो सेना के सैनिक या सरकार समर्थक वाजालेंडो मिलिशिया के सदस्य थे। शमदासानी ने उनकी तत्काल रिहाई की मांग की। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि एम23 ने अस्पताल के बिस्तरों से मरीजों को अगवा किया। उन्हें अज्ञात स्थानों पर बिना किसी संपर्क के बंधक बनाकर रखा गया है।

### पाकिस्तान के लिए इमरान अब खुद में सुधार करें : अब्बासी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम और आवाम पाकिस्तान पार्टी (एपीपी) के संयोजक शाहिद खाकान अब्बासी ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को खुद में सुधार लाना होगा, अन्यथा देश को तरक्की करने में संघर्ष करना पड़ेगा। घरेलू राजनीतिक माहौल पर बोलते हुए अब्बासी ने पीटीआई के मजबूत जनसमर्थन को स्वीकारा, लेकिन चेताया कि पार्टी ने सत्ता में रहते हुए जो नजरिया अपनाया था उसे जारी रखा गया तो उसे कोई फायदा नहीं होगा। खान अपनी गलतियों पर सोचें।

### पाकिस्तान मेंअहमदियों की 120 वर्ष पुरानी इबादतगाह तोड़ी

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी 'तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान' के दबाव में पुलिस ने अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय के 120 वर्ष पुरानी इबादतगाह को तोड़ दिया है। अहमदियाओं के सामुदायिक संगठन 'जमात-ए-अहमदिया' ने सोमवार को कहा कि घटना लाहौर से 80 किलोमीटर दूर गुजरांवाला के चट्ठा इलाके में हुई, जहां इबादतगाह को ध्वस्त करने का विरोध करने पर पांच अहमदियों को हिरासत में भी लिया गया है।

### जापान की आईस्पेस 6 जून को चंद्रमा पर उतरने का दूसरा प्रयास करेगी

**टोक्यो, एजेंसी।** जापानी चंद्रमा अन्वेषण कंपनी आईस्पेस ने कहा कि उसका रेजिलिएंस लैंडर 6 जून को स्थानीय समयानुसार सुबह 4:24 बजे चंद्रमा पर उतरने का प्रयास करेगा, जो अप्रैल 2023 में पहला प्रयास विफल होने के बाद उसका दूसरा प्रयास होगा। यह रविवार को अमेरिकी कंपनी फायरफ्लाई एयरोस्पेस के ब्लू घोस्ट अंतरिक्ष यान की सफल चंद्रमा लैंडिंग के बाद होगा, जिसने जनवरी में आईस्पेस के रेजिलिएंस के साथ एक ही स्पेसएक्स रॉकेट साझा किया था।

# डोनाल्ड ट्रंप का जेलेंस्की को बड़ा झटका! यूक्रेन को सैन्य सहायता पर लगाई रोक

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की को एक और झटका दिया है। दरअसल, ट्रंप ने यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य सहायता रोक दी है। यह भी आदेश दिया गया है कि यह प्रतिबंध तब तक जारी रहेगा जब तक यह सुनिश्चित नहीं हो जाता कि यूक्रेन और देश के नेता शांति वार्ता के लिए प्रतिबद्ध हैं। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को यूक्रेन को सैन्य सहायता निलंबित करने का आदेश जारी किया, जिससे कीव पर रूस के साथ शांति वार्ता करने का दबाव बढ़ गया है। यह कदम यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की और डोनाल्ड ट्रंप के बीच दुनिया के सामने कैमरे पर हो रहे टकराव, बहस और तकरार के बीच उठाया गया है, क्योंकि ट्रंप जल्द से जल्द युद्ध को खत्म करना चाहते हैं, लेकिन जेलेंस्की बिना सुरक्षा गारंटी के किसी भी मुद्दे पर बात नहीं करना चाहते हैं। **इन राज्यों में बारिश और बर्फबारी का अलर्ट :** मौसम विभाग के अनुसार समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर ऊपर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ 9 मार्च से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। इसके प्रभाव से जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश में गरज के साथ बारिश और बर्फबारी होगी। हरियाणा, चंडीगढ़ में भी गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है। पंजाब में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और ओलावृष्टि की भी संभावना है। उत्तराखंड में भी छिटपुट से लेकर हल्की-मध्यम बारिश/बर्फबारी की संभावना है। पूर्वोत्तर असम और उसके आसपास निचले क्षोभमंडल स्तर पर एक चक्रवाती परिसंचरण मौजूद है। इसके प्रभाव से अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में गरज के साथ बारिश हो सकती है।



**जेलेंस्की पर नाराज हुए ट्रम्प, कहा- वे शांति नहीं चाहते :** ब्लूमबर्ग ने रक्षा विभाग के एक अधिकारी के हवाले से बताया है कि राष्ट्रपति ट्रम्प इस बात की समीक्षा कर रहे हैं कि क्या जेलेंस्की रूस के साथ शांति कायम करने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन के एक अधिकारी ने फॉक्स न्यूज से कहा कि यह मदद स्थायी तौर पर नहीं रोकी गई है। जेलेंस्की की सैन्य मदद रोकने से कुछ घंटे पहले ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा- जेलेंस्की नहीं चाहते कि जब तक उन्हें अमेरिका का समर्थन हासिल है, तब तक शांति हो। यह जेलेंस्की की तरफ से दिया गया सबसे खराब बयान है। अमेरिका इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

**यूक्रेन की 8.7 हजार करोड़ रुपए की मदद रुकी :** न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इससे एक अरब डॉलर (8.7 हजार करोड़ रुपए) के हथियार और गोला-बारूद संबंधी मदद पर असर पड़ सकता है। इन्हें जल्द ही यूक्रेन को डिलीवर किया जाना था। ट्रम्प के आदेश के बाद उस मदद को भी रोक दिया गया है जिसका इस्तेमाल यूक्रेन सिर्फ अमेरिकी डिफेंस कंपनियों से सीधे नए सैन्य हार्डवेयर खरीदने के लिए कर सकता है। अमेरिकी सहायता रोके जाने पर राष्ट्रपति जेलेंस्की की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने सीएनएन से कहा कि यह साफ है कि फैसला जेलेंस्की के बुरे बर्ताव की वजह से उठाया गया। उन्होंने कहा कि अगर जेलेंस्की जंग को खत्म करने के लिए बातचीत की कोशिश करते हैं, तब शायद ये रोक हटाई जा सकती है।

**यूक्रेन पर 2 से 4 महीने में दिखेगा मदद रूकने का असर :** सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के मार्क कैन्सियन ने कहा कि अमेरिका के मदद रोकने के फैसले से यूक्रेन पर बहुत असर पड़ने वाला है। ट्रम्प के इस फैसले ने एक तरह से यूक्रेन को 'अपंग' कर दिया है। कैन्सियन ने कहा कि अमेरिकी मदद रुकने का मतलब है कि अब यूक्रेन की ताकत आधी हो गई है। इसका असर दो से चार महीने में दिखने लगेगा। फिलहाल यूरोपीय देशों से मिलने वाली सहायता से यूक्रेन कुछ समय तक लड़ाई में बना रहेगा।

**खुफिया जानकारी देना भी बंद कर सकता है अमेरिका :** उन्होंने कहा कि इस फैसले का मतलब ये है कि यूक्रेन को अब किसी भी हाल में पीस डील को स्वीकार करना पड़ेगा। कैन्सियन ने चेतावनी दी कि ट्रम्प प्रशासन यूक्रेन को कमजोर करने के लिए और भी कई तरीके आजमा सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका, यूक्रेन को दी जाने वाली खुफिया जानकारी बंद कर और यूक्रेनी सेना को मिल रही ट्रेनिंग रोककर जेलेंस्की को घुटनों पर ला सकते हैं।

### जर्मनी के मैनहेम में लोगों पर जानबूझकर कार चढ़ाई:2 की मौत, 25 घायल



**बर्लिन, एजेंसी।** जर्मनी के मैनहेम में कार्निवल के दौरान सोमवार को एक कार चालक ने जानबूझकर पैदल चल रहे लोगों को टक्कर मार दी। जर्मनी के बिल्ड न्यूज पेपर के मुताबिक इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अभी तक यह साफ नहीं है कि ड्राइवर ने जानबूझकर ऐसा किया या ये हादसा गलती से हुआ। पुलिस ने इलाके में लॉकडाउन लगाया है। जर्मनी में तीन महीने के अंदर कार से लोगों पर हमले की यह तीसरी घटना है। जनवरी में म्यूनिख शहर में एक अफगानी शरणार्थी ने लोगों पर कार चढ़ा दी थी। इस हादसे में 2 लोग मारे गए थे, जबकि 28 से ज्यादा घायल हुए थे। वहीं, दिसंबर में मैगडेबर्ग शहर के क्रिसमस मार्केट में तेज रफ्तार कार ने सैकड़ों लोगों को रौंद दिया था। इस हमले में 5 लोग मारे गए थे, जबकि 200 घायल हुए थे। घायलों में 7 भारतीय भी थे। इस हमले को स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12.15 बजे (भारतीय समय के मुताबिक शाम 4:45 बजे) अंजाम दिया गया। जर्मन मीडिया ने बताया कि मैनहेम की मुख्य शॉपिंग स्ट्रीट प्लैंकन में एक काली स्कू ने तेज रफ्तार से कई पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी। यह कार प्लैंकन में परेडप्लाट्ज स्क्वायर से शहर के फेमस वॉटर टावर की तरफ जा रही थी। पुलिस प्रवक्ता स्टीफन विल्हेम ने बताया कि एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में अन्य लोगों के शामिल होने की जानकारी नहीं दी गई है। घटना के बाद पुलिस ने कहा है कि मैनहेम में अभी खतरे की स्थिति बनी हुई है। घायलों के इलाज के लिए हॉस्पिटल ने 8 टीमें तैनात की हैं।

### एफबीआई के न्यूयॉर्क प्रमुख का इस्तीफा, बोले- मुझे मिला था ये आदेश

**वाशिंगटन, एजेंसी।** फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन यानी एफबीआई के न्यूयॉर्क कार्यालय के प्रमुख ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसे लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा करने के लिए आदेश दिया गया था। जेम्स डेनही ने सोमवार को अपने सहयोगियों को एक संदेश में बताया कि शुक्रवार को उन्हें इस्तीफा देने के लिए कहा गया, लेकिन इसका कोई कारण नहीं बताया गया। यह घटना एफबीआई के लिए एक अशांत समय में हुई है, क्योंकि पिछले महीने काश पटेल नए एफबीआई निदेशक बने थे और डैन बॉन्गिनो, जो ट्रंप के समर्थक और कंज़र्वेटिव पॉडकास्ट होस्ट हैं, को उप निदेशक नियुक्त किया गया है। फिलहाल, एफबीआई के भीतर स्थिति और भी जटिल हो गई है, जब न्याय विभाग ने 6 जनवरी, 2021 को अमेरिकी कैपिटल में हुई हिंसा से संबंधित जांच में शामिल हुए एफबीआई एजेंट्स की सूची देने का आदेश दिया। इस आदेश को कुछ लोगों ने एफबीआई में बड़े पैमाने पर निकासी का संकेत माना। डेनही, जो एक सेवानिवृत्त मरीन हैं, इस आदेश का विरोध करते हुए एक संदेश में कहा था कि वह इस मामले में डिगने के लिए तैयार नहीं थे। वहीं जेम्स डेनही ने अपने इस्तीफे के बाद कहा, मैंने अपनी जिंदगी में कई बार सुना है, जब आप गड्ढे में हों, तो खुदाई बंद कर दो, लेकिन मुझे इस पर भरोसा नहीं है। मैं कभी भी इस संगठन की रक्षा करना बंद नहीं करूंगा, बस इसे बाहर से गर्व से करूंगा। डेनही ने यह भी कहा कि वह एफबीआई की स्वतंत्रता को याद करेंगे और कहा, हम झुकेंगे नहीं, हम हारेंगे नहीं, हम जो सही है।

# पूर्व प्रो-रेसलिंग प्रमुख लिंडा मैकमोहन बनीं शिक्षा मंत्री, ट्रंप ने विभाग समेटने का सुनाया है फरमान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सीनेट ने पूर्व रेसलिंग एक्जीक्यूटिव 76 वर्षीय लिंडा मैकमोहन को शिक्षा विभाग के प्रमुख के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। यह वह विभाग है जिसकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने निंदा की है और जिसे खत्म करने का पहले ही एलान कर रखा है। मैकमोहन को शिक्षा विभाग को बंद करने के साथ-साथ ट्रंप के एजेंडे को हासिल करने के प्रयासों को बढ़ाने के लिए कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। रिपब्लिकन राष्ट्रपति ने पहले ही अमेरिका के स्कूलों से विविधता कार्यक्रमों और ट्रांसजेंडर छात्रों के लिए सुविधाओं को हटाने के लिए व्यापक आदेशों पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने स्कूल चॉइस कार्यक्रमों को विस्तारित करने का आह्वान भी किया है। ट्रंप ने केंद्रीय शिक्षा विभाग को बंद करने का किया है एलान ट्रंप ने विभाग को बंद करने की बात कही है और कहा है कि वह चाहते हैं कि मैकमोहन खुद को नौकरी से निकाल दें। सोमवार को सीनेट ने मैकमोहन की नियुक्ति की पुष्टि के लिए 51-45 के बहुमत से मतदान किया। अरबपति और वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट की पूर्व सीईओ, 76 वर्षीय मैकमोहन इस पद के लिए एक अपरंपरागत विकल्प हैं। उन्होंने कनेक्टिकट के राज्य शिक्षा बोर्ड में एक साल बिताया और सेक्रेड हार्ट यूनिवर्सिटी में लंबे समय से ट्रस्टी हैं, लेकिन इसके अलावा उनके पास पारंपरिक शिक्षा के क्षेत्र में नेतृत्व बहुत कम अनुभव है। मैकमोहन के समर्थक उन्हें एक कुशल कार्यकारी



के रूप में देखते हैं। उन्हें उम्मीद है कि वे उस विभाग में विभाग में सुधार लाएंगी जोअमेरिकी शिक्षा में सुधार करने में विफल रहा है। विरोधियों का कहना है कि वह अयोग्य हैं और उन्हें डर है कि उनके बजट में कटौती का असर पूरे देश के छात्रों पर पड़ेगा।

**सीनेट सदस्य बोले- वे शिक्षा विभाग को खत्म होते नहीं देखना चाहते :** सीनेट के अल्पसंख्यक नेता चक शूमर ने पुष्टिकरण वोट से पहले कहा, अमेरिकी सार्वजनिक शिक्षा में विश्वास करते हैं। वे शिक्षा विभाग को समाप्त होते नहीं देखना चाहते। यदि ट्रंप प्रशासन शिक्षा में कटौती करता है, तो स्कूलों को अरबों डॉलर का फंड खोना पड़ेगा।

पुष्टिकरण की सुनवाई के दौरान मैकमोहन ने ट्रंप की तीखी बयानबाजी से खुद को दूर रखा। उन्होंने कहा कि लक्ष्य शिक्षा विभाग को अधिक कुशलता से संचालित करना है, न कि कार्यक्रमों को निधि से वंचित करना। उन्होंने स्वीकार किया कि विभाग को बंद करने का अधिकार केवल कांग्रेस के पास है, और उन्होंने कम आय वाले स्कूलों के लिए शीर्षक ढ्ढ धन, कम आय वाले कॉलेज के छात्रों के लिए पेल अनुदान और सार्वजनिक सेवा ऋण माफी कार्यक्रम को संरक्षण वचन दिया। फिर भी उन्होंने सुझाव दिया कि कुछ संचालन अन्य विभागों में स्थानांतरित किए जा सकते हैं, उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और मानव सेवा विकलांगता अधिकार कानूनों को लागू करने के लिए बेहतर ढंग से अनुकूल हो सकती है। ट्रंप प्रशासन का तर्क है कि विभाग पर उदारवादियों का कब्जा हो गया है जो अमेरिका के स्कूलों पर अपनी विचारधारा थोप रहे हैं। स्कूल और कॉलेज विविधता कार्यक्रमों को खत्म करने या उनके संघीय वित्त पोषण को वापस लेने के जोखिम की मांग पर विचार कर रहे हैं। राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान, ट्रंप ने विभाग को बंद करने और राज्यों को इसका अधिकार देने की कसम खाई थी।

# बांग्लादेश में जीका वायरस के पांच मामलों की हुई पहचान

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि इंटरनेशनल सेंटर फॉर डायरिया डिजीज रिसर्च, बांग्लादेश (आईसीडीडीआर-बी) के वैज्ञानिकों ने देश में जीका वायरस से संक्रमित पांच मामलों की पहचान की है। संक्रमित मरीजों से सैंपल 2023 में एकत्र किए गए थे और यह बांग्लादेश में जीका वायरस से संक्रमित मरीजों के पहले समूह की पहचान है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, जीका वायरस के मामलों की पहचान ने बांग्लादेश में इस बीमारी के वास्तविक प्रभाव को जानने के लिए बड़े पैमाने पर देशव्यापी जांच की मांग की है। संक्रमित मरीज एक-दूसरे से एक किलोमीटर के दायरे में रहते थे और पिछले दो सालों में देश के बाहर यात्रा नहीं की थी। पांच जीका वायरस से संक्रमित मरीजों में से एक को डेंगू वायरस भी था। यह बांग्लादेश में पहली बार ऐसा हुआ है जब दो वायरस का एक साथ संक्रमण पाया गया है।




ऐसा माना जा रहा है कि यह वायरस शायद उन बांग्लादेशी प्रवासियों से फैला होगा जो दक्षिण एशिया के जीका वायरस प्रभावित देशों में काम कर रहे थे। ये मजदूर शायद संक्रमित हो गए और अपने समुदायों के भीतर और बाहर बांग्लादेश में वायरस फैला दिया। आईसीडीडीआर ने सुझाव दिया कि अधिक निदान क्षमता विकसित की जानी चाहिए और राष्ट्रीय स्तर पर व्यवस्थित निगरानी से भविष्य में प्रकोप को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है।

जीका वायरस के पहले तीन मामले इंसानों में 1954 में नाइजीरिया में रिपोर्ट किए गए थे, अगले 50 साल की अवधि में केवल 12 इंसानों में संक्रमणों की छिटपुट रिपोर्टें सामने आईं। 2007 तक जीका वायरस ने अपना भयानक रूप नहीं दिखाया था, लेकिन उस साल पश्चिमी प्रशांत महासागर में फिलीपींस और पापुआ न्यू गिनी के बीच स्थित छोटे से याप द्वीप पर तीन-चौथाई आबादी में संक्रमण देखा गया था, इसके बाद 2013 में फ्रेंच पोलिनेशिया में इसका बड़ा प्रकोप हुआ। यह वायरस 2014 तक अफ्रीका और एशिया में एक संकीर्ण भूमध्यरेखीय पट्टी तक ही सीमित रहा, लेकिन फिर यह पूर्व की ओर फैलने लगा, पहले ओशिनिया और फिर दक्षिण अमेरिका तक पहुंच गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, जीका वायरस मुख्य रूप से एडीज प्रजाति के संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है। एडीज मच्छर आमतौर पर दिन के समय काटते हैं।

# डॉक्टरों ने अदियाला जेल पहुंचकर इमरान खान की स्वास्थ्य जांच

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में डॉक्टरों की टीम ने अदियाला जेल पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की स्वास्थ्य जांच की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह कार्रवाई मीडिया में पूर्व पीएम के स्वास्थ्य जुड़ी जानकारी सामने आने के बाद की गई। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान अगस्त 2023 से इस्लामाबाद के अदियाला जेल में बंद हैं। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) ने उनके स्वास्थ्य के बारे में चिंता व्यक्त की थी।

पाकिस्तानी समाचार पत्र डॉन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि पाकिस्तान इंस्टीच्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (पीआईएमएस) की एक टीम ने सोमवार को अदियाला जेल पहुंचकर इमरान की स्वास्थ्य जांच की। चार सदस्यीय डॉक्टरों की टीम का नेतृत्व ईएनटी विशेषज्ञ डॉ अल्ताफ हुसैन ने किया। टीम में अस्तपाल के डेंटल डिपार्टमेंट के डॉ उमर फारुक, जनरल मेडिसिन विभाग के डॉ मुहम्मद अली आरिफ और सर्जरी विभाग के डॉ तशफीन इम्तियाज शामिल थे। स्वास्थ्य जांच आधे घंटे तक चली।

हाल ही में, पीटीआई के सूचना सचिव शेख वक्कास अकरम दावा किया था कि इमरान खान जेल में एकांत में रखा गया है। एक अन्य पीटीआई नेता ने



दावा किया था कि इमरान उनकी बहन और अन्य रिश्तेदारों से भी नहीं मिलने दिया जा रहा है। इस दौरान पीटीआई नेताओं ने इमरान सेहत पर भी चिंता जाहिर की थी। डॉक्टर की जांच रिपोर्ट के बारे में फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई जानकारी साझा नहीं की गई है। डॉन के अनुसार, इस्लामाबाद में इस बात की अटकलें लगाई जा रही हैं कि इमरान को किसी दूसरे स्थान पर भेजा जा सकता है। हालांकि, इन दावों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। पिछले महीने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने कहा था कि खान को जल्द ही कहीं और शिफ्ट किया जा सकता है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर सरकार की ओर से ऐसी किसी योजना की जानकारी नहीं दी गई है।

# द. कोरिया में बढ़ती अमेरिकी सैन्य गतिविधि पर भड़कीं किम की बहन, कहा- हमें अपनी रक्षा करना आता है

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने मंगलवार को अमेरिका की तरफ से दक्षिण कोरिया में एक अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती और अन्य अमेरिकी सैन्य गतिविधियों के जवाब में बड़े पैमाने पर उकसावे की धमकी दी है। किम यो जोंग ने इसे अमेरिका और उसके दासों की संघर्ष की मानसिकता करार दिया और चेतावनी दी कि उत्तर कोरिया अपनी सुरक्षा को खतरे में डालने वाली कार्रवाईयों को बढ़ा सकता है।

**उत्तर कोरिया बढ़ा सकता है मिसाइल परीक्षण गतिविधि :** किम यो जोंग ने कहा कि अमेरिका ने यूएसएस कार्ल विंसन और अन्य अमेरिकी सैन्य संपत्तियों को तैनात कर के स्पष्ट रूप से उत्तर कोरिया के खिलाफ अपनी सबसे शत्रुतापूर्ण और संघर्षात्मक मंशा दिखाई है। उनका यह बयान इस बात को संकेत देता है कि उत्तर कोरिया अपनी मिसाइल परीक्षण गतिविधियों को बढ़ा सकता है, जिनमें इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलें शामिल हो सकती हैं, जो अमेरिका के मुख्य भूमि या क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों को लक्ष्य बना सकती हैं।

**दक्षिण कोरिया पहुंचा यूएसएस कार्ल विंसन :** इससे पहले, रविवार को यूएसएस कार्ल विंसन और उसका स्ट्राइक समूह दक्षिण कोरिया पहुंचे थे। यह तैनाती उत्तर कोरिया की तरफ से किए गए मिसाइल परीक्षणों के जवाब में अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सैन्य साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई थी।



**दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्रालय ने बयान पर किया पलटवार :** वहीं दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने किम यो जोंग के बयान को तर्कहीन बताया और कहा कि यह उत्तर कोरिया के परमाणु विकास और भविष्य के उकसावों को सही ठहराने की कोशिश है। उत्तर कोरिया अमेरिकी सैन्य तैनाती को अपनी सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा मानता है और अक्सर इसका जवाब मिसाइल परीक्षणों से देता है। जबकि, विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन फिलहाल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फिर से कूटनीति शुरू करने के लिए तैयार नहीं हैं, क्योंकि वह वर्तमान में रूस के युद्ध में समर्थन दे रहे हैं।

## होली से पहले बिहार में 12 अवैध देशी शराब की भट्ठियों को खत्म किया

पटना (एजेंसी)। बिहार में शराबबंदी के बावजूद होली पर अवैध शराब कारोबारियों की सक्रियता को देखकर पटना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने सोन नदी के तटीय क्षेत्र में छापेमारी कर करीब 12 अवैध देशी शराब की भट्ठियों को खत्म किया है। इस कार्रवाई में शराब बनाने के सभी उपकरणों को जब्त कर आग के हवाले कर दिया। साथ ही अर्ध निर्मित शराब को भी नष्ट किया गया। पुलिस की सूचना मिलते ही शराब माफिया सोन नदी के रास्ते फरार हो गए। पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि सोन नदी के इलाके में अवैध रूप से देशी शराब की भट्ठियां चल रही हैं। इस पर थाना प्रभारी ने तीन टीमें गठित कर छापेमारी की थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को कई शराब भट्ठियां चलते हुए मिलीं। इधर, पूरे मामले पर पुलिस अधिकारी ने बताया कि होली को लेकर अवैध शराब के खिलाफ अभियान चल रहा है। सोन नदी के किनारे पुलिस काफी कम पहुंच पाती है। इसकारण शराब माफिया अपना साम्राज्य कायम किए हुए थे। लेकिन, पुलिस लगातार अवैध देशी शराब के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। करीब हजारों लीटर अंग्रेजी शराब को नष्ट किया गया है। कई शराब के भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है।

## राहुल गांधी के मामले में कोर्ट में दाखिल हुआ वकालतनामा

बरेली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दायर वाद के मामले में उनके वकील प्रियांशु अग्रवाल और यासीर अब्बासी बुधवार को बरेली पहुंचे। लखनऊ से आए वकीलों ने कोर्ट में वकालतनामा दाखिल किया। राहुल गांधी का आधार कार्ड भी जमा किया गया है। स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए के विशेष लोक अभियोजक अचिन द्विवेदी ने बताया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वकीलों ने जवाब देने के लिए पांच सप्ताह का समय मांगा था। इस पर कोर्ट ने दो अप्रैल की तारीख दी है। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर बयान दिया गया था। हिंदूवादी संगठनों की ओर से इसका तीखा विरोध हुआ था। इसी मामले में अखिल भारतीय हिंदू महासभा के मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक की ओर से जून 2024 में निजी कोर्ट में अर्जी दी गई थी, जिसमें राहुल गांधी के बयान से भावनाएं आहत होने का आरोप लगाकर मुकदमा कायम करने की अपील की गई थी। उस वक्त अर्जी को खारिज कर दिया गया था। इस आदेश के संबंध में पंकज पाठक ने रिवीजन याचिका दाखिल की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इसकी निगरानी स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए में चल रही है। मामले में राहुल गांधी के खिलाफ कई समन जारी हो चुके हैं। विशेष लोक अभियोजक अचिन द्विवेदी ने बताया कि समन पर राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए। पिछली तारीख पर उनके वकील द्वारा यह दलील दी गई कि राहुल गांधी के खिलाफ जो समन भेजे गए हैं, वो तामील हो गए हैं। डाक से स्पीड पोस्ट की ट्रैकिंग रिपोर्ट दाखिल की गई थी। जिसके बाद बुधवार को राहुल गांधी के वकीलों ने वकालतनामा दाखिल किया है।

## बिहार, बंगाल और उत्तर प्रदेश की 14 नाबालिग लड़कियों को मुक्त करवाया

छपरा (एजेंसी)। बिहार के सारण में पुलिस के साथ एक एनजीओ ने विभिन्न जगहों पर ऑर्केस्ट्रा संचालकों के ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान 14 नाबालिग लड़कियों को मुक्त करवाया गया है। सभी लड़कियां बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश की रहने वाली हैं, जिन्हें एलबम में काम करने के नाम पर लाया गया था। इन लड़कियों को आर्केस्ट्रा में डांस कराया जाता था। मामले में एनजीओं ने संचालकों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर आवेदन दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रेस्क्यू की गई लड़कियों को सोशल मीडिया पर रील बनाने के दौरान एलबम में काम कराने के बहाने पटना बुलाया गया। फिर एक दो एलबम में डांसर के रूप में काम करवाया गया। फिर आर्केस्ट्रा में पैसे का लालच देकर डांस कराया जाने लगा। ये सभी गरीब परिवार से हैं। मजबूरी में इन्हें आर्केस्ट्रा में काम करना पड़ रहा था। एनजीओ संचालक ने बताया कि जिले के तीन थाना क्षेत्र से 14 लड़कियों को रेस्क्यू किया है, इसमें अधिकतर लड़कियां उत्तर प्रदेश और बंगाल की रहने वाली हैं। यहां काम कर रहीं नाबालिग लड़कियों के बारे में सूचना मिली थी।

## मिजोरम में बीयर बिक्री की इजाजत दे सकती है सरकार

आईजोल (एजेंसी)। मिजोरम राज्य में फल और चावल से बनी शराब और बीयर की बिक्री की अनुमति दी जा सकती है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। वहीं, सीएम ने साफ कहा कि मौजूदा शराबबंदी कानून को हटाने के बारे में वह नहीं सोच रहे हैं। मिजोरम की जोरम पीपल्स मूवमेंट (जेडपीएम) सरकार बुधवार को शराब और बीयर पर संशोधन बिल लाने जा रही है। विभागीय मंत्री लालनगिहलोवा हमार उस बिल पेश करेंगे, जिसमें राज्य के भीतर उत्पादन होने वाले चावल और फल से बनी शराब और बीयर की बिक्री, वितरण और निर्माण की अनुमति देने का प्रस्ताव है। यह केवल लाइसेंस धारकों के लिए होगा। साथ ही यह बिल राज्य में पारंपरिक मिजो शराब की बिक्री की भी इजाजत देगा। सीएम ने विधानसभा में 2025-26 के बजट को पेश करने के बाद पत्रकारों से कहा कि उनकी सरकार शराब की दुकानों को खोलने की इजाजत नहीं देगी, लेकिन राज्य में स्थानीय रूप से उत्पादित शराब और बीयर की बिक्री को नियंत्रित करेगी। उन्होंने कहा कि इस मामले पर चर्चों से परामर्श लिया गया है और उन्होंने इस फैसले पर अपनी सहमति दी है। सरकार ने मार्च 2024 में विधानसभा में यह जानकारी दी थी कि वह राज्य के शराब प्रतिबंध कानून की समीक्षा करेगी, जो राज्य में शराब की बिक्री और खपत को प्रतिबंधित करता है। कई क्षेत्रों से शराब प्रतिबंध को हटाने और शराब की दुकानों को खोलने की मांग उठ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ऐसी अपीलों पर विचार नहीं करेगी। बता दें कि 2019 में मिजोरम में शराब पर प्रतिबंध फिर से लागू किया गया था। इससे पहले भी राज्य में शराब प्रतिबंध थे। 1984 में मिजोरम निषेध अधिनियम, 1973 के तहत शराब की दुकानों को खोलने की अनुमति दी गई थी, लेकिन 1987 में उन्हें बंद कर दिया गया था।

# उद्धव ठाकरे ने अबू आजमी के स्थायी निलंबन की मांग की, अखिलेश यादव को भी दे डाली नसीहत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने औरंगजेब के संबंध में अपनी विवादास्पद टिप्पणी के लिए समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी की आलोचना की और राज्य विधानसभा से उनके स्थायी निलंबन की मांग की। उन्होंने कहा कि उन्हें स्थायी रूप से निलंबित किया जाना चाहिए। यह सिर्फ बजट सत्र के लिए नहीं होना चाहिए, निलंबन स्थायी होना चाहिए। इससे पहले दिन में, अबू आजमी को महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष ने निलंबित कर दिया था।

इस बीच, ठाकरे ने अपने निलंबन पर आपत्ति जताने वाले विधायक अबू आजमी का समर्थन करने के लिए यूपी के पूर्व सीएम और एसपी प्रमुख अखिलेश यादव की भी आलोचना की। उन्होंने अखिलेश यादव से कहा कि अगर वे चाहें तो आजमी को यूपी से चुनाव लड़वा दें, क्योंकि पूरे महाराष्ट्र ने उनके बयान पर आपत्ति जताई है। मीडिया से बात करते हुए, ठाकरे ने अखिलेश पर हमला किया और कहा, ÷अगर वह आपत्ति करना चाहते हैं तो उन्हें आपत्ति करने दें। पूरे महाराष्ट्र ने उनके खिलाफ आपत्ति जताई है। अगर वह चाहते हैं, तो उन्हें वहां (यूपी) से चुनाव लड़ना चाहिए। वह सच्चाई नहीं जानते हैं।÷

शिव सेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे ने कहा कि अगर कोई औरंगजेब की प्रशंसा करता है या छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान करता है, तो उस व्यक्ति के लिए भारत या महाराष्ट्र में कोई जगह नहीं है। अबू आजमी बीजेपी की बी टीम हैं। उन्होंने कहा कि जब भी बीजेपी महाराष्ट्र में मुसीबत में आती है, वे अबू आजमी को सक्रिय करते हैं। पिछले सत्र में यही हुआ था। महाराष्ट्र में बीजेपी मुसीबत में आ गई, इसलिए उन्होंने अबू आजमी को सक्रिय किया। गौरतलब है कि अखिलेश यादव ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए निलंबन पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने लिखा कि निलंबन का आधार यदि विचारधारा से प्रभावित होने लगेगा तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और परतंत्रता में क्या अंतर रह जाएगा। हमारे विधायक हों या सांसद उनकी बेखौफ दानिशमंदी बेमिसाल है। कुछ लोग अगर सोचते हैं कि 'निलंबन' से सच की जुबान पर कोई लगाम लगा सकता है तो फिर ये उनकी नकारात्मक सोच का बचपना है। आज़ाद ख़याल कहे आज का, नहीं चाहिए भाजपा!


### योगी ने अबू आजमी को बुलाया यूपी, मैं करता हूं उनका इलाज

मिुंबई। मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ करने के बाद महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी को पूरे बजट सत्र से सस्पेंड कर दिया गया है। महाराष्ट्र का बजट सत्र 3 को शुरू होकर 26 मार्च को खत्म होगा। महाराष्ट्र सरकार में संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटील ने सदन में एक प्रस्ताव पेश कर कहा कि आजमी ने जो टिप्पणी की, उससे सदन की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है, इसकारण उनकी सदस्यता को बजट सत्र के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव रखा गया था। प्रस्ताव को सदन में अध्यक्ष ने पारित कर दिया।

उधर यूपी बजट सत्र के आखिरी दिन सीएम योगी ने विधान परिषद में अबू आजमी के बयान का जिक्र किया। योगी ने कहा कि भारत की आस्था को रौंदने वाले का महिमामंडन करने वाले सदस्य को सपा से बाहर निकाल देना चाहिए। उन्हें (अबू आजमी) यहां बुलाइए। उत्तर प्रदेश इसतरह के लोगों का उपचार करने में देर नहीं करता।

## उमर के विधायक का जागा पाकिस्तान प्रेम, कश्मीर समस्या के हल के लिए बात करें

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता और खानयार से विधायक अली मोहम्मद सागर ने बीजेपी पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कश्मीर समस्या का हल निकालने के लिए पाकिस्तान को बातचीत में शामिल करना जरूरी है। विधानसभा में उपराज्यपाल के अभिभाषण पर विधायक सागर ने कहा कि बीजेपी खुद को देश का ठेकेदार समझ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों को कभी इख्वानी कहा जाता था, उन्हें अब बीजेपी की फौज बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छवि बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी असली पहचान तभी बनेगी जब वे सही फैसला लें। सागर ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जनता ने उमर और फारूक अब्दुल्ला के पक्ष में जनादेश दिया है। उन्होंने पूछा कि अगर चुनाव सही तरीके से हुए, तब यह भी माना जाना चाहिए कि वहां जीतकर कौन आया है। उन्होंने बीजेपी पर आरोप लगाया कि वह धर्म के नाम पर लोगों को धोखा दे रही है। उन्होंने कहा कि कश्मीर का हर बच्चा अब बीजेपी की राजनीति को समझ चुका है और उस पर हंस रहा है। वहीं सागर के बयान पर बीजेपी नेता सुनील शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान दुखद हैं।



## मोदी सरकार सहकार से शक्ति, सहयोग और समृद्धि : अमित शाह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने डेयरी क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी पर कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए यह संदेश दिया कि, ग्रामीण पलायन की समस्या का समाधान करने के साथ छोटे किसानों को समृद्ध बनाने के लिए डेयरी एक महत्त्वपूर्ण विकल्प है। डेयरी सेक्टर ने आज सर्कुलरिटी के संबंध में गुड प्रैक्टिसिस को 250 दूध उत्पादक संघों तक पहुँचाने की विजनरी शुरूआत की है। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि देश के साथ-साथ ग्रामीण विकास और भूमिहीन छोटे किसानों को समृद्ध बनाने में भारत का डेयरी क्षेत्र बहुत बड़ी भूमिका निभाता है। पोषण की चिंता, देश को दुनिया का नंबर एक दूध उत्पादक बनाने में योगदान देना और किसानों को अतिरिक्त आय प्रदान करने में डेयरी क्षेत्र अहम भूमिका निभाता है। कृषि, डेयरी, मत्स्यपालन, बुनाई, ऋण और व्यापार सहित कई प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ सहकारिता क्षेत्र को आजादी के बाद भी वर्षों तक उपेक्षा का शिकार बना कर रखा गया था, जबकि देश की आधी से ज्यादा आबादी किसी-न-किसी रूप में सहकारिता से जुड़ी हुई है। ऐसे में, सकारिता क्षेत्र को एक नया क्षितिज प्रदान करने के लिए मोदी सरकार ने जुलाई, 2021 में सहकारिता मंत्रालय के गठन का ऐतिहासिक निर्णय लिया था, जिसका कार्य भार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सौंपा गया। जहाँ मोदी जी ने स्वायत्त सहकारिता मंत्रालय का गठन करके सहकार से समृद्धि की संकल्पना को साकार करने का काम किया, वहीं जन कल्याण से जुड़ी नीतियों के लिए प्रसिद्ध भारतीय राजनीति के चाणक्य अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में सहकारिता की नींव को मजबूत बनाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं।

## तमिलनाडु में हिंदी भाषा को लेकर बीजेपी और कांग्रेस आमने-सामने

### स्थानीय पार्टियां भाषा या जाप-पात के नाम पर बनती हैं- अर्जुन सिंह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हिंदी भाषा को लेकर तमिलनाडु की सरकार ने केंद्र पर आरोप लगाया है कि वह नई शिक्षा नीति 2020 के तहत तीन भाषाओं के फॉर्मूले पर हिंदी भाषा जबरन थोप रही है। तमिलनाडु में भाषा विवाद पर बीजेपी और कांग्रेस नेता आमने-सामने आ गए हैं। तमिलनाडु में भाषा विवाद को लेकर बीजेपी नेता अर्जुन सिंह ने कहा कि इस देश में संविधान ने 22 भाषाओं को मान्यता दी है। निश्चित रूप हिंदी भाषा देश की भाषा है। इस देश का दुर्भाग्य है कि जितनी भी स्थानीय पार्टियां बनती हैं, वह या तो भाषा के नाम पर बनती हैं या जात-पात के नाम पर, लेकिन जब राजनीतिक शासन करने की बात आई तो लोगों ने कहीं धर्म के नाम पर, कहीं जाति के नाम पर या फिर भाषा के नाम पर लड़वाया जाता है। हमारे देश के जवान हैं, वह हर प्रांत से आते हैं और हर भाषा को बोलने वाले होते हैं, फिर भी एक साथ काम करते हैं।

तमिलनाडु में भाषा विवाद पर कांग्रेस नेता उदित राज ने कहा कि बीजेपी कुछ भी कर सकती है। वे हिंदी थोप सकते हैं, धर्म थोप सकते हैं। भाषा की लड़ाई पहले भी होती रही है। उन्होंने कहा कि पहले यह तय किया गया था कि तीन भाषा का फॉर्मूला रहेगा। अंग्रेजी, मातृ भाषा और हिंदी। जिस तरह से बीजेपी हिंदी भाषा को थोपकर जनाधार खड़ा करना चाहती है, वह सही नहीं है, आप उन पर हिंदी नहीं थोप सकते हैं।

बता दें कि तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने कहा था कि केंद्र सरकार स्कूली छात्रों के लिए धन मुहैया कराने के लिए त्रिभाषा नीति लागू कर रही है, लेकिन तमिलनाडु ने अपनी सफलता के लिए दो-भाषा नीति को अपनाया है। सीएम ने कहा कि तमिलनाडु ने अपनी मातृभाषा तमिल के साथ-साथ अंग्रेजी को तरजीह दी है, हिंदी की बजाय अंग्रेजी को अपनाकर राज्य ने दुनिया से संवाद स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु ने



हिंदी को थोपे जाने के खिलाफ आवाज उठाई है और अब उत्तरी राज्यों से भी इसे समर्थन मिल रहा है।

## मणिशंकर अय्यर के बयान पर सफाई में उतरी कांग्रेस, हरीश रावत ने बताया फ्रस्टेटेड व्यक्ति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की टिप्पणी ने बुधवार को एक नया विवाद खड़ा कर दिया, जब उन्होंने पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी को पहले कैम्ब्रिज में और फिर इंपीरियल कॉलेज में दो बार शिक्षाविदों में असफल बताया। अपनी ही पार्टी के प्रधान मंत्री की आलोचना करने वाले अय्यर की टिप्पणी ने सत्तारूढ़ भाजपा को सबसे पुरानी पार्टी पर हमले को तेज करने के लिए नया हथियार दे दिया है। हालांकि, अब कांग्रेस मणिशंकर अय्यर के इस बयान के बाद सफाई में आ गई है और भाजपा पर निशाना भी साध रही है।

कांग्रेस सांसद कुँवर दानिश अली ने कहा कि राजीव गांधी को देश में आईटी क्रांति और आधुनिकीकरण लाने के लिए याद किया जाता है। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था की शुरुआत भी की थी। कांग्रेस नेता हरीश रावत ने कहा कि मैं किसी ऐसे व्यक्ति पर टिप्पणी नहीं करना चाहता जो फ्रस्टेटेड व्यक्ति है। उन्होंने कहा कि मैं राजीव गांधी को जानता था, जिन्होंने देश को आधुनिक दृष्टिकोण दिया।




उन्होंने अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के लिए भी ठोस कदम उठाये। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पार्टी (कांग्रेस) का एक वर्ग उनके साथ खड़ा नहीं हुआ, वरना देश का इतिहास कुछ और होता। नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनके भाषण आज भी नेताओं का मार्गदर्शन करते हैं।

कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा कि अमित मालवीय को चीजों को संपादित करने की आदत है। इसमें कितना सही है और कितना गलत ये तो मणिशंकर ही बता सकते हैं। लेकिन सवाल यह नहीं है कि राजीव गांधी पास हुए या फेल। प्रधानमंत्री के रूप में राजीव गांधी कैसे थे? प्रधानमंत्री बनने के बाद राजीव गांधी ने किस तरह के काम किये? अगर आपको राजीव गांधी का विश्लेषण करना है तो आपको उनके काम का विश्लेषण करना होगा।

उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि बीजेपी वाले पीएम की डिग्री दिखाने को भी तैयार नहीं हैं। पीएम खुद कहते हैं कि वह चाय बेचते थे और मैट्रिक पास कर चुके हैं, लेकिन हम उन्हें उनकी शिक्षा के कारण नहीं देखते हैं। हम उन्हें पीएम के तौर पर उनके काम की वजह से देखते हैं।' उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री कभी कैम्ब्रिज नहीं गए लेकिन वह एक सक्षम प्रधान मंत्री थे। इसलिए राजीव गांधी एक सक्षम प्रधानमंत्री थे। उन्होंने देश को बहुत कुछ दिया है।

# एफआईआर में जाति का जिक्र क्यों? हाईकोर्ट ने यूपी डीजीपी से मांगा जवाब

**प्रयागराज (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यूपी के डीजीपी से सवाल पूछा है। कोर्ट ने कहा है कि वे बताएं कि आखिर एफआईआर में जाति लिखने की क्या जरूरत है और इससे क्या फायदा होता है। जस्टिस विनोद दिवाकर ने संस्थागत पूर्वाग्रह और कुछ समुदाय के साथ सौतेले बर्ताव के खतरे को लेकर भी चिंता जताई। कोर्ट ने डीजीपी को आदेश दिया कि वह पर्सनल एफिडेविट दाखिल करें। अगली तारीख पर वह बताएं कि आखिर किसी मामले की एफआईआर में संदिग्धों की जाति लिखने की क्या जरूरत है। एक ऐसे समाज में ऐसा क्यों जरूरी है, जहां जाति एक संवेदनशील मसला है और उसके नाम पर समाज में विभाजन की स्थिति पैदा हो सकती है।




जज ने कहा कि संविधान इस बात की गारंटी देता है कि देश में जातिगत भेदभाव खत्म हो। सभी के लिए समानता और गरिमा के साथ बर्ताव किया जाएगा। पक्षपात के साथ न्याय की परिभाषा पूरी नहीं होती है। न्याय सभी के लिए एक समान और एक जैसे तरीके से होना चाहिए। जस्टिस दिवाकर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं में जाति और धर्म के उल्लेख करने पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि था कि याचिका में जाति या धर्म लिखने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होता। इसकी बजाय भेदभाव को ही बढ़ा देता है। दरअसल यह मामला 2023 में दायर एक केस को लेकर सुनवाई का है। इटावा पुलिस ने 2013 में आईपीसी और एक्साइज ऐक्ट के तहत एक केस दर्ज किया था। इस मामले में आरोपी बनाए गए शख्स को लेकर पुलिस का दावा था कि वह एक अन्य शख्स के साथ कार में सवार था। जांच के दौरान गाड़ी से व्हिस्की की 106 बोतलें पाई गईं। इन बोतलों पर लिखा था- केवल हरियाणा में बिक्री के लिए। उससे पूछताछ के बाद एक और कार को पकड़ा, जिससे 237 बोतलें बरामद हुई थीं। इस मामले में पुलिस का दावा था कि आरोपी गैंग लीडर है, जो हरियाणा से शराब लाता है और उसकी बिहार में बिक्री होती है। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि हरियाणा से सस्ती शराब लाकर बिहार में ऊंचे दामों पर बेची जाए, जहां शराब पर बैन है। इस काम से वे मोटा मुनाफा कमा रहे थे।

ऐसा करने के लिए आरोपियों की ओर से अलग-अलग गाड़ियों का इस्तेमाल किया जाता था। कई बार एक ही गाड़ी को नंबर प्लेट बदलकर इस्तेमाल किया जाता था। इस मामले की एफआईआर पढ़ने के बाद कोर्ट ने पाया कि सभी आरोपियों की जाति का भी जिक्र किया गया है। इसको अदालत ने आपत्तिजनक माना और डीजीपी से जवाब मांगा है।

## केजरीवाल के वीआईपी कल्चर पर स्वाति मालीवाल का तंज, ट्रंप से बड़ा काफिला लेकर चल रहे

### -भाजपा का आरोप, विपासना के नाम पर ढोंग और नौंटकी कर रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार के करीब एक माह बाद पूर्व सीएम और आप पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल विपश्यना के लिए पंजाब पहुंचे हैं। वे अपनी पत्नी सुनीता के साथ आनंदगढ़ में 10 दिवसीय विपश्यना सत्र में शामिल होकर ध्यान लगाएंगे। इस बीच केजरीवाल के काफिले का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है.

दरअसल केजरीवाल कभी नेताओं के वीआईपी कल्चर का विरोध करते थे, लेकिन जब वे पंजाब पहुंचे, तब उनकी गाड़ियों का लंबा काफिला दिखाई दिया। पूर्व सीएम के काफिले का वीडियो वायरल होने पर आप की बागी और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल पर तंज कसा है।



स्वाति ने काफिले का वीडियो शेयर कर लिखा कि केजरीवाल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बड़ा सुरक्षा घेरा लेकर घूम रहे हैं। राज्यसभा सांसद स्वाती ने लिखा, जिस पंजाब की जनता ने इतना प्यार दिया उससे इतना डर लगता है केजरीवाल को? सारी दुनिया को वीआईपी कल्चर पर टोकने वाले केजरीवाल जी आज खुद ट्रंप से बड़ा सुरक्षा घेरा लेकर घूम रहे हैं।

वहीं बीजेपी भी केजरीवाल के काफिले को लेकर आम आदमी पार्टी को घेर रही है। बीजेपी नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, ऐसी विपासना का क्या फायदा जहां सादगी और आत्मचिंतन की जगह 50 गाड़ियों के काफिले में अहंकार और दिखावा हो? केजरीवाल की ये नकली सादगी एक और नौटंकी है, जो व्यक्ति भ्रष्टाचार और अहंकार में डूबा हो, वहां विपासना के असली अर्थ को क्या समझेगा? जनता सब देख रही है!

वहीं आम आदमी पार्टी की ओर से बताया गया कि केंद्र की बीजेपी सरकार ने केजरीवाल को सुरक्षा दी है। कांग्रेस और बीजेपी वाले मिले हुए हैं। केजरीवाल पंजाब से राज्यसभा नहीं जा रहे हैं और न ही पंजाब के मुख्यमंत्री बनने वाले हैं।

# बैंक से लोन लेने में महिलाएं भी पुरुषों से पीछे नहीं, हर साल बढ़ रही दर

### -रिपोर्ट से हुआ खुलासा, 38 फीसदी ने सोना गिरवी रखकर लिया पर्सनल लोन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोन लेने के मामले में अब महिलाएं भी पीछे नहीं हैं। वे बैंकों से पैसा उठा रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में लोन लेने वाली महिलाओं की संख्या पिछले पांच सालों में 22 फीसदी सालाना दर से बढ़ी है। महिलाओं ने 42 फीसदी पर्सनल लोन अपने उपभोग से जुड़ी वस्तुओं और घर खरीदने के लिए लिया है। बैंक से लोन लेने वाली महिलाएं मुख्य रूप से सेमी-अर्बन और रूरल इलाकों से आती हैं। ये भी पता चला है कि महिलाओं में अपने क्रेडिट स्कोर को लेकर भी जागरूकता बढ़ी है। क्रेडिट स्कोर चेक करने वाली युवा लड़कियों की दर सालाना करीब 56 फीसदी से बढ़ रही है।

सोमवार को प्रकाशित हुई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि महज तीन फीसदी महिलाओं ने बिजनेस के लिए लोन लिया है। पर्सनल लोन, कंज्यूमर लोन, होम लोन का हिस्?सा 42 फीसदी था। गोल्?ड लोन सबसे ज्?यादा लिया गया। 38 फीसदी महिलाओं ने सोना गिरवी रखकर लोन लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 से कारोबार के इरादे से खोले गए लोन अकाउंट की संख्या में 4.6 गुना बढ़ोतरी हुई है लेकिन ये लोन 2024 में महिलाओं द्वारा लिए गए कुल लोन का सिर्फ तीन फीसदी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में ज्यादातर महिलाएं लोन लेना चाह रही हैं और सक्रिय रूप से अपने क्रेडिट स्कोर की निगरानी भी कर रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिला उधारकर्ताओं में से 60 फीसदी कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों से थीं। उत्तर और मध्य भारत के राज्यों में इस दौरान महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा लोन लिया है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि बैंक और फाइनेंशियल कंपनियों के पास महिलाओं को लोन देने का मौका है। महिलाएं लोन लेकर अपनी फाइनेंशियल पावर बढ़ाना चाहती हैं।

